सूर्योदय : 6:53
सूर्यास्त : 5:21
अधिकतम तापमान : 23.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-190 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 01 जनवरी 2025
29 जमादिउस्सानी 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com


अवधनामा के सभी सुधी पाठकों एवं विज्ञापन दाताओं व प्रतिनिधियों को नये वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

सम्पादक

# महाकुंभ से पहले अतिक्रमण मुक्त हो प्रयागराज
## अभियान चलाकर करें कार्रवाई : मुख्यमंत्री

- सीएम योगी ने संगम नोज घाट पर की आरती
- बायो सीएनजी प्लांट का किया निरीक्षण




**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में प्रत्येक तीर्थयात्री और पर्यटक की सुरक्षा और सुविधा को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताया है। उन्होंने कहा है कि महाकुंभ में कोई भारतीय हो या विदेशी, प्रवासी भारतीय हो या प्रयागराजवासी, बिना भेदभाव सबकी सुरक्षा-सबकी सुविधा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। स्वच्छ और सुव्यवस्थित महाकुम्भ की परिकल्पना के साथ नैनी में प्रदेश का पहला एमएसडब्ल्यू बायो सीएनजी प्लांट क्रियाशील होने को तैयार है।

मंगलवार को महाकुम्भ की तैयारियों को परखने प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बायो सीएनजी प्लांट का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभके दौरान आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, अग्निशमन, घाट सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा तंत्र को और पुख्ता किया जाना आवश्यक है। सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसियों को 24 7 एक्टिव रहना होगा। इंटेलिजेंस को और मजबूत करने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के दौरान एंटी ड्रोन सिस्टम के प्रभावी इस्तेमाल के निर्देश भी दिए हैं। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने महाकुंभ की थीम पर चल रहीं फर्जी वेवसाइट और एप के चिन्हांकन और कार्रवाई के साथ साथ आमजन को इस बारे में जागरूक करने की जरूरत बताई है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कतिपय अराजक संगठनों/व्यक्तियों द्वारा महाकुंभ के नाम पर फर्जीवाड़ा कर वसूली करने का दुस्साहस किया जा रहा है, पुलिस द्वारा ऐसे लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने किले के समीप तैयार हो रहे वीआईपी घाट का भी निरीक्षण किया और यहीं से त्रिवेणी संगम पहुंचकर संगम-पूजन भी किया और फिर बड़े हनुमान जी का दर्शन भी किया। महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा करने प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी विभागों से उनके कार्यों की प्रगति का विवरण लिया।






























## समाज के दूसरे सदस्यों से बात करना पति के प्रति क्रूरता नहीं : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विवाह विच्छेद से जुड़े एक मामले में स्वेच्छाचारी पत्नी द्वारा अकेले यात्रा करने और समाज के दूसरे सदस्यों से बात करने के आधार पर तलाक मांगने वाले पति की अपील पर सुनवाई करते हुए कहा कि पत्नी का कार्य, चाहे वह किसी अवैध या अनैतिक संबंध के बिना अकेले यात्रा कर रही हो या नागरिक समाज के अन्य सदस्यों से मिल रही हो, क्रूरतापूर्ण कार्य नहीं कहा जा सकता है। इसके अलावा कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान मामले में गत 23 वर्षों से अलग रह रही पत्नी ने न केवल अपीलकर्ता के साथ सहवास से इनकार कर दिया है, बल्कि उसने अपने वैवाहिक अधिकारों की बहाली के लिए भी कभी कोई प्रयास नहीं किया है। अतः न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने महेंद्र प्रसाद की प्रथम अपील स्वीकार कर परिवार न्यायालय, गाजीपुर के आक्षेपित निर्णय और आदेश को रद्द कर दिया, तथा पक्षों के बीच विवाह को विघटित कर दिया। मामले के अनुसार पक्षकारों का विवाह फरवरी 1990 में हुआ और दिसंबर 1995 में दोनों को एक बेटा हुआ। पत्नी के अनुसार दंपति आखिरी बार दिसंबर 2001 में एक साथ थे। पति का स्पष्ट आरोप था कि उसकी पत्नी किसी दूसरे व्यक्ति के साथ व्यभिचारी संबंध में थी और वह एक स्वतंत्र व्यक्ति होने के नाते बाजार और अन्य स्थानों पर अकेले जाती थी।





























# सीडीओ ने ली अफसरों की बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को ÷मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान÷ के क्रियान्वयन के लिए विकास भवन के विवेकानंद सभागार में सीडीओ अभिषेक कुमार ने अधिकारियों की बैठक लेकर संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने उपायुक्त (उद्योग) उज्जवल सिंह को निर्देशित दिए कि ई-डिस्टिक मैनेजर से समन्वय करते हुए सभी सीएचसी संचालकों (वीएलई) को योजना में आवेदन करने के लिए प्रशिक्षण दिलाए। कैरियर काउंसलिंग के दौरान सभी प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षकों को योजना की जानकारी दी जाए। आईटीआई प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि सभी प्रशिक्षुओं को प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी देकर लाभान्वित कराए।सीडीओ ने जिले में विभिन्न सेक्टर्स में कौशल विकास का प्रशिक्षण के जरिए स्वरोजगार से जोड़ने वाली संस्थाओं की प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को इस




योजना की न केवल जानकारी दें बल्कि इस योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित करें, ताकि उनका भविष्य खुशहाल और समृद्ध बन सकें।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि अधिक से अधिक रोजगार एवं निवेश के वातावरण के सृजन हेतु प्रदेश सरकार द्वारा मिशन मोड में हर कदम उद्यमिता की ओर, हर युवा आत्मनिर्भरता की ओर की थीम पर आगामी 10 वर्षों की समयावधि में कुल 10 लाख नई सुक्ष्म इकाइयां स्थापित किये जाने हेतु ÷मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की जा रही।बैठक में उपायुक्त उद्योग उज्जवल सिंह ने योजना की मुख्य बाते की जानकारी देते हुए कहा कि कौशल प्रशिक्षण प्राप्त 21-40 वर्ष के युवाओं को उत्पाद/सेवा सम्बन्धी उद्यम स्थापित कराकर स्वरोजगार से जोड़ना और प्रतिवर्ष 01 लाख युवाओं को स्वरोजगार, 10 वर्षों में 10 लाख स्वरोजगार के अवसर सृजित करना।योजना के प्रथम चरण में रू. 5.00 लाख तक की परियोजनाओं हेतु 04 वर्षो तक 100 प्रतिशत ब्याज मुक्त कोलेटरल गांरटी मुक्त ऋृण। सामान्य वर्ग के लाभार्थी को परियोजना लागत का 15 प्रतिशत, ओ0बी0सी0 को 12.5 प्रतिशत, एससी/एसटी/दिव्यांग को 10 प्रतिशत स्वंय का अंशदान जमा करना होगा। परियोजना लागत पर 10 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान एवं 04 वर्षो तक सीजीटीएमएसई प्रतिपूर्ति।परियोजना लागत में भूमि-भवन सम्मिलित नहीं होगा तथा कुल परियोजना लागत का न्यूनतम 10 प्रतिशत टर्म लोन के रूप में होना अनिवार्य होगा।योजना के द्वितीय चरण में प्रथम चरण में लिये गये मूलधन/पेनल इंटरेस्ट की पूर्ण वापसी करने वाला अभ्यर्थी पात्र होगा। रू.10 लाख तक परियोजना स्थापित की जा सकेंगी, परन्तु रू. 7.5 लाख तक के ऋृण पर 50 प्रतिशत ब्याज अनुदान 03 वर्षों तक दिया जायेगा। ऋृण में परियोजना लागत का न्यूनतम 10 प्रतिशत टर्म लोन होना अनिवार्य होगा तथा इसमें वर्कशॉप/वर्कशेड की लागत शामिल की जा सकेगी। सीजीटीएमएसई कवरेज 03 वर्षो तक।

## गन्ने के खेत में मिले जंगली बिल्ली के दो बच्चे

**लखीमपुर-खीरी।** दुधवा टाइगर रिजर्व बफरजोन के मैलानी रेंज जंगल से सटे गन्ने के खेत में जंगली बिल्ली के दो बच्चे मिले हैं। वन विभाग इनकी निगरानी कर रहा है। जटपुरा बीट जंगल से सटे हरदुआ गांव में मंगलवार सुबह मजदूर संजय के खेत में गन्ना फसल की छिलाई कर रहे थे। इस दौरान उन्हें खेत के अंदर जंगली बिल्ली के बच्चे दिखे मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सक और वन विभाग की टीम ने इन्हें देखकर बताया कि यह जंगली बिल्ली के बच्चे हैं। टीम ने खेत में जहां पर बिल्ली मिले हैं, उतने हिस्से में गन्ना छिलाई रोककर उनकी लगातार निगरानी कर रही है। ग्रामीणों को हिदायत दी गई है कि वे इन बच्चों से न छेड़छाड़ करें, न ही नजदीक जाएं। ऐसा करने पर जंगली बिल्ली आक्रामक हो सकती है। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि स्मॉल कैट, जंगल कैट दुर्लभ प्रजाति के प्राणी हैं। इनकी संख्या तेजी से घट रही है। इनको लुप्तप्राय प्राणी के रूप में शेड्यूल वन में रखा गया है। इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए तेजी से उपाय करने की जरूरत है।

# 30 स्कूलों में बनेंगे रूफटॉप इनडोर गेमिंग जोन, खीरीवासियों को मिलेगी गोला कॉरिडोर की सुविधा



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** नया साल वर्ष 2025 लखीमपुर खीरी के लिए नया सवेरा, नई उम्मीद की किरण और नई सौगात लेकर आया है। डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल ने नव वर्ष पर खीरी को एक हजार परिषदीय विद्यालयों को अपना खेल मैदान, हवाई पट्टी का विस्तार कर विकास को उड़ान देने, गोला कॉरिडोर को जमीन पर साकार करने, लखीमपुर डिपो को नया ठिकाना और मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण को पूरा करने का संकल्प लिया है। जिलाधिकारी के इन पांच संकल्पों से खीरी को वर्ष 2025 पर नयी पहचान मिलेगी। वहीं डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल ने ईश्वर से खीरीवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, समृद्धि और शांति प्रिय जीवन की मंगलकामना की।

नव वर्ष पर मैंने खीरी को पांच नई सौगात देने का संकल्प लिया है। इससे जहां लखीमपुर खीरी को नयी पहचान मिलेगी, वहीं युवाओं के सपनों को खेल के जरिये नया प्लेटफॉर्म मिलेगा। वह आगे चलकर नेशनल और इंटरनेशल खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपना सुनहरा भविष्य बनाएंगे। नव वर्ष पर मैं ईश्वर से कामना करती हूं कि खीरी वासियों के सभी सपने पूरे हों। वह स्वस्थ्य, समृद्ध और शांति प्रिय जीवन व्यतीत करें, ऐसी मेरी ईश्वर से मंगलकामना है।

**दुर्गा शक्ति नागपाल, जिलाधिकारी, लखीमपुर खीरी**

## एक हजार परिषदीय विद्यालयों को मिलेगा अपना खेल मैदान

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अनूठी पहल मिशन मैदान (MaiDAN—Maintaining and Developing Arenas for NextGen) के तहत प्रथम चरण में जिले के 1000 परिषदीय विद्यालयों को अपना खेल मैदान (गेमिंग जोन) मिलेगा। वृहद स्तर पर स्थान उपलब्धता वाले 205 परिषदीय विद्यालयों में हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल बैडमिंटन के खेल मैदान विकसित किए जाएंगे। 765 विद्यालयों में खो-खो कबड्डी वालीबाल और बैडमिंटन के खेल मैदान विकसित होगे। वही खेल मैदान की अनुपलब्धता वाले 30 विद्यालय चिन्हित किए गए हैं, जहां रूफटॉप इनडोर गेमिंग जोन विकसित किए जाएंगे, इसमें कैरम, चेस, माइंड गेम, सिमेट्री गेम, टेबल टेनिस खेल गतिविधियां होंगी।

## अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को मिलेगा बढ़ावा

बताते चलें कि छात्रों के शारीरिक स्वास्थ्य और समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 1,000 स्कूलों में उच्च गुणवत्ता वाले आउटडोर खेल के मैदान बनाने की एक अभिनव परियोजना शुरू की है। परियोजना का उद्देश्य वॉलीबॉल, बैडमिंटन और कबड्डी जैसे खेलों के लिए सुरक्षित, टिकाऊ और स्पष्ट रूप से चिह्नित खेल क्षेत्रों का निर्माण करना है। साथ ही सीमित स्थान वाले स्कूलों के लिए रचनात्मक समाधान प्रदान करना है। ऐसे स्कूलों में मजबूत और आधुनिक ढांचे का उपयोग करते हुए, छत पर खेल के मैदान बनाए जा रहे हैं, जो सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जगह का अधिकतम उपयोग करते हैं। इस पहल में स्थानीय संसाधनों के उपयोग और मनरेगा टीमों की भागीदारी के माध्यम से सामुदायिक सहयोग, स्थिरता और विस्तार की संभावनाओं को भी सुनिश्चित किया गया है। ये खेल के मैदान छात्रों में टीमवर्क, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देंगे, जिससे उनके समग्र विकास और कल्याण में योगदान मिलेगा।

## गोला कॉरिडोर और मेडिकल कॉलेज का सपना होगा साकार

वर्ष 2025 में जनपद खीरी में जहां एक ओर शिव की पावन नगरी छोटी काशी में गोला कॉरिडोर का सपना जमीन पर साकार होगा। वही मेडिकल कॉलेज का भी भवन बनकर तैयार हो जाएगा, जो जिले की चिकित्सा शिक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## वर्ष 2025 में हवाई पट्टी का होगा विस्तारीकरण

प्रदेश की योगी सरकार के दिशा निर्देश पर जिले की पलिया तहसील के मुजहा गांव में बनी हवाई पट्टी के विस्तारीकरण का काम वर्ष-2025 में ज़मीन पर साकार होगा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बताती है कि कुल 265 हेक्टेयर भूमि हवाई पट्टी के विस्तारीकरण में शामिल की जानी है, जिसके सापेक्ष सरकारी भूखंडों का पुनग्रहण एवं श्रेणी परिवर्तन की कार्यवाहिया पूरी करने के साथ ही कुल 150 हेक्टेयर जमीन किसानों से क्रय की गई। शेष पर युद्धस्तर पर काम जारी है, जो वर्ष 2025 में पूरी कर ली जाएगी।

## वर्ष 2025 में मिलेगा लखीमपुर डिपो को मिलेगा नया ठिकाना

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बताती है कि वर्ष 2025 में लखीमपुर नगर वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग लखीमपुर रोडवेज बस स्टेशन की शिफ्टिंग का काम प्राथमिकता पर कराया जाएगा। इसके लिए उपयुक्त जमीन उपलब्ध कराकर वहां सभी सुविधाओं से सुसज्जित बस स्टेशन बनाने के काम कराया जाएगा। इसके बनने से लखीमपुर डिपो को अपनी बस मिलने के साथ साथ लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

## बेसिक स्कूलों में 14 जनवरी तक अवकाश

**लखीमपुर खीरी।** बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन सभी परिषदीय / मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश 14जनवरी तक निर्धारित किया गया ह। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि जनपद के समस्त परिषदीय व मान्यता प्राप्त स्कूलों के कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों में 14 जनवरी 2025 तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। सभी स्कूल इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें।

## सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों का संगोष्ठी कक्ष में आयोजित किया गया विदाई समारोह



**लखीमपुर-खीरी।** अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन संगोष्ठी कक्ष में आयोजित विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा माला व अंगवस्त्र पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर उनके आगामी सुखमय जीवन की शुभकामनाओं सहित विदा किया गया सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों व फालवर का विवरण उ0नि0 ना0 पु0 रामबाबूशर्मा उ0नि0 ना0 पु0 हृदयान्नद सिंह उ0नि0 ना0 पु0 जितेन्द्र कुमार सिंह प्रधान परिचालक राजेश कुमार तिवारी फालवर मुन्नालाल।

## डा.मनमोहन की आत्मिक शांति के लिए की सर्वधर्म प्रार्थना सभा

**■ कांग्रेसियों ने जनहित के कार्यो को याद कर पूर्व प्रधानमंत्री को किया नमन**

*अवधनामा संवाददाता*




**सहारनपुर।** जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह की आत्मिक शांति के लिए आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में धर्म गुरूओं ने धार्मिक पाठ कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

स्थानीय गुरूद्वारा रोड स्थित जिला कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में सभी धर्म गुरूओं की अगुवाई में सांसद इमरान मसूद, जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा, पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी मुजफ्फर अली, महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, कार्यक्रम संयोजक सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सैनी, सिंह सभा के पूर्व प्रधान सरदार हरचरण सिंह चड्ढा, सरदार रंजीव सिंह प्रेमी, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा आदि ने डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर नमन किया। इस दौरान सभी धर्म गुरुओं ने डॉ मनमोहन सिंह द्वारा जनहित में किए गए कार्यों को भी याद किया और उनकी पुण्य आत्मा की शांति हेतु अपने-अपने धर्मानुसार प्रार्थना की। प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए सांसद इमरान मसूद ने डॉ.मनमोहन सिंह ने वित्तमंत्री के कार्यकाल में भारतीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए जो शुरुआत की थी, उसे उन्होंने अपने 10 वर्षो के प्रधानमंत्री कार्यकाल में भी जारी रखते हुए आगे बढ़ाया।

उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह ने देश के प्रत्येक नागरिक के लिए मनरेगा, आधार कार्ड, भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार आदि योजनाओं को लागू करने का काम किया।

प्रार्थना सभा में सरदार वीर सिंह, सरदार गुरवंत सिंह, फादर सुनील उन्नी कृष्णन, पादरी धारा सिंह, फादर राकेश मैथ्यू, फादर राक्केल लुईस, मुफ्ती कासिम, पंडित परीक्षित शर्मा आदि धर्मगुरु अपने सहयोगियों के साथ प्रार्थना सभा में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश सचिव अशोक सैनी, राहत खलील, अभय सैनी, चौधरी मुजफ्फर अली, पूर्व प्रधान सरदार हरचरण सिंह चड्ढा, बॉबी मक्कड़, परविंदर कोहली, रंजीव सिंह प्रेमी, कुक्कू चड्ढा, हरविंदर सिंह कोहली, दलजीत सिंह बवेजा, गुरविंदर कालड़ा, बाबा प्रितपाल सिंह, गणेश दत्त शर्मा, मनीष त्यागी, नितिन शर्मा, हरिओम मिश्रा, नरेंद्र शर्मा, अक्षय चौधरी, धर्मपाल जोशी व धर्मवीर जैन, काज़ी शौकत हुसैन, गौरव वर्मा, संदीप वर्मा, अशोक शारदा, सैयद फाजिल अहमद, गौरव सैनी, गुलफाम अंसारी, इकराम खान, गुलशेर अल्वी, मुरसलीन मद्दा, अमरदीप जैन, आरिफ मंसूरी, अश्वनी मिंटा, मंजीत गोल्डी, मंजीत कोका आदि मौजूद रहे।

# नगरायुक्त ने रैन बसेरो और अलाव स्थलों का लिया जायजा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने कड़ाके की ठंड के बावजूद रात आठ बजे से दस बजे तक सड़कों पर घूम-घूमकर नगर निगम द्वारा महानगर में जलाये जा रहे अलावों का जायजा लिया और रैन बसेरों का भी निरीक्षण किया। अपर नगरायुक्त राजेश यादव व सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह भी इस दौरान साथ रहे। नगरायुक्त ने सभी निर्धारित अलाव स्थलों पर समय से लकड़ी पहुंचाकर अलाव जलवाने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त संजय चौहान ने रात करीब आठ बजे जनमंच परिसर स्थित स्थायी एवं अस्थायी रैन बसेरों का निरीक्षण किया। उन्होंने रैन बसेरों में आने वाले लोगों के आमद रजिस्टरों का निरीक्षण किया और आईडी आदि की जानकारी ली। उन्होंने रैन बसेरे में पेयजल, शौचालयों, बैड एवं रजाईयों आदि का निरीक्षण करते हुए रैन बसेरों में ठहरे लोगों से भी सुविधाओं के



सम्बंध में फीडबैक लिया। सभी लोगों ने निगम द्वारा की गयी व्यवस्थाओं की सराहना की। जनमंच के पीछे सुमन हाल में बनाये गए अस्थायी रैन बसेरे में जमीन पर लगाये गद्दों के स्थान पर प्लाई वाले फोल्डिंग बैड लगवाने के निर्देश दिए और उसमें ठहरने वाले लोगों की संख्या की क्षमता बढ़ाने पर भी जोर दिया।

इसके बाद नगरायुक्त ने कचहरी तिराहा, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, जिला अस्पताल, बेहट रोड सहित एक दर्जन से ज्यादा अलाव स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अलाव सूची से औचक दाबकी जुनारदार अलाव स्थल का चयन किया और दाबकी जुनारदार जा पहुंचे। वहां पानी की टंकी के निकट अलाव जलता देख उन्होंने संतोष व्यक्त किया। नगरायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अलाव ऐसे स्थानों पर जलाये जाएं जहां उनका सही उपयोग हो सके। उन्होंने शहर के प्रमुख 50 अलाव स्थलों पर 'सार्वजनिक अलाव नगर निगम' के फ्लेक्स लगाने और उन पर वहां डाली जाने वाली लकड़ी की मात्रा लिखने के भी निर्देश दिए।

नगरायुक्त द्वारा पूछे जाने पर उद्यान प्रभारी शिवराज सिंह ने बताया कि अलाव के लिए निगम द्वारा पेड़ों के कटान से एकत्रित लकड़ी के अलावा 12 सौ कुवंटल लकड़ी अभी तक खरीदी गयी है और लोगों को राहत पहुंचाने के लिए पूरे महानगर में 180 अलाव जलवाए जा रहे है। नगरायुक्त ने कहा कि यदि लकड़ी डालने वाली गाड़ी, लकड़ी और अन्य संसाधन की आवश्यकता हो तो वह बढ़ायी जाएं लेकिन अलाव स्थलों पर लकड़िया समय से पहुंचा कर अलाव जलवाये जाएं। उन्होंने कहा कि भीषण सर्दी में सार्वजनिक अलाव राह चलते लोगों के लिए एक बड़ा सहारा होते हैं।

## जीएसटी विभाग व्यापारियों के साथः धीरेन्द्र प्रताप

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जीएसटी के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 जीएसटी धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जीएसटी विभाग व्यापारियों के साथ है। किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा। जीएसटी के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 जीएसटी धीरेन्द्र प्रताप सिंह आज यहां रेलवे रोड स्थित व्यापार भवन पर सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल द्वारा आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यापारी को जीएसटी व अन्य कोई परेशानी है तो वह कार्यालय में आकर उनसे सीधे सम्पर्क कर सकता है, ताकि उसकी समस्या का प्राथमिकता के आधार पर निदान कराया जा सकें। व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व वरिष्ठ महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने कहा कि जीएसटी विभाग द्वारा वैट सम्बन्धी रिकवरी बिना नोटिस निकाली गयी हैं तथा अमीन द्वारा बिना नॉन पेमेंट नोटिस तामील कराये व्यापारी के खाते को अटैच कर रिकवरी निकाल ली जाती हैं, जबकि खाता अटैच करने से पूर्व व्यापारी को नॉन पेमेंट नोटिस तामील होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वैट की बहुत पुरानी रिफ्ंड निकाली गई हैं, जिस पर ब्याज की गणना बहुत अधिक हो रही है, बहुत से व्यापारियों के व्यापार बंद हो चुके हैं, उनके लिए वह राशि ब्याज सहित जमा करना कठिन हो रहा है। उन्होंने ब्याज माफी योजना लाकर ऐसे व्यापारियों को सहयोग प्रदान किए जाने की मांग की। इससे पूर्व जीएसटी के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 जीएसटी धीरेन्द्र प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महानगर महामंत्री सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। इस दौरान जीएसटी विभाग के डी.सी.प्रशासन ए.पी.सिंह, जे.सी. टैक्स आडिट के.के.राय, जे.सी. कार्यपालक अमित पाठक, अशोक छाबड़ा, दीपक खेड़ा, अनुभव शर्मा, कुबेर नरूला, विनीत चौहान, संजय, अनिल चोपड़ा आदि मौजूद रहे।

# बिल्डर और भाजपा नेता रमेश वर्मा की एक्सीडेंट में मौत, खड़े ट्रोला में पीछे से घुसी कार

*अवधनामा संवाददाता*

आगरा। 2024 जाते जाते कई लोगों के जीवन में दुख भरी यादें



छोड़ जा रहा है। सोमवार रात को आगरा के 57 वर्षीय बिल्डर और भाजपा नेता रमेश वर्मा की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई है। आगरा–दिल्ली हाइवे पर होडल के पास उनकी कार खड़े ट्रॉला में जा घुसी। रमेश वर्मा दिल्ली से आगरा कार से लौट रहे थे लेकिन होडल टोल प्लाजा के पास उनका एक्सीडेंट हो गया। रमेश वर्मा के भाई का दिल्ली के मैक्स अस्पताल में हार्ट का आपरेशन हुआ था। उनको देखने के लिए रमेश वर्मा कल कार से दिल्ली गए थे। रात आठ बजे वे मैक्स अस्साल से आगरा के लिए वापस निकले। कार वो खुद चला रहे थे। मौसम खराब होने के कारण वे यमुना एक्सप्रेस वे से न आकर हाइवे से वापस आ रहे थे। रात साढ़े नौ बजे हाइवे के होडल टोल प्लाजा को क्रॉस करने के बाद रमेश वर्मा की खड़े ट्रॉला में जा घुसी। हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मोबाइल से उनके परिजनों को सूचना दी जिसके बाद घर में कोहराम मच गया। जानकारी अनुसार रमेश वर्मा छात्र राजनीति से जुड़े थे और उन्होंने विद्यार्थी परिषद की ओर से आगरा कॉलेज छात्र संघ का चुनाव भी लड़ा था। इसके बाद उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा में महानगर महामंत्री बनाया गया। बाद में लघु प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष, आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष का पदभार भी संभाला। रमेश वर्मा बिल्डर भी थे। इनके आवास विकास कॉलोनी में कई प्रोजेक्ट किए।

## गड्ढे में गिरकर मरे युवको के आश्रितों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग

**सपाईयों का प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी से मिला**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मण्डल ने चिलकाना दुमझेड़ी मार्ग पर गड्ढे गिरने से हुयी दो युवकों की मौत के मामले में जिलाधिकारी मनीष बंसल से मुलाकात कर घटना की जांच कराकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने व मृतक आश्रितो को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की गई।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने जिलाधिकारी मनीष बंसल को बताया कि विगत् 20 दिसंबर को थाना चिलकाना नल्हेड़ा दुमझेड़ी मार्ग पर सड़क पर बने गड्ढे के कारण दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई थी। उन्होंने आरोप लगया कि इस घटना के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एवं ठेकेदार दोषी है। क्योंकि लोक निर्माण विभाग व ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण के लिए कोई भी संकेतक नहीं लगाया गया था और ना ही गड्ढे को ठीक कराया गया है जिस कारण यह दुर्घटना हुई है। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से घटना की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी अधिकारी व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने और मृतक आश्रितों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को घटना की जांच कराकर उचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान वरिष्ठ नेता कार्तिकेय राणा, नवाब अंसारी, अभिषेक टिंकू अरोड़ा, सपा के वरिष्ठ नेता अब्दुल गफूर फैसल सलमानी, चौधरी सलीम अख्तर, मोहसिन मलिक, मुस्तकीम राणा, मौहम्मद उमर जिंदासन, महताब अली, कैफ कुरैशी, काशिफ अली, जुमला सिंह, नदीम कुरैशी व अमीर आदि मौजूद रहे।

# आगरा में हाड़ कंपाने वाली ठंड का कहर, 12वीं तक के सभी स्कूल बंद

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा में सर्दी ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली है तो वही जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने ठंड अधिक होने के चलते यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड समेत अन्य बोर्ड के 12वीं कक्षा तक के विद्यालय बंद रखने के आदेश दिए हैं। दिसंबर के अंतिम दिन ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। वही मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। ठिठुरन और गलन का एहसास अभी और बढ़ेगा।

शुक्रवार रात तेज बारिश के बाद से अधिकतम तापमान गिरा और ठंड ने पूरे जिले को अपनी चपेट में ले लिया है। बादलों के कारण सूरज की तपिश गायब है, जिससे ठंड और बढ़ गई है। सोमवार सुबह अधिकतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि 29 दिसंबर को अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से चार डिग्री कम था। न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वही मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले एक-दो दिन तक घना कोहरा छा सकता है। हालांकि, मंगलवार सुबह शहर के अंदर हल्का कोहरा देखा गया, लेकिन ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी। उधर यमुना किनारे वाले क्षेत्रों में ठंड ज्यादा महसूस की जा रही है। इसके अलावा, दयालबाग, मदिया कटरा रोड, और ग्वालियर रोड पर भी ठंडक अधिक है। लोग कई लेयर गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आ रहे हैं। बाजारों में गर्म कपड़ों की मांग तेजी से बढ़ गई है। नए साल पर लोगों को ठंड से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतनी होगी। कड़ाके की सर्दी को देखते हुए जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड समेत अन्य बोर्ड के 12वीं कक्षा तक के सभी विद्यालयों में एक दिन का अवकाश घोषित किया है। जिलाधिकारी के आदेश के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से सूचना जारी कर दी गई है। साथ ही आदेश का सभी को सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। शीतलहर की वजह से 31 दिसंबर को माध्यमिक शिक्षा विभाग के सभी विद्यालय बंद रहेंगे। प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक विश्व प्रताप ने यूपी बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई विद्यालयों के प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को विशेष अवकाश घोषित करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग के सभी विद्यालयों में 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है।

# आरडीएसओ के तीन अधिकारी एवं सात कर्मचारी सेवानिवृत्त




**लखनऊ।** आरडीएसओ के 03 अधिकारी एवं 07 कर्मचारी दिसम्बर 2024 में सेवानिवृत्त हुए।

अमर नाथ दुबे/ प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, की अध्यक्षता में आरडीएसओ के सम्मेलन कक्ष में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु एक विशेष विदाई समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्रशासन द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी गयी। समारोह में सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रधान कार्यकारी निदेशक, कार्यकारी निदेशक, कार्मिक विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी एवं वित्त निदेशालय के अधिकारी तथा कर्मचारी भी उपस्थित थे।

















अवधनामा के सभी सुधि पाठकों को नये वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

























































# माँ कामाख्या नगर पंचायत बोर्ड की बैठक सम्पन्न: करोडों की विकास कार्यो के प्रस्ताव की मिली



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रुदौली विधानसभा के माँ कामाख्या धाम आदर्श नगर पंचायत में आयोजित बोर्ड बैठक में लगभग एक दर्जन बाइलॉज सर्वसम्मति से पारित किए गए और वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई।बैठक में भाजपा विधायक रामचंद्र यादव व नगर अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला ईओ निखलेश मिश्रा सहित 14 सभासदों ने भाग लिया। बैठक में आम सहमति से कई महत्वपूर्ण बाइलॉज पारित किए गए।जिनमें बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन पार्क जिसमे महापुरुषों की मूर्ति लगाई जायेंगी।पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर,महाराजा बिजली पासी,भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी सहित अन्य महापुरुषों की मूर्ति लगाई जाएंगी।मंदिर परिसर के पार्किंग की व्यवस्था,सैदपुर व सैमसी में मिनी स्टेडियम।मंदिर क्षेत्र में बेडिंग जोन जिससे दुकान पक्की बनेंगी।उसके बाद प्रसाद विक्रेताओं को आवंटित की जायेगी।मेला परिसर को अतिक्रमण मुक्त बनाना।वार्ड साइन बोर्ड।साथ ही माँ कामाख्या नगर पंचायत में सीमा प्रवेश द्वारा पर नवदुर्गा माता के नाम,इसके अलावा, नगर पंचायत के क्षेत्र में स्वच्छता, नाली सफाई, पर्यावरण संरक्षण, और विकास कार्यों के एक्शन प्लान पर भी चर्चा की गई।साथ ही करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की योजना पर चर्चा की गई।भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कामाख्या धाम की बोर्ड की बैठक के बहुत ही सार्थक प्रणाम रहे हैं।सभी सभासदो और इस आदर्श नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी सब ने मिलकर नगर अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला के नेतृत्व में नगर पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए स्थापित की है और प्रदेश सरकार के मुखिया योगी जी के निर्देशन में नई नगर पंचायत के विकास को लेकर के जो सरकार ने संवेदनशीलता दिखाई है उसमें नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा जी ने मुख्यमंत्री योजना में चार करोड रुपए की द्वितीय स्वीकृति जारी की है जिससे सड़कों का लाइटों का काम होगा वही एक विशेष योजना की भी स्वीकृत हुई है इसका नामकरण आज बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन के नाम से किया गया है।नगर पंचायत में मेधा मुनि आश्रम को भी बड़े स्वरूप में भव्यता दी जाएगी। जिसका कार्य चल रहा है।अयोध्या ही नही बल्कि पूरे प्रदेश में आदर्श नगर पंचायत माँ कामाख्या धाम को प्रथम स्थान लाने के लिए कार्य किया जा रहा है।

## पूर्व मंत्री पवन पांडेय के नेतृत्व में राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव का हुआ भव्य स्वागत

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मंत्री शिवपाल यादव ने मंगलवार को अयोध्या में कहा कि जैसे लोकसभा चुनाव में जनता ने भारतीय जनता पार्टी भा.ज.पा. को हराया था, ठीक वैसे ही मिल्कीपुर उपचुनाव में भी जनता भाजपा को हराएगी। शिवपाल यादव यहां समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष ललित यादव की मां के तेरहवीं संस्कार में शामिल होने के लिए पूरा बाजार मांड़ना गांव पहुंचे थे।इस दौरान, उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा में समाजवादी पार्टी के वोट काटे जा रहे हैं, और यह एक बेईमान सरकार है। शिवपाल यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा भगवान राम के नाम पर घटिया काम कर रही है, और यहां की जनता इस बार भी उन्हें उपचुनाव में हराएगी।प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी, तब कुंभ पर 600 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे, लेकिन भाजपा सरकार अफसरों से मिलकर कुंभ के बजट का आनंद ले रही हैवन नेशन, वन इलेक्शन के सवाल पर शिवपाल यादव ने कहा कि भाजपा हर चुनाव में हारेगी, इसलिए वह जनता को बहकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने भाजपा को बेईमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी प्रदेशों में सरकार अल्पमत में होगी, तो भाजपा का क्या होगा?बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि भाजपा से जनता परेशान है, यहां तक कि भाजपा के अंदर भी नाराजगी है। अगर जनता दुखी होगी, तो भाजपा सरकार जाएगी।इस मौके पर शिवपाल यादव का स्वागत पार्टी नेताओं द्वारा पंचशील होटल पर किया गया। स्वागत समारोह में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव और अन्य नेताओं ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया।उन्होंने कार्यकर्ताओं से मिल्कीपुर उपचुनाव की तैयारियों में जुट जाने का निर्देश भी दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम , जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव, अयोध्या विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव,महानगर उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, राकेश पांडे, महानगर सचिव जगन्नाथ यादव, अजय यादव, वीरेंद्र गौतम, ऋतुराज सिंह, प्रदीप यादव, वीरेंद्र कोरी, इश्तियाक खान महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जयसवाल, छात्र सभा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवांशु तिवारी, आभास कृष्ण यादव,निशा खान,समारोह में समाजवादी पार्टी के कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दबंगो ने ग्राम प्रधान के भाई पर किया प्राणघातक हमला

*अवधनामा संवाददाता*




**अयोध्या।** थाना गोसाईगंज क्षेत्र के ग्राम देवरा दाऊदपुर में सरकारी निर्माण कार्य को लेकर विवाद के बीच ग्राम प्रधान शशिप्रभा सिंह के भाई और प्रधान प्रतिनिधि शिवव्रत सिंह पर हमला करने का गम्भीर मामला सामने आया है। घटना में शिवव्रत सिंह को गंभीर चोटें आई हैं। घटना को लेकर ग्राम प्रधान शशिप्रभा सिंह व सैकड़ो ग्रामीणों ने पुलिस पर लापरवाही और विपक्षीगण को संरक्षण देने के आरोप लगाया है। विपक्षियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए ग्राम प्रधान सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुषों के साथ मंगलवार को एसएसपी राजकरन नैय्यर से मिली।एसएसपी से मुलाकात के दौरान ग्राम प्रधान शशिप्रभा सिंह ने बताया कि ग्रामसभा में अशोक सिंह के घर से प्रदीप सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य चल रहा था। प्रधान प्रतिनिधि शिवव्रत सिंह इस कार्य की देखरेख कर रहे थे। विपक्षी शशांक सिंह, प्रशांत सिंह, निशांत सिंह और राजेश सिंह ने पूर्व रंजिश के चलते इस निर्माण कार्य में बाधा डालने की साजिश रची और शिवव्रत सिंह मजदूरों को मजदूरी देकर घर लौट रहे थे, तभी विपक्षीगण ने एक राय होकर उन पर हमला कर मरणासन्न कर दिया। हमला इतना गंभीर था कि शिवव्रत सिंह लहूलुहान हो गए। घटना के बाद घायल शिवव्रत सिंह को लेकर परिजन और ग्रामीण गोसाईगंज थाने पहुंचे, लेकिन उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और न ही शिवव्रत सिंह की डॉक्टरी कराई गई। आरोप है कि विपक्षीगण के प्रभाव और राजनीतिक रसूख के चलते पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करने के बजाय दोनों पक्षों का सामान्य चालान कर दिया।

एसएसपी से मुलाकात कर ग्राम प्रधान शशिप्रभा सिंह ने न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने मांग की है कि विपक्षीगण के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके और ग्रामसभा में भयमुक्त माहौल बनाया जा सके।

# डीएम एसपी ने जेल का किया औचक निरीक्षण



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस बल के साथ जिला कारागार का किया गया औचक निरीक्षण। मंगलवार को जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जिला कारागार में संयुक्त रुप से पुलिस बल के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों, मेस, जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे, वीडियो कान्फ्रेंसिंग रूम आदि की सघन चेकिंग की गई। तदोपरांत कैदियों की समस्याओं/सुविधाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित से जानकारी ली गई तथा साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये तथा जिला कारागार निरीक्षण के दौरान बन्दियों से मिलने वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध मे जानकारी की गई। जिलाधिकारी बाराबंकी द्वारा निरीक्षण कर सुधारात्मक सुझाव व आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# पानी की टंकी से आम जनता को नहीं मिल रहा पानी मगर सिंचाई का लिया जा रहा कार्य

## रामनगर के सीहामऊ का है मामला, रास्ता भी खोदकर छोड़ा

*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर।** सीहमाऊ में पानी की टंकी का ट्रायल हो गया मगर उसे जनता के लिए चलाया नही गया। यह बात दीगर है कि ठेकेदार के लोग उसे चलाकर किसानो की गेंहू फ़सल सींच रहे और 100 रुपए घंटा वसूल कर रहे।

चूकि जल जीवन मिशन की टंकियों की मानीटरिंग ब्लॉक स्तर से नही होती है इसलिए गाँव गाँव बन रही टंकियों के ठेकेदार व उनके कारिंदे मनमाना कार्य कर रहे हैं। पाईप लाइन डालने के लिए सड़क उखाड़ दी जिसे बाद मे बनाया नहीं तो कंही अधूरा निर्माण छोड़ कर चले गए।जिले का जल निगम भी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा और घोर उदासीनता बरत रहा।इनका सत्यापन कार्य भी सही नही है ।सूत्र बताते हैं कि प्रधानों पर जिला स्तरीय अधिकारियो का दबाव डलवाकर



कई जगह हैंड ओवर भी करवा दिया गया है जब कि सड़कें सही नहीं हुई है। टंकी निर्माण से गाँवो में समस्याए बढ़ती जा रही है और बनी टंकिया तक नहीं चल रही। ब्लॉक रामनगर के सीहामऊ के ग्रामीणों ने बताया कि उनके यंहा टंकी बन चुकी है जिसका दो तीन बार ट्रायल भी हुआ। ट्रायल के दौरान जंहा पाईप लाइन फ़टी या लीकेज दिखी वंहा ठीक किया मगर टंकी अब तक जनता के लिए चालू नहीं की गई है।यह बात अलग है कि टंकी चलाकर गेंहू आदि की फ़सल सिचाई 100 रुपए घंटा ठेकेदार के लोग ले कर खुद कमा रहे हैं।वे लोग इसकी शिकायत कंहा करे क्यो कि तहसील स्तर पर कोई दफ्तर तक नही है।ब्लॉक वाले भी टंकियों के मामले में हाथ खड़े कर देते है। खुदी सड़क पर भरा कीचड - ग्रामीणों का यह भी कहना था कि टंकी के लिए जब पाइप लाइन पड़ रही थी तो राहुल मिश्रा के घर से लाल चंद के घर तक व स्कूल तक सड़क खोद कर पाईप डाले गए मगर बाद में उसे ठीक नही किया गया और अब सड़क बहुत खराब हो गई है।नालियों का पानी सड़क पर आकर भरा है जिस पर निकलना कठिन है।इसे सही नही कराया जा रहा।मुहल्ले के लोगो का अवागमन बंद है।

# इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस उ0प्र0 की बैठक अयोध्या में आयोजित

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सिविल लाइन स्थित गांधी पार्क में इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र कुमार दूबे ने की। बैठक में प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव और संरक्षक कुशल मिश्रा भी उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन की 2024 की आखिरी बैठक है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी और संगठन के विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि अब संगठन को तहसील स्तर पर फैलाया जाएगा, और इसके लिए जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। संरक्षक कुशल मिश्रा ने पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि सरकार की कई योजनाओं का लाभ पत्रकारों तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन को इस मामले में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए और अधिकारियों से मिलकर पत्रकारों को उनका हक दिलाना चाहिए।राजेंद्र कुमार दूबे ने कहा कि संगठन इन समस्याओं से ऊपर उठकर काम करेगा और पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से संवाद किया जाएगा।

बैठक में वरिष्ठ पत्रकार समीर शाही ने पत्रकारों से निडर होकर कार्य करने और समाज में व्याप्त बुराइयों को उजागर करने का आह्वान किया।बैठक में जिला ध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव, रविकांत आर्य, लव कुमार पांडेय, नागेंद्र पांडेय, वैभव श्रीवास्तव, शंकर श्रीवास्तव सहित कई अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार साझा किए। इस बैठक में तमाम पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने नंदीशाला के स्थानान्तरण हेतु किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नंदीशाला निरीक्षण भवन, शारदा नहर का निरीक्षण किया। यह नंदीशाला निरीक्षण भवन शारदा नहर से ककरा स्थित नवनिर्मित नंदीशला में शिफ्ट हो रही है। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि कल तक पूरी नंदीशला ककरा में शिफ्ट कर ली जाए। उन्होंने कहा कि ककरा के आसपास चारागाहों की जमीनों को चिन्हित कर लिया जाए जिसमें हरा चारा बोया जाए। उन्होंने कहा कि गौशाला एवं नंदी शालाओं में पर्याप्त ठंड से बचाव के साधन होने चाहिए। गोवंशो को समय से चारा पानी आदि व्यवस्थाएं मिले। ठंड के दृष्टिगत गौशालाओं में गौ संरक्षण के बेहतर इंतजाम हों आवश्यक जगह पर नियमित रूप से अलाव जलें।उन्होंने कहा कि गौशालाओं में ठंड से पशुओं को बचाव के इंतजाम हरा चारा, भूसा सहित अन्य व्यवस्थाएं निरंतर होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड से बचाव के दृष्टिगत पशुओं के बेहतर देखभाल किया जाए कोई भी पशु ठंड के अभाव में परेशानी में नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी पशु को कोई भी समस्या होती है तो त्वरित पशु डॉक्टर बुलाकर इलाज कराया जाए। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ0 विपिन कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार अपर नगर आयुक्त एसके सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जीवन के लिए बड़ा खतरा बन रहा है प्रदूषण: सीमा बाजपेई

*अवधनामा संवाददाता*



**शाहजहांपुर।** समय रहते यदि दैनिक जीवन की गतिविधियों से प्लास्टिक को अलविदा न किया तो आने वाले समय में यही प्लास्टिक मानव जीवन के लिए बड़ा खतरा बन जाएगा। पौष पूर्णिमा से शुरू हो रहे महाकुम्भ स्थल से प्लास्टिक मुक्त भारत के अभियान की शुरुआत की जाएगी उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में सेवा भारती के सदस्यों ने बैठक कर महत्वपूर्ण जानकारी दी।आगामी 13 जनवरी 2025 का को पौष पूर्णिमा से प्रयागराज में महाकुंभ का शुभारंभ हो जाएगा जो 26 फरवरी को महाशिवरात्रि तक 45 दिनों तक चलेगा। पूरे देश में जोर-शोर से महाकुंभ की तैयारियां चल रही हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवा संघ (आरएसएस) ने इस बार महाकुंभ को हरित कुंभ' बनाने का संकल्प लिया है, जिसके तहत त्रिवेणी यानि गंगा, यमुना व सरस्वती नदियों सहित पूरे कुंभ परिसर को स्वच्छ एवं कचरा मुक्त रखने के लिए एक थाली एक थैला अभियान देश भर में चलाया जा रहा है। संघ के सदस्य हर घर से एक थाली, एक थैला संग्रहित कर कुंभ क्षेत्र तक पहुंचाने का कार्य शुरू कर चुके हैं, ताकि कुंभ में आने वाले श्रद्धालु प्लास्टिक के उपयोग से बचें, मेला क्षेत्र में कपड़े का थैला और भोजन के लिए स्टील की थाली का ही उपयोग करें। इसी क्रम विश्व स्तरीय होने वाले महापर्व महाकुंभ को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए सेवा भारती शाहजीपुर महानगर द्वारा ने पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अंतर्गत 500 थालियां एवं कपड़े के थैले प्रदान किया गये। जिसमें ओमर वैश्य महिला परिषद एवं यूनिटी संस्था का विशेष सहयोग रहा।

# धरने पर बैठे पीड़ितों के साथ भीम आर्मी ने भीम कोरे शौर्य दिवस मनाया



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने भीम कोरे गांव शौर्य दिवस की पूर्व संध्या पर गन्ना दफ्तर में धरने पर बैठे पीड़ित परिवार के साथ मनाया। इस अवसर पर भीम आर्मी के जिला सहसंयोजक विपिन कुमार ने कहा कि 1जनवरी सन 1818 के युद्ध में जो क्रांति महारो ने की थीं उससे हमें प्रेरणा मिलती हे कि हमे अपने पूर्वजों को शौर्य को याद रखना चाहिए, वसीह हैदर एडवोकेट पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि भीम कोरे गांव विजय शौर्य दिवस में जो स्वाभिमान की लड़ाई हुई थी उसमें जो अदम्य साहस का परिचय महारो ने पेश किया था उसको समाज में बताना चाहिए और उससे सीख लेना चाहिए। श्री हैदर ने आगे कहा कि आज हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की कड़ी मेहनत और दलित मुस्लिम की एकता की वजह से हमारी पार्टी को एक सांसद जो पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर है आगे चल कर इससे भी ज्यादा होंगे। इस मौके पर दीपक भास्कर विधानसभा अध्यक्ष दरियाबाद, शिव बरन सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष भीम आर्मी, हरिनंदन सिंह गौतम पूर्व जिला प्रभारी भीम आर्मी, आनंद कुमार एडवोकेट, राजीव कुमार एडवोकेट सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# पांच किलो से अधिक भार वाले उपभोक्ता से शत प्रतिशत भुगतान का निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा मंगलवार को कार्यालय में विद्युत विभाग के विभिन्न योजनाओं सहित ओटीएस अभियान की समीक्षा की गई। जिसमें सबसे पहले ओटीएस अभियान के प्रथम चरण की जानकारी ली। अधीक्षण अभियंता विद्युत द्वारा अवगत कराया गया कि ओटीएस अभियान के प्रथम चरण का संचालन 15 से 31 दिसंबर तक किया गया। अभियान में कुल 26900 उपभोक्ताओं से 44 करोड़ 29 लाख का विद्युत बकाया वसूल किया गया। उन्होंने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि दूसरे चरण का अभियान 01 जनवरी से 15 जनवरी तक किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि दूसरे चरण में महराजगंज डिवीजन में 20,000 उपभोक्ताओं को और नौतनवा, निचलौल व आनंदनगर डिविजन में न्यूनतम 10,000 उपभोक्ताओं का पंजीकरण कराते हुए विद्युत बकाया की वसूली सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने 05 किलोवाट से अधिक भार वाले विद्युत उपभोक्ताओं से शत-प्रतिशत विद्युत बकाया भुगतान करवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि ओटीएस अभियान की अगली समीक्षा 10 जनवरी को की जाएगी।

# घर के बाहर खेल रहे मासूम के साथ कुकर्म किया

**निंदूरा बाराबंकी।** अनवारी कस्बे में घर के बाहर खेल रहे मासूम को चॉकलेट दिलाने के बहाने से युवक साथ लेकर चला गया। बाग में पहुंच कर आरोपी ने मासूम से कुकर्म किया और धमकी देते हुए भाग निकला।बदहवास हालत में घर लौटे किशोर ने परिवार को आपबीती बताई। जिसके बाद कुर्सी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ।कुर्सी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने बताया कि शनिवार शाम छह वर्षीय बेटा घर के बाहर खेल रहा था। गांव का ही रहने वाला अयान पुत्र नौशाद उसके पुत्र को चॉकलेट का लालच देकर अपने साथ ले गया। पिता के मुताबिक गांव बाहर के बाग में ले जाकर आरोपित ने मासूम से कुकर्म किया।विरोध करने पर आरोपित ने मासूम को छोड़ कर भाग गया।घर पहुंचने पर बेटे की हालत देख परिवार वाले घबरा गए।

# मलबरी कान्वेंट स्कूल प्रबंधन ने नन्हीं परी को किया सम्मानित



**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सिसवा कस्बे के चित्रगुप्त नगर वार्ड निवासी सांची उर्फ परी अग्रवाल को बीते 26 दिसंबर को राष्ट्रपति भवन में वीर बाल पुरस्कार से पीएम व राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किए जाने के बाद घर वापस लौटने के बाद मंगलवार को मलबरी कान्वेंट स्कूल के प्रबंधन ने सम्मानित किया तो परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। नगर में सबसे कम उम्र में कुछ कर गुजरने की चाहत लिए हुए नन्हीं सांची उर्फ परी अग्रवाल ने बीते कुछ सालों में अपनी एक अलग पहचान बना कर लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। 26 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा बाल वीर पुरस्कार से सम्मानित होने के पश्चात अपने गृह नगर सिसवा पहुंची परी को सम्मानित करने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी क्रम में मंगलवार को नगर स्थित मलबरी कान्वेंट स्कूल के प्रबंधन ने परी को परिजनों संग आमंत्रित कर विद्यालय परिसर में सम्मानित किया तो परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान विद्यालय के संरक्षक व संगीत नाट्य अकादमी के सदस्य अमित अंजन व प्रधानाचार्या शुभ्रा सिंह जायसवाल ने कहा कि परी ने इतने कम उम्र में इस मुकाम को हांसिल कर सिसवा सहित जनपद महराजगंज का मान बढ़ाया है। परी का अनुसरण अन्य बच्चों को भी कर अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान परी की मां स्तुति अग्रवाल सहित विद्यालय की शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# मोक्ष धाम को ही मोक्ष की तलाश है

*अवधनामा संवाददाता*



**शाहजहांपुर।** सुनने में कुछ अटपटा तो जरूर लगेगा, लेकिन है ये कटु सत्य। जीवन का एक ही सत्य है मौत।कब आनी है ? ये तो किसी को नहीं पता पर आनी है ये सबको पता है। मोक्ष धाम पर आना ही परम सत्य है।पत्रकारिता जगत के साथी विनय पांडेय की माताजी के देहावसान के अवसर पर रेती मुहल्ले में जाना हुआ। हर इलाक़े का मोक्ष धाम होता है, जैसे घण्टाघर से चौक तरफ का गर्रा पुल के पास और सदर साइड का लालपुल। शाहजहांपुर में रेती पुराना मुहल्ला है। यहां का श्मशान घाट ग्रामसभा की एक बगिया में बना है। जब अंतिम यात्रा यहां लाई गई तो इस मोक्ष धाम को देखकर लगा कि इस जगह को स्वयं ही मोक्ष की जरूरत है।चारों ओर उगे झाड़..शवदाह प्लेटफार्म पर पड़ी अस्थि व राख खुले में भी कई जगह शवदाह बैठने के स्थान पर धूल ही धूल, दीवारों पर लगे जाले, आधी जगह चहारदीवारी, गेट पर लटका ताला पीछे से बनी पगडंडी से बना रास्ता एक हैंडपंप पर गंदगी ही गंदगी। एक शौचालय बना उस पर भी ताला लटका पानी की टँकी रखी, लेकिन कनेक्शन नहीं। आदमी पीने के पानी को तो छोड़ मूत्र त्याग को कोना ढूंढ रहा। लावारिस जैसा इस जगह का हाल। पीछे कब्ज़े करने वाले सुरसा के मुंह की तरह बढ़ते ही आ रहे..इसको कौन देख रहा ? किसी को कुछ पता नहीं। लोगों को इतना ज़रूर पता कि अब रेती नगर निगम में आ गया है। तभी दो दीवार बनीं हैं और गेट लग गया था। कुछ निर्माण भी हुआ। अब सब रामभरोसे है। यहां मातमपुर्सी में आए लोगों का कहना था कि जैसे लालपुल व गर्रा घाट पर शवदाह स्थल साफ सुधरे व सुविधाओं से युक्त हैं।नगर निगम या वहां की कमेटी को यहां भी व्यवस्था करनी चाहिए। लकड़ी-कंडे भी इसी परिसर के आसपास मिलें। शव वाहन व फ्रीज़र का भी प्रबंध हो जिससे अंतिम यात्रा में आने वाले को भी लगे कि स्वर्गधाम तक कंधा लगाकर जा रहे हैं उम्मीद है नए साल में मोक्ष धाम का उद्धार होगा।

# पुलिस ने पांच अंतर्जनपदीय शातिर चोरों को किया गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**गिरफ्तार किये गये चोरों में से तीन बहराइच के है हिस्ट्रीशीटर**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** जनपद में लगातार हो रही चोरियों के सम्बन्ध में नवागत पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा रोकथाम व पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु एसओजी/सर्विलांस व सम्बन्धित थाने की एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ सुजीत राय के कुशल पर्यवेक्षण में मंगलवार की रात्रि को एसओजी, सर्विलांश, थाना चिल्हिया व मोहाना पुलिस टीम द्वारा चिल्हिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गौरा बर्डपुर मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे कि इस दौरान एक चार पहिया वाहन गौरा बाजार की तरफ से काफी तेजी से आ रही थी, सन्देह होने पर पुलिस टीम द्वारा वाहन को रोककर चेक किया गया तो 05 संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुए थे।

तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 03 अदद देशी तमन्चे, 06 अदद जिन्दा कारतूस व चोरी के भारी मात्रा में सोने व चादी के जेवरात व ?30,000/- नगद, घटना में प्रयुक्त एक अदद बोलेरो वाहन व चोरी करने के उपकरण बरामद हुआ। पूछ-ताछ व बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा दिनांक 05/06-12-2024 को ग्राम बस्ठा व सेमरियावा थानाक्षेत्र चिल्हियां व दिनांक 20/21.12.2024 की रात को थानाक्षेत्र मोहाना के युसुफपुर कस्बे की ज्वेलरी की दुकान में हुई नकबजनी की घटना को करना स्वीकार किया तथा उससे सम्बन्धित चोरी का माल बरामद हुआ।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना चिल्हिया की मु0अ0सं0 97/24 धारा 305(a), 331(4), बी.एन.एस. व थाना मोहाना की मु0अ0सं0 223/2024 धारा 305(a), 331(4) बी.एन.एस. का सफल अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों को समस्त वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्तगणों में इंदल चौहान पुत्र ठाकुर निवासी टिकुरी मौजा अरनवा थाना खैरीघाट जनपद बहराइच, विनोद कुमार चौहान पुत्र अन्तू निवासी टिकुरी मौजा अरनवा थाना खैरी घाट जनपद बहराइच, सम्बारी पुत्र भोखन चौहान निवासी टिकुरी मौजा अरनवा थाना खैरीघाट जनपद बहराइच, बछराम पुत्र दयाराम गांव दल्ला पुरवा पुलिस चौकी खैरी थाना बेहडा जिला बहराइच व नन्दकिशोर पुत्र स्वर्गीय लालाराम पता अड़गोडवा थाना मोतीपुर जिला बहराइच है। आपको बता दें कि इंदल चौहान, विनोद कुमार चौहान व सम्बारी उपरोक्त जनपद बहराइच के अपने अपने थाने के हिस्ट्रीशीटर बदमाश हैं। वहीं पुलिस द्वारा अभियुक्तगणों से गहनता से पुछताछ करने पर बताया गया कि साहब हमलोग नाइट स्टार नाइन नाम से गैंग बनाकर चोरी/नकबजनी करते हैं।

हमारे टीम में नौ सदस्य हैं। जो मौजुद रहता है और जिसकी इच्छा रहती है। वे लोग 05, 06 व 07 की संख्या में मिलकर घटना करने जाते हैं। हमलोगों में सेंध काटने, ताला तोड़ने व रेकी करने में अलग-अलग एक्सपर्ट हैं तथा हमलोग चार पहिया वाहन से अपने जनपद से दूर पूर्वांचल के बस्ती, देवरिया, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, प्रयागराज, जौनपुर, आजमगढ़ आदि जिलों में घटना करने जाते हैं।

माल के व तमन्चे के सम्बन्ध में पुछने पर बताया की आपलोग पुलिस के डर से नेपाल राष्ट्र के नेपालगंज शहर में किराये का रुम लेकर रहते हैं वहीं से हथियार व जेवर की खरीद बिक्री करते हैं।

बरामदगी में तीन अदद देशी तमन्चा व 06 अदद जिंदा कारतुस, जेवर बिक्री के 30,000/- नगद बरामद, उन्नीस (19) जोड़ी नया पुराना सफेद धातु पायल, तीन अदद लाकेट पीली धातु एक जोड़ी कान का झुमका पीली धातु, चार जोड़ा कान का बाला पीली धातु, एक अदद माला पीली धातु चार अदद अँगुठी पीली धातु, बारह अदद बिछुआ सफेद धातु, एक अदद लाकेट पीली धातु एक अदद कान टप्स पीली धातु, पांच अदद नथुनी पीली धातु, तीन अदद ताला काटने, सटर तोड़ने/चोरी करने के उपकरण, घटना में प्रयुक्त एक अदद बोलेरो वाहन (यूपी 26 के 6655) सफेद रंग की है। इस दौरान गिरफ्तारी/ बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक चिल्हियां दुर्गा प्रसाद, शेषनाथ यादव प्रभारी एसओजी मय टीम, थानाध्यक्ष मोहाना अनूप मिश्रा, उप निरीक्षक जीवन त्रिपाठी एसओजी टीम, उप निरीक्षक सर्वेश चन्द, हेड कांस्टेबल राजीव शुक्ला, दिलीप कुमार, आशुतोष दूबे, कांस्टेबल विरेन्द्र तिवारी, रोहित चौहान, सतेन्द्र यादव, छविराज एसओजी टीम सिद्धार्थनगर, हेड कांस्टेबल हिन्दे आजाद, विवेक मिश्रा, जनार्दन प्रजापति, का अभिनन्दन सिंह सर्विलांश सेल जनपद सिद्धार्थनगर, कांस्टेबल रविकान्त, आलोक यादव, कांस्टेबल नितीन पाठक, विनोद भारती मौजूद रहे।

## ब्लाक कर्मियों ने कम्प्यूटर ऑपरेटर को श्रद्धांजलि



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भनवापुर ब्लाक परिसर में मंगलवार को कर्मियों ने कम्प्यूटर ऑपरेटर को श्रद्धांजलि दी। डुमरियागंज के लोहरौली गांव निवासी अखिलेश श्रीवास्तव (25) भनवापुर ब्लाक मुख्यालय पर कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर तैनात थे। शनिवार को ड्यूटी पर भनवापुर आते समय इटवा डुमरियागंज मार्ग पर शाहपुर में हुए सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। मंगलवार को आयोजित शोक सभा में ब्लाक कर्मियों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान बीडीओ आलोक दत्त उपाध्याय, एडीओ पंचायत संजय पटेल, ब्रह्मदेव पाण्डेय, रामतेज, राकेश, अब्दुल क्यूम, अजीत कुमार, मनमोहन पाण्डेय, जय प्रकाश, रणविजय यादव, प्रेम सागर आदि लोग मौजूद रहे।

## चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने कर्मचारियों में बांटा जैकेट






**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आदर्श नगर पंचायत बढ़नी के चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने नगर पंचायत कार्यालय पर ठण्ड को देखते हुए मंगलवार को नगर पंचायत कर्मचारियों को जैकेट उपलब्ध करवाया गया। इस दौरान चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने कहा कि यही कर्मचारी हमारे नगर को साफ और स्वच्छ रखते हैं। उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होती है। उन्होंने कहा कि जो भी इस ठंडी में उनको जो भी जरूरत होगी उपलब्ध करवाया जायेगा। कभी भी इनके सुरक्षा एवं स्वास्थ्य में कोई कमी नहीं की जायेगी। इस दौरान राजू, सेवा लाल, हरीश, अनिल, रामराज, भीमसेन यादव, महावीर, संतोष कुमार सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहें।

## एक मुस्त समाधान योजना के तहत लगा छेरियाकाक्षा केंद्र पर विद्युत कैम्प



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** एक मुस्त समाधान योजना के तहत छेरियाकाक्षा केंद्र पर विद्युत कैम्प लगाया गया। कैंप में क्षेत्र के तमाम उपभोक्ताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया तथा बकाया बिल का भुगतान किया। एक मुस्त समाधान योजना के तहत क्षेत्र के तमाम लोगों ने विद्युत बिल जमा करने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया तथा कई विद्युत उपभोक्ताओं के बिजली बिल मे त्रुटि निकली जिसे सुधार किया गया। एसडीओ ने कहा कि इस योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्तवों को मूल बकाए का तीस प्रतिशत पंजीकरण राशि के रूप में जमा कराना होगा। इसका लाभ लेने के लिए उपभोक्ता विद्युत सुविधा केन्द्र,या विद्युत सखी, सी एस सी आदि जगहों पर रजिस्ट्रेशन कराकर लाभ ले सकते हैं ताकि उनको इस योजना का लाभ मिल सके। इस दौरान जेई सहित तमाम बिजली कर्मचारी मौजूद रहे।

# क्षय रोग कार्यक्रम में लापरवाही अक्षम्य : डॉ शैलेन्द्र मणि ओझा

### भनवापुर के सीएचसी सिरसिया में आयोजित क्षय रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक में कसे पेंच



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर विकास क्षेत्र अंतर्गत सीएचसी सिरसिया में सोमवार को अधीक्षक डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा की अगवाई में आशा संगिनी, एएनएम, सीएचओ तथा पर्यवेक्षक की समीक्षा बैठक व प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 6 दिसंबर 2024 से 17 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय क्षय रोगी खोजी अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के सीएचसी,पीएचसी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति, अल्कोहलिक व्यक्ति, तंबाकू का उपयोग करने वाले व्यक्ति,कुपोषित व्यक्ति, पूर्व के क्षय रोगी व क्षय रोगियों के साथ रहने वाले व्यक्ति, लंबे समय से बुखार, खांसी, डायबिटीज के मरीजों तथा लंबे समय से गर्भधारण न करने वाली महिलाओं आदि संभावित व्यक्तियों का बलगम,एक्स-रे व अन्य जांच करवाया जाएगा। डॉ शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया कि क्षय रोग बहुत ही संक्रामक एवं जानलेवा बीमारी है, जिसका समय रहते इलाज प्रारंभ करने से मरीज को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है साथ ही अन्य व्यक्तियों को संक्रमण से भी बचाया जा सकता हैं। अधीक्षक आशा बहू, आशा संगिनी, एएनएम, सीएचओ तथा पर्यवेक्षक को ग्राम स्तर पर कार्य करने के लिए निर्देशित किया तथा कहा कि इस कार्यक्रम में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य में नहीं किया जाएगा। इस दौरान राजीव कुमार त्रिपाठी, दीपक मधुकर, विंदू शुक्ला, गुंजन मिश्रा, तारामती, रेश्मा शर्मा, सोनिया वर्मा, माया मिश्रा, सविता शुक्ला आदि उपस्थित रही।

# सयुंक्त निदेशक अभियोजन राधाकृष्ण मिश्र सेवानिवृत्त

अवधनामा संवाददाता



**डीएम की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन**

**सिद्धार्थनगर।** सयुंक्त निदेशक अभियोजन राधाकृष्ण मिश्र अपनी सेवा का कार्यकाल पूर्ण करके सेवानिवृत्त हो गये है। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में मंगलवार को विदाई समारोह का कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ।

राधाकृष्ण मिश्र को फूलमाला पहनाकर एवं बुद्ध प्रतिमा, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र, रामचरित मानस, भगवत गीता देकर विदाई दी गयी। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने कहा कि विदाई देना दुखदाई होता है। सयुंक्त निदेशक अभियोजन राधाकृष्ण मिश्र द्वारा अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया गया। श्री मिश्र द्वारा मुझे विभिन्न धाराओ के अन्तर्गत जानकारी दी गयी गई, जिससे वादो का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण सम्पन्न हो रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी कर्मचारीगण आपस में समन्वय बनाकर कार्य करे। सबकी सहायता करे। जिलाधिकारी ने सयुंक्त निदेशक अभियोजन राधाकृष्ण मिश्र को बधाई और शुभकामनाएं दी। कहा कि अपने जीवन में खुशहाल रहे तथा अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखे। विदाई समारोह कार्यक्रम में ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी जयहिन्द त्रिपाठी, अभियोजन अधिकारी अजय कुमार गौतम, डीजीसी क्रिमिनल तथा अन्य डीजीसी संवर्ग के अधिकारी/ कर्मचारी, एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

# तहसील सभा कक्ष में नववर्ष आगमन एवं विदाई समारोह

अवधनामा संवाददाता





**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील डुमरियागंज द्वारा तहसील सभा कक्ष में नववर्ष 2025 के आगमन के अवसर पर सभी अधिकारीगण, एवम कर्मचारियों तथा लेखपालों में डायरी, कैलेण्डर इत्यादि का वितरण एवम सेवा निर्वृत्त राजस्व निरीक्षक राधेश्याम यादव का विदाई एवम सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी डुमरियागंज डॉ0 संजीव दीक्षित ने कहा कि उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील डुमरियागंज द्वारा कर्मचारियों के विदाई एवम सम्मान समारोह तथा नववर्ष की वेला में राजस्व परिवार को डायरी, कैलेण्डर इत्यादि के वितरण का सराहनीय आयोजन किया गया है जो भी कर्मचारी सेवा में आता है उसकी सेवा निर्वित्त की तारीख उसी दिन उसकी सेवा पुस्तिका में लिख दी जाती है आज की परिस्थितियों में जो भी कर्मचारी अधिकारी बिना किसी प्रतिकूल के सेवा निर्वृत्त हो जाये यह सौभाग्य का विषय है तहसीलदार डुमरियागंज रवि कुमार यादव ने अपने संबोधन में सेवा निर्वृत्त हो राजस्व निरीक्षक को अग्रिम जीवन सुखमय एवम स्वस्थ होने की मंगल कामना की कार्यक्रम का संचालन करते हुए लेखपाल संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील डुमरियागंज द्वारा प्रतिवर्ष राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नववर्ष के अवसर पर डायरी कैलेण्डर आदि वितरित किया जाता रहा है उसी के क्रम में दोनों कार्यक्रम एक साथ आयोजित किया गया सेवा निर्वृत्त राजस्व निरीक्षक राधेश्याम के अनुभव से प्रेरणा लेने की अपील करते हुए कहा कि ÷दुनिया का आलम सदा ही रहेगा, ये तो जहां में लगा ही रहेगा। आना किसी का जग में जाना किसी का। नही चाहिए दिल दुखाना किसी का अपने सेवा काल मे जनता के सभी दुख दर्द सुनकर उसके निराकरण का ईमानदारी से पूर्ण प्रयास करना हम सभी का परम कर्तव्य है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार महबूब आलम,राजस्व निरीक्षक लाल कृष्ण श्रीवास्तव लेखपाल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गंगोत्री प्रसाद पाण्डेय, सतीश चन्द्र शुक्ला, उप मन्त्री देवेन्द्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष दिग्विजय चौरसिया, संप्रेक्षक अम्बिका प्रसाद संगठन मन्त्री देवीलाल इत्यादि सभी लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, संग्रह अमीन, व सभी राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने जरूरतमंदों को ओढ़ाया कंबल बोले हर जरूरतमंद तक पहुंचे यह लाभ



**फरेंदा, महराजगंज अवधनामा संवाददाता।** कांग्रेस के क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र चौधरी ने सोमवार की रात नगर पंचायत क्षेत्र में भ्रमण कर असहायों व दीन दुखियों को कंबल प्रदान किया। इस दौरान मौजूद नायब तहसीलदार से उन्होंने कहा कि प्रशासन इस बात को लेकर सतर्क रहे कि किसी गरीब की मौत ठंड से न होने पाए। विधायक वीरेंद्र चौधरी ने रेलवे स्टेशन परिसर, बस स्टैंड तथा पेड़ों के नीचे प्लास्टिक तानकर रात बिता रहे करीब सौ लोगों में कंबल बांटा। उन्होंने कहा कि सर्दी, भूख और बरसात से हर एक की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी होती है। अमूमन देखा गया है कि जिसकी सत्ता होती है उसके लोग चिन्हित लोगों तक ही यह सरकारी लाभ उपलब्ध कराते हैं, यह उपकार नहीं एक तरह का पाप है। तहसील प्रशासन के जिम्मेदारों को सचेत करते हुए उन्होंने कहा ध्यान रखें इसमें राजनीति और भेदभाव नहीं होना चाहिए। यह लाभ एक एक जरूरतमंद तक पंहुचना चाहिए। विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि जरूरी नहीं कि वे हर मौके पर उपलब्ध रहें या मैं रहूं तभी कंबल वितरण हो। गांव गांव जाकर राजस्वकर्मी स्वयं चिन्हित करें कि जरूरतमंद कौन है। उन्हें हर हाल ठंड से बचाना है। कंबल और अलाव ऐसे लोगों तक पहुंचना सुनिश्चित हो। विधायक चौधरी ने तहसील प्रशासन से कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि फरेंदा विधानसभा क्षेत्र में यह सुविधा हर जरूरतमंद को मिले।

# अब पड़ेगी हाड़ कंपा देने वाली कड़ाके की ठंड

राजीव शुक्ला

- **शीतलहर और कोहरे से भरा होगा चालीस दिनों का चिल्ला**
- **धनु के 15 और मकर के 25 दिनों का ऋतु चक्र**
- **वसंत पंचमी भी चिल्ले में पड़ेगी**

**सिद्धार्थनगर।** कड़ाके की ठंड , कोहरा और तीखी शीत लहर लाने वाला 40 दिनों का चिल्ला मंगलवार से प्रारंभ हो गया है । सूर्यनारायण के राशि परिवर्तन पर आधारित चिल्ला ज्योतिष शास्त्र के पुराने ऋतु चक्र के साथ साथ कृषकों के फसल चक्र से भी जुड़ा है । इन 40 दिनों में कंपकंपी लाने वाली ठंड पड़ती है । घने कोहरे के कारण एक ओर जहां आवागमन बाधित होता है वहीं बेहद तीक्ष्ण ठंडी हवाएं जीना मुहाल कर देती हैं । चिल्ला मंगलवार 31 दिसंबर से प्रारंभ हुआ और शनिवार 8 फरवरी को संपन्न हो जाएगा। शरद ऋतु के तीसरे चरण शिशिर ऋतु में चालीस दिनों के चिल्ले का निर्धारण सूर्य के राशि परिवर्तन से होता है।

स्मरणीय है कि भगवान सूर्यनारायण एक राशि में एक माह रहते हैं लेकिन भीषण ठंड लाने वाला चिल्ला बनाने के लिए सूर्य के दो राशियों में प्रवेश की आवश्यकता होती है। हमारे ऋषियों ने ऋतुओं का छह भागों में विभाजन करते हुए पाया कि चालीस दिन ऐसे आते हैं जो वर्ष में सबसे ठंडे होते हैं । ये दिन इस बार मंगलवार से शुरू हो रहे हैं। सूर्य के धनु राशि में रहने के अंतिम 15 दिन और मकर राशि में रहने के आरंभिक 25 दिनों को मिलाकर कुल 40 दिनों का चिल्ला बनता है। ये चालीस दिन साल के सबसे ठंडे दिन माने गए हैं। यह ऋतु निर्धारण देश के किसानों के बहुत काम आता है। वे अपनी फसलों को पाले से बचाने का प्रबंध चिल्ले की अवधि के अनुसार पहले ही कर लेते हैं। इन दिनों में सर्वाधिक हिमपात होता है , भीषण शीत लहर चलती है और सूर्य देव कोहरे में खोए रहते हैं । दक्षिणायण का चरमकाल शुरू हो जाने से सूर्य का तापमान घट जाता है । 13 जनवरी को लोहड़ी और 14 जनवरी को मकर संक्रांति की आग जलाकर सूर्य का तापमान बढ़ने की कामना की जाती है । तिल के लड्डू बनते हैं। मान्यता है कि उस दिन उत्तरायण प्रारंभ हो जाएगा जो तिल तिल कर सूर्य का तापमान बढ़ाने वाला है । उत्तरायण से ही विवाह आदि मांगलिक कार्यों पर एक महीने से लगा विराम समाप्त हो जाएगा । विवाह आदि का आयोजन फिर शुरू होगा समस्त मांगलिक कार्य भी होंगे । उत्तरायण में यज्ञोपवीत और मुंडन संस्कार प्रारंभ हो जाएंगे । इसी चिल्ला काल में मकर संक्रांति से प्रयागराज का कुंभ मेला प्रारंभ हो जाएगा । 2 फरवरी को वसंत पंचमी का पर्व मनाया जाएगा । चालीस दिनों के चिल्ले का प्रचलन सभी राज्यों के भारतीय कृषक समाज में बहुत अधिक है। इन दिनों अनेक राज्यों में कृषक लोकोत्सव प्रारंभ होते हैं। पर्वतीय राज्यों में उत्तरायणी धूमधाम से मनाई जाएगी।

## डीएम ने किया मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की समीक्षा



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर की उपस्थिति में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत कोई भी प्रकरण लम्बित नही रहना चाहिए। दुर्घटना के 180 दिन के अन्दर आवेदन करना अनिवार्य होता है। सभी उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी लोग इस आशय का प्रमाण देगे कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का कोई भी प्रकरण लम्बित नही है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का प्रकरण लम्बित होने के कारण उप जिलाधिकारी नौगढ़ को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, बांसी प्रदीप कुमार यादव, डुमरियागंज संजीव दीक्षित, इटवा कल्याण सिंह मौर्य, शोहरतगढ़ चन्द्रभान सिंह, अपर उपजिलाधिकारी शशांक शेखर राय, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) नौगढ़ प्रियंका चौधरी, समस्त तहसीलदार, तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की जिला इकाई की बैठक कल

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** आठवें वेतन आयोग के गठन, पुरानी पेंशन बहाली समेत विभिन्न मांगो को मनवाने की रणनीति बनाने के लिए गुरुवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला इकाई की बैठक गुरुवार को विकास भवन के सभागार में 2 बजे आयोजित है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष सुजीत जायसवाल व जिलामंत्री राजेश मिश्र ने बताया कि संविदा आउटसोर्सिंग के स्थान पर नियमित कर्मचारियों की भर्ती किये जाने, परिषद के द्विवार्षिक अधिवेशन पर विचार सहित विभिन्न मांगों पर चर्चा होगी।कर्मचारी नेता द्वय ने बताया कि बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी, जिलामंत्री योगेन्द्र यादव, कर्मचारी शिक्षक संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष रामकरन गुप्ता, जिलामंत्री कैलाश मणि त्रिपाठी, सफ़ाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रणजीत कुमार, जिलामंत्री विजय कर पाठक, एल ए संघ के जिलाध्यक्ष डीएन मणि, जिलामंत्री बुद्धेध भारती आदि उपस्थित रहेंगे।

# सेवानिवृत्त चार पुलिसकर्मियों को एसपी द्वारा की गयी ससम्मान विदाई

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले से 4 पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण अपनी सम्पूर्ण सेवा काल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हुए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी/ कर्मचारीगण हेतु विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन द्वारा ससम्मान विदाई की गयी।

इस अवसर पर सर्वप्रथम सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों से उनका परिचय प्राप्त करते हुये सेवाकाल के अनुभवों के बारे में वार्ता की गयी। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को माला पहनाकर, शाल व धर्मग्रन्थ आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। उनके द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के भविष्य की योजनाओं के बारे में जाना गया साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बेझिझक सम्पर्क करने की बात कही गयी।

एसपी ने सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को उनके सुखद, आनन्दपूर्ण व उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये सम्मानपूर्वक विदाई की। इस दौरान सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, प्रतिसार निरीक्षक आदि मौजूद रहे। **सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों का विवरण**- उनि नापु प्रेम शंकर शुक्ला थाना मिश्रौलिया, योगेश कुमार थाना सिद्धार्थनगर, आ नापु रामसागर अभियोजन शाखा व फायरमैन विजय कुमार दुबे फायर स्टेशन नौगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

## शांतिपूर्ण तरीके से मनायें नववर्ष : डीएम

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर0, पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा समस्त जनपदवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर0 ने समस्त जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से नववर्ष मनाये।

## नये साल की शुभकामनायें

नये साल की शुरूआत पर हर साल की तरह नई कामनायें की जाती है उन्हें पाने की पूरे साल कोशिश होती है। कुछ पूरी होती है कुछ नही पर नये साल साल पर यह दोहराई जाती है। अवधनामा की ओर से सभी सहकर्मियों और सहयोगियों को बधाई। आने वाला वर्ष सभी के लिये मंगलमय हो। मनोविज्ञान में इसे फ्रेश स्टार्ट सिन्ड्रोम कहते है। आदमी नये उत्साह के साथ नये काम करने का वादा करता है। पिछले साल किये गये वादों को तौलता है। कितना सफ्ल और कितना असफल रहा। बेबी लोनियो के लोगो ने 4000 हजार साल पहले इस धारणा को जन्म दिया था। तबसे यह अबाध गति से चल रहा है, हर मुल्क में चल रहा है। देखा जाता है हर धर्म के लोग इसमें हिस्सा लेते है। जनवरी महीने का नाम दो चेहरे वाले देवता के नाम पर रक्खा गया। जिनका एक चेहरा गुस्सा वाला है दूसरों आशाओं से भरा हुआ है।

अब अवधनामा परिवार की ओर है आपकी कोशिशो और सद्भावनाओं से अखबार गतिरोधो का सामना करते हुये आगे बढ़ रहा है। आप लोगो द्वारा जुटाये गये विज्ञापनों से इसे आक्सीजन मिलता रहता है। वक़ार भाई ने इसे जिस सूझ बूझ के साथ आगे बढ़ाया तमाम धक्को के बावजूद आगे बढ़ाती जा रही है। उन्हें कार्यकर्ताओं और सहयोगियों के ओर से बधाई और मंगलकामना वे इसी तरह आगे बढ़ते रहे। पहले ऊर्दू में अखबार हाथों से लिख कर तैयार होता था। वकार भाई सायंकल अखबार समेटे दौडते रहते थे आज दुनियां में कहते है अहिंसा में विश्वास करने वालो की संख्या ज्यादा है। पर देखने को मिल रहा है हिंसा, वैभनस्य और युद्धा का बोल बाला है। कई छोटे छोटे देश आपसी लड़ाई में उलझे हुये है। इस्राइल युद्ध लम्बा खिचता जा रहा है। इसे लेकर रूस अमेरिका आमने सामने होते रहते है। बयानबाजी भी करते रहते है। डर लगने लगता है की तीसरा विश्वयुद्ध न छिड़ जाये।

यूएनओ के संगठन में अब कुछ फेरबदल जरूरी हो गया है। क्योंकि जो इसके स्थायी सदस्य है वे अपने लाभ या गुटबाजी की वजह से किसी भी रिजाल्यूशन पर स्टे लगा देते है। यह देखते और सुनकर खुशी होती है कि भारत को स्थायी मेम्बर बनाने के लिये जोर शोर से चर्चा चल रही है। लगता है भविष्य में जल्द ही भारत को स्थायी सदस्यता मिल जायेगी।

मोदी जी ने विदेशो में भारत की ऐसी स्थिति बना दी है कि आपसी और पड़ोसी देशो की लड़ाई को रूकवाने के लिये भारत की मध्यस्थता पर सहमति जताता है। भारत शुरू से ही शान्ती के पक्ष में बोलता रहता है। कहता है यह लड़ाई का युग नहीं है। बातचीत से ही लड़ाईयो और मसलों का हल निकला जाये। हमे अपना प्रयत्न हमेशा विश्वशान्ती के लिये बनाये रखना है।

घरेलू राजनीति में संसद और सांसदों का बुरा हाल है। मल्ल युद्ध का वातावरण बन गया है कितना शर्मनाक है। हमें होनहारों के लिये प्रेरणादायक भविष्य छोड़ कर जाना है। अन्त में दो महापुरूषों पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और सिनेमा के पुरयोद्धा श्याम बेनेगल को जिनकी मृत्यु अभी हुई है को श्रद्धान्जली समर्पित है। अवधनामा के परिवारजनो और सहयोगी कार्यकर्ताओं को नये साल पर हमारी शुभ कामनायें स्वीकार करें। आप सबके उज्जवल भविष्य की कामना करते है। अन्त में गोपाल सिह नेपाली के शब्द में थोड़ा जोड़ के साथ तुम कल्पना करो नवीन कल्पना करों निज देश और अखबार के सिंगार के लिये।

## नया वर्ष स्त्रियों के अधिकारों और सम्मान का वर्ष हो


संजीव ठाकुर

नव वर्ष 2025 के आगमन पर केवल शुभकामनाओं और बधाइयों के संदेश का आदान-प्रदान और उत्सव ना होकर नया वर्ष स्त्रियों के संपूर्ण सम्मान तथा वास्तविक अधिकार देने का वर्ष होना चाहिए। नव वर्ष में स्त्री, बच्चों तथा बुजुर्गों के लिए एक महती कार्य योजना तैयार कर उनका संरक्षण तथा उन्नयन निश्चित होना चाहिए। भारतीय संस्कृति और इतिहास में स्त्रियों को सदैव उच्च स्थान प्रदान किया गया हैद्य यह भी मान्यता मानी गई है कि जिस घर में स्त्री का सम्मान होता है, वह घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो कर समाज में विशिष्ट स्थान बनाता हैद्य यही कारण है कि भारत देश को भारत माता कहा जाता हैद्य नारी तथा समस्त स्त्री जाति ने भारत देश का मान सदैव शीर्षस्थ बना कर रखा है ऐसे अनगिनत उदाहरण इतिहास में और वर्तमान में हमारे समक्ष हैं जिससे हमारा सिर सदैव वैश्विक स्तर पर ऊंचा हुआ है।

महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि %मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट दूंगा%। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# भारत देश में अंग्रेजी नववर्ष मनाने का स्वरूप बदला


ब्रह्मानंद राजपूत

**हर वर्ष नया साल नयी उम्मीदें लेकर आता है और लोगों के लिये नये लक्ष्य लेकर आता है। नया साल जो कार्य पिछले साल में अधूरे रह गए थे उन कार्यों को नयी ऊर्जा से पूर्ण करने की प्रेरणा और आधार देता है। नए साल में हर व्यक्ति को नए अहसास के साथ अपने अधूरे कार्यों को पूर्ण करने का प्रयास करना चाहिए और अपने लिए नए लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए व नयी सोच के साथ उन लक्ष्यों को साकार करने का प्रण लेना चाहिए। नया वर्ष हर व्यक्ति के लिए बीते हुए वर्ष की सफलताओं और उपलब्धियों के साथ-साथ कमियों और गलतियों का मूल्यांकन करने का समय है। यह हमें अपने आप को भावी वर्ष के लिए योजना बनाने, कार्य करने तथा आगामी वर्ष के लिए नये लक्ष्य तय करने का अवसर प्रदान करता है।**

नए साल की शुरुआत में हर व्यक्ति को भावी वर्ष के लिए नए लक्ष्य बनाने चाहिए और उन्हें पूरा करने की रणनीति बनानी चाहिए। जिससे कि अवसरों को सफलता में बदला जा सके। पूरे विश्व का माहौल हर वर्ष नए साल पर खुशनुमा होता है, हर देश में अपने-अपने तरीके से अंग्रेजी नववर्ष का स्वागत किया जाता है। भारत देश में बात की जाए तो यहाँ पर भारतीय काल गणना के अनुसार पारंपरिक नया साल (नव विक्रम संवत) होता है जिसकी शुरुआत चैत्र महीने से होती है- उसी के अनुसार भारत में प्रमुख त्योहारों के समय का निर्धारण होता है। भारतीय संस्कृति में नव वर्ष का शुभारंभ चैत्र मास के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि से माना जाता है, लेकिन पश्चिमी सभ्यता की चकाचौंध व विश्वव्यापी अंग्रेजी कलेंडर की मान्यता के चलते भारतीय नव विक्रम संवत मनाने की परंपरा धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है।




भारत में शादी-विवाह, विभिन्न धार्मिक आयोजनों और अन्य प्रमुख कार्यों का मुहूर्त भी हिन्दू नवसंवत्सर (नव विक्रम संवत) के अनुसार ही निकाला जाता है। भारत देश में अंग्रेजी नववर्ष बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। पिछले कुछ दशकों से भारत देश में भी अंग्रेजी नववर्ष को अंग्रेजों की भांति मनाया जाने लगा था। जिसमें कि जगह-जगह शराब पार्टियों का आयोजन होना, अश्लील नृत्य पार्टी का आयोजन शामिल था। लेकिन पिछले कुछ सालों से भारत देश में भी अंग्रेजी नववर्ष मनाने का स्वरुप बदला है, आज की कुछ युवा पीढ़ी अंग्रेजी नववर्ष का स्वागत मंदिरों में पूजा पाठ और घरों में धार्मिक आयोजन कर कर रही है जो कि भारतीय संस्कृति के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। अंग्रेजी नववर्ष में पूजापाठ या धार्मिक आयोजनों या जगह-जगह पर भंडारों के आयोजित होने से दुनिया के बाकी समुदाय भी भारतीय संस्कृति की तरफ आकर्षित हो रहे है। इसी तरह से भारत के लोग अपनी संस्कृति को सहेज कर रखेंगे तो निश्चित ही आने वाले समय में भारतवर्ष का बोलबाला होगा और भारत देश जगद्गुरु के सिंहासन पर काबिज होगा। अंग्रेजी नववर्ष का स्वागत हम लोग करते ही है और करना भी चाहिए लेकिन इसी तरह धूमधाम से हमें अपने पारंपरिक नए साल (नव विक्रम संवत) को भी मनाना नहीं भूलना चाहिए। एक हद तक भारत देश के लोगों में अपने पारंपरिक नववर्ष (नव विक्रम संवत) के लिए जागरूकता बढ़ने लगी है लेकिन इस पर अभी और काम होना बाकी है। आज हमें अंग्रेजी नववर्ष को मनाने की जो पाश्चात्य संस्कृति थी उसमे बदलाव कर अपने भारतीय परिवेश में बदलना होगा, तभी हमारी संस्कृति का पूरे विश्व में बोलबाला होगा। हमारे देश के प्रमुख संगठनों, धार्मिक गुरुओं और सरकार को इसके लिए और कदम उठाने की जरूरत है। पिछले कुछ सालों में उक्त सभी ने भारतीय संस्कृति को बनाये रखने के लिए काफी काम किया है, तभी भारतीय लोगों में राष्ट्रीयता का संचार हुआ है। भारत सरकार और देश के सभी राज्यों की सरकारों को इस नववर्ष में देश के सभी नागरिकों के भले के लिए योजनाएं बनानी चाहिए, जिसमे शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं का महत्वपूर्ण स्थान होना चाहिए। नरेन्द्र मोदी सरकार इस समय देश में बहुत सारी जनहितकारी योजनाएं चला रही है लेकिन शिक्षा, चिकित्सा और बेरोजगारी पर अभी बहुत काम होना बाकी है। देश की मोदी सरकार और सभी राज्य की सरकारों को देश को शिक्षा माफिआ, चिकित्सा माफिआ और भ्रष्टाचार की जड़ों को खत्म करने का अभियान चलाना चाहिए जिससे कि देश में राम राज्य की स्थापना हो सके और लोगों तक मुफ्त में नहीं सस्ते में इन सुविधाओं की पहुंच हो सके। भारत के लोगों को मुफ्त में सुविधाओं की जरूरत नहीं है, बल्कि सस्ते दामों में भारत की सरकारों को ये सुविधायें देश के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचानी चाहिए तभी देश में अंत्योदय का सपना साकार होगा। भारतीय लोग मुफ्त की योजनाओं की जगह आत्मनिर्भर बनकर भारतीय झंडा गाड़ना चाहते हैं। पिछले दस सालों में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा अनेक नई शुरूआतें की गई हैं तथा कई महत्वपूर्ण योजनाएं आरंभ की गई हैं। जिनका लाभ भी आम लोगों को मिला है लेकिन अभी भी मोदी सरकार को अपनी बहुत सारी योजनाओं को उनकी परिणति तक पहुंचाना होगा और अच्छे परिणाम देने होंगे। जिससे देश के हर व्यक्ति तक विकास पहुंच सके। नरेंद्र मोदी सरकार को शासन को सभी स्तरों पर कुशल, पारदर्शी, भ्रष्टाचार मुक्त, जवाबदेह और नागरिक अनुकूल बनाना होगा। जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्यक्तिगत रूप से प्रयासरत हैं। वर्ष 2025 में मोदी सरकार को महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ बेहतर लैंगिक संवेदनशीलता भी सुनिश्चित करनी होगी और जातिगत भेदभाव को जमीनी स्तर से खत्म करने की लोगों में अलख जगानी होगी। इसके अलावा देश में मोदी सरकार को ठेकेदारी प्रथा और आउटसोर्सिंग को देश से समाप्त करने की पहल करनी चाहिये क्योंकि ठेकेदारी प्रथा और आउटसोर्सिंग- गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों का शोषण करने का माध्यम बन गया है। ठेकेदारी प्रथा और आउटसोर्सिंग के तहत जो लोग कार्य करते हैं उनसे लगातार वसूली की जाती है, जिसमें सरकारी तंत्र के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल है। सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र में ठेकेदारी प्रथा पर पूरी तरह से रोक लगानी चाहिए।

# पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना आई


किशन भावनानी

“वैश्विक स्तरपर भारत भले ही सबसे बड़ा लोकतंत्र व सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश है परंतु विगत कुछ दशकों से हम देख रहे हैं कि लोकतंत्र के यज्ञ रूपी चुनाव पर्व आते ही करीब हर संपन्न राजनीतिक पार्टियों द्वारा यह इस यज्ञ को, मेहनत उपलब्धियों सेवाओं व भविष्य की रणनीतियों रूपी पूजा से करने की बजाय देव रूपी मतदाताओं को इस तरह की सम्मान योजनाएं देकर अप्रत्यक्ष रूप से उन्हें अपने फेवर में करने का प्रचलन जोर-शोर से बढ़ते जा रहा है, जिसे आजकल रेवड़ी का नाम दिया जा रहा है। मैंनें बचपन में आंध्र प्रदेश के चुनावी में 2 रूपए किलो चावल की योजना सुनी थी उसके बाद इसका चलन बढ़ता ही चला गया, जो हमारे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के पूर्व 1500 रुपए लाडली बहन योजना तक चला, जिसने गज़ब का कमाल दिखाया था।



अब दिल्ली के पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना में रिकॉर्ड तोड़ प्रति व्यक्ति 18000 रुपए प्रति माह देने की चिंगारी का परिणाम पूरे देश में देखने को मिलेगा, हालांकि दिल्ली में इसका लाभ हो सकता है परंतु इसकी लौ पूरे देश में देखने को मिल सकती है। अब हर राज्य में वृद्धि अधेड़ युवा इस क्षेत्र में अपना करियर ढूंढने लगेंगे, यानी 2.16 लख रुपए का पैकेज प्रतिवर्ष बैठे बिठाए मिलेगा। बस! उन्हें पुजारी या ग्रंथि बनना है, जो युवाओं को भी आकर्षित कर सकता है।मेरा मानना है कि हर राजनीतिक दल इस तरह की सम्मान योजनाएं लाकर माहौल अपने पाले में लेकर सरकार बना लेते हैं।

अगर हम हर क्षेत्र में रेवड़ियों की आदतें लागू करेंगे तो विज़न 2047, पूर्ण विकसित भारत, 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था, सबका साथ सबका विकास धर्म निरपेक्षता इत्यादि का क्या होगा? क्या फिर गरीब का पूजा पाठ फ्री में करने की शर्त होगी? वह अलाल तो नहीं हो जायेंगे सहित सैकड़ो प्रश्न उठेगे। चूँकि पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना आई, बुजुर्ग अधेड़ युवाओं को इस क्षेत्र में भी करियर की उम्मीदें नजर आई, सभी राज्यों में हड़कंप बवाल मचाई। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी का सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत की राजनीतिक पार्टियों द्वारा तथाकथित सम्मान योजनाएं लागू करते कर दाताओं के मेहनत की कमाई से दिए टैक्स का संज्ञान लेना जरूरी है। साथियों बात अगर हम पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना की करें तो, विधानसभा चुनाव 2025 से पहले आप पार्टी ने दिल्ली में पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना शुरू की है। इस योजना के तहत मंदिरों में काम करने वाले पुजारियों और गुरुद्वारे के ग्रंथियों को हर महीने 18000 रुपये दिए जाएंगे। केजरीवाल ने इस योजना का ऐलान करते हुए कहा कि इसके तहत मंगलवार से ही आवेदन किया जा सकता है। इस योजना के जरिए पुजारियों और ग्रंथियों को हर महीने सम्मान राशि दी जाएगी। आप पार्टी का दावा है कि यह देश में पहली योजना है, जिसके तहत पुजारियों और ग्रंथियों की मदद की जा रही है पुजारी- ग्रंथी सम्मान योजना के तहत दिल्ली के सभी मंदिरों और गुरुद्वारों में काम करने वाले पुजारी और ग्रंथी आवेदन कर सकते हैं। हालांकि,अब तक इस योजना की पात्रता के लिए कोई सरकारी नोटिफिकेशन नहीं जारी किया गया है। चर्च या मस्जिद में काम करने वाले लोगों का कोई जिक्र नहीं किया गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह योजना उनके लिए नहीं है।इस योजना के तहत आवेदन मंगलवार (31 दिसंबर) से शुरू हुआ । अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि वह खुद मंगलवार को राजीव चौक के प्राचीन हनुमान मंदिर में पुजारियों के रजिस्ट्रेशन कर पूरे दिल्ली में रजिस्ट्रेशन अभियान शुरू किया ।इस योजना के तहत आवेदन करने वाले पुजारियों और ग्रंथियों को हर महीने 18000 रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। हालांकि, केजरीवाल के पोस्ट में कहा गया है कि आप के जीतने पर ये पैसे मिलेंगे। ऐसे में साफ है कि भले ही रजिस्ट्रेशन अभी से शुरू हो रहे हैं, लेकिन पुजारियों को पैसा 2025 में आप की सरकार बनने पर ही मिलेगा।अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, आप के जीतने पर दिल्ली में मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों को 18,000 रूपए प्रति माह की सम्मान राशि दी जाएगी। ये योजना समाज में उनके आध्यात्मिक योगदान और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने के उनके प्रयासों का सम्मान है। बीजेपी वालों इसे रोकने की कोशिश मत करना, बहुत पाप लगेगा। साथियों बात अगर हम इस योजना से बावल की करें तो, बीजेपी नेता ने एक्स पर लिखा,इतने साल तक तो याद नहीं आई आपको, वोट बैंक के चक्कर में इमामों को तो पैसे देने की घोषणा की पर एक टाइम बाद वो भी बंद कर दिया, आपकी किसी भी घोषणा पर लोगों को विश्वास ही नहीं है।बस चुनावी वादे कर रहे आप। जवाब में आप सांसद ने कहा, बौखलाये भाजपाई पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना का विरोध करने के लिए मैदान में कूद गए हैं। भाजपाइयों 22 राज्यों में तुम्हारी सरकार है तुम्हारे अंदर हिम्मत हो तो ये योजना लागू करके दिखाओ। साथियों बात अगर हम इस योजना के बारे में पार्टी की विचारधारा की करें तो, मीडिया में बात करते हुए मंत्री ने कहा, बीजेपी को पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना से भी दिक्कत है, बीजेपी सिर्फ नकारात्मक प्रचार में लगी हुई है,उनसे पूछा गया कि क्या इस योजना की घोषणा मुस्लिम तुष्टीकरण या इमाम वेतन आरोपों का मुकाबला करने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे भाजपा शासित राज्यों में वक्फ बोर्ड इमामों को वेतन दे रहा है, आंध्र में उनके सहयोगी दल की भी ऐसी ही योजना है,इमामों को वेतन का भुगतान न करने पर उन्होंने कहा, अगर किसी का मकसद राजनीतिक करना है तो हम कुछ नहीं कर सकते। इमामों का वेतन जल्द ही दे दिया जाएगा, कुछ अधिकारी इमामों के वेतन भुगतान में बाधा पैदा कर रहे थे। जैसे पहले बुजुर्गों की पेंशन बंद कर दी गई थी,लेकिन हमने उसे मंजूरी दिला दी. इमामों के वेतन का भुगतान भी जल्द ही कर दिया जाएगा। केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि आज मैं पुजारी और ग्रंथी सम्मान योजना का ऐलान करता हूं, इस योजना के तहत मंदिरों में भगवान की पूजा करने वाले, लोगों को पूजा करवाने वाले पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को हर महीने सम्मान राशि देने का प्रावधान है।पुजारी हमारे सुख-दुख में काम आते हैं। शादी हो, बच्चे का बर्थडे हो, कोई भी खुशी का मौका हो या फिर किसी की मौत हो जाए,वह हर वक्त हमारे साथ रहते हैं लेकिन दुर्भाग्य है कि आज तक किसी ने उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया। इस योजना के तहत हर महीने मंदिर के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18000 रुपये की राशि दी जाएगी।

# ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल: प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की एक बार फिर जीत

वर्ष 2024 के चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक तीसरी जीत ने न केवल उनकी व्यक्तिगत विरासत को मजबूत किया है, बल्कि भारतीय राजनीति में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रभुत्व को भी दर्शाया है। इससे यह पता चलता है कि आज जहां प्रधानमंत्री मोदी भारत के लिए स्थिरता के प्रतीक बन गए हैं, वहीं भाजपा सुशासन का पर्याय बन कर उभरी है। वर्ष 2024 के दौरान, वैश्विक स्तर पर प्रमुख लोकतंत्रों में एक ऐसी सत्ता विरोधी लहर चली, जिसमें सत्तारूढ़ दलों को जबरदस्त हार का सामना करना पड़ा। संयुक्त राज्य अमेरिका में, डेमोक्रेट्स ने कांग्रेस के दोनों सदनों की अध्यक्षता और नियंत्रण गवां दिया। यूनाइटेड किंगडम ने कंजरवेटिव पार्टी (टोरीज) को निर्णायक रूप से सत्ता से बाहर होते देखा। इसी तरह, फ्रांस, दक्षिण कोरिया और पोलैंड में भी सत्तारूढ़ दल सत्ता से बेदखल हो गए। इस वैश्विक रूझान के उलट, भारत में नरेन्द्र मोदी ने न केवल सत्ता बनाए रखी बल्कि ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल भी हासिल किया। वर्ष 2014 और 2019 में उनकी स्पष्ट जीत के बाद, भारतीय मतदाताओं ने एक बार फिर मोदी के पक्ष में एक मजबूत जनादेश दिया जो अंतरराष्ट्रीय सत्ता विरोधी लहर की दृष्टि से एक उल्लेखनीय अपवाद था। वर्ष 2024 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की कुछ सबसे बड़ी जीतों का साक्षी बना। प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल हासिल किया। भारत के राजनैतिक इतिहास में यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, क्योंकि 1962 के बाद से किसी अन्य नेता ने लगातार तीसरी बार जीत हासिल नहीं की है। वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत राजनीतिक स्थिरता का प्रतीक बन गया है। मोदी एक दशक से अधिक समय से सत्ता में बने हुए हैं। यह निरंतरता उल्लेखनीय है, खासकर उस अवधि के दौरान जब दुनिया के अन्य लोकतंत्र राजनीतिक उथल-पुथल से जूझ रहे हैं।



मोदी के कार्यकाल की विशेषता एक ऐसी सामंजस्यपूर्ण सरकार रही है जिसने आर्थिक, सामाजिक और विदेश नीति से जुड़ी उन दूरगामी पहलों को लागू किया है, जिससे भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरने में मदद मिली है। इसके उलट, संयुक्त राज्य अमेरिका कई नाटकीय राजनीतिक बदलावों का साक्षी बना है। वर्ष 2017 तक बराक ओबामा के राष्ट्रपति रहने के बाद, सत्ता की कमान डोनाल्ड ट्रम्प के हाथों में आई। ट्रम्प ने बिल्कुल अलग प्रकार की नीतियां और अपेक्षाकृत अधिक अलगाववादी रुख अपनाया। वर्ष 2021 में, जो बाइडेन ने बहुपक्षवाद और घरेलू निवेश पर जोर देते हुए ट्रम्प की कई प्रमुख नीतियों को उलट दिया। डोनाल्ड ट्रम्प की सत्ता में वापसी ने शासन में एक और बदलाव ला दिया है, जो गहरे पक्षपातपूर्ण विभाजन एवं नीतिगत अस्थिरता का परिचायक है। यूनाइटेड किंगडम ने 2014 से उल्लेखनीय रूप से राजनीतिक अस्थिरता का सामना किया है। कंजरवेटिव पार्टी पार्टी के अधीन, नेतृत्व बार-बार बदलता रहा। ब्रेक्सिट के मुद्दे पर जनमत संग्रह के बाद डेविड कैमरन ने इस्तीफा दे दिया और उनकी जगह आई थेरेसा मे ने भी इस्तीफा दे दिया। थेरेसा मे ब्रेक्सिट वार्ता से संबंधित परेशानियों से जूझ रही थीं। इसके बाद बोरिस जॉनसन ने सत्ता संभाली। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान नेतृत्व किया, लेकिन अंततः घोटालों के बीच इस्तीफा दे दिया। लिज ट्रस के संक्षिप्त एवं उथल-पुथल भरे कार्यकाल के बाद ऋषि सुनक आए। उन्होंने अर्थव्यवस्था और पार्टी में स्थिरता लाने का प्रयास किया। हाल ही में, लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर प्रधानमंत्री बने हैं जिससे शासन में बदलाव आया है। हालांकि चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं, जिनमें पार्टी के भीतर आंतरिक असहमति और राजनीतिक संघर्ष से आशंकित मतदाता शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया ने भी नेतृत्व में तेजी से बदलाव होते देखा है, जो इसकी ऐतिहासिक रूप से अस्थिर राजनीतिक संस्कृति को दर्शाता है। वर्ष 2014 में टोनी एबॉट से शुरू करके, प्रधानमंत्री का पद मैल्कम टर्नबुल और फिर स्कॉट मॉरिसन से होते हुए अब एंथोनी अल्बानीज के जिम्मे आया है। प्रत्येक बदलाव के साथ प्राथमिकताएं भी बदली हैं। अपने पूर्ववर्तियों के अधिक रूढ़िवादी दृष्टिकोण के बाद, अल्बानीज़ ने जलवायु कार्रवाई और सामाजिक नीतियों पर ध्यान केन्द्रित किया है। इटली का राजनीतिक परिदृश्य भी उतना ही हलचल भर रहा है। वहां एक के बाद एक सरकारें अक्सर अपना कार्यकाल पूरा करने से पहले ही गिर गईं। माटेओ रेन्ज़ी के सुधार-प्रेरित कार्यकाल के बाद पाओलो जेंटिलोनी आए। उसके बाद ग्यूसेप कोंटे की गठबंधन सरकार आई और फिर तकनीक की ओर झुकाव रखने वाला मारियो ड्रैगी का नेतृत्व आया। और अब जियोर्जिया मेलोनी, इटली की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी हैं। मेलोनी की ऐतिहासिक जीत के बावजूद, इटली राजनीतिक विखंडन और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। पाकिस्तान, विशेष रूप से, राजनीतिक अस्थिरता का एक स्पष्ट उदाहरण है। वहां अक्सर भ्रष्टाचार और चुनावी धोखाधड़ी के आरोपों के बीच बार-बार नेतृत्व परिवर्तन होते रहे हैं। वर्ष 2014 के बाद से, देश ने नवाज शरीफ से लेकर शाहिद खाकन अब्बासी, उसके बाद इमरान खान और अब शहबाज शरीफ तक का बदलाव देखा है। प्रत्येक नेता का कार्यकाल अपने पूर्ववर्तियों के साथ विवादास्पद संबंधों के कारण चर्चित रहा है, जिसकी परिणति अक्सर कानूनी लड़ाई और कारावास में हुई है। इस अस्थिर राजनीतिक माहौल ने टिकाऊ शासन एवं आर्थिक प्रगति हासिल करने की पाकिस्तान की क्षमता को कुंद कर दिया है। इज़राइल ने विशेष रूप से अपनी खंडित गठबंधन प्रणाली के कारण व्यापक राजनीतिक उथल-पुथल का अनुभव किया है। वर्ष 2014 के बाद से, देश ने बेंजामिन नेतन्याहू को नेफ्ताली बेनेट के हाथों सत्ता गंवाते देखा है। इसके बाद येर लापिड का संक्षिप्त कार्यकाल रहा। लापिड के बाद नेतन्याहू प्रधानमंत्री के रूप में एक फिर वापस लौटे। वर्ष 2014 के बाद से, इज़राइल में देश की संसद, नेसेट के लिए छह राष्ट्रीय चुनाव कराए गए हैं। ये चुनाव 2015, अप्रैल 2019, सितंबर 2019, 2020, 2021 और 2022 में हुए। जापान जहां अपेक्षाकृत अधिक राजनीतिक स्थिरता के लिए जाना जाता है, लेकिन हाल के वर्षों में हुए नेतृत्व परिवर्तनों ने लोगों को हैरान किया है। शिंजो आबे, जिन्होंने 2020 तक प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया, ने स्वास्थ्य कारणों से अप्रत्याशित रूप से इस्तीफा दे दिया। उनकी जगह योशीहिदे सुगा ने ली, जिन्होंने केवल एक साल के बाद ही पद छोड़ दिया और फुमियो किशिदा घनघोर अनिश्चितता के बीच केवल तीन वर्षों तक प्रधानमंत्री रहे और अब शिगेरु इशिबा ने उनकी जगह ली है। वर्ष 2014 के बाद से, ब्राज़ील को आर्थिक संकट, भ्रष्टाचार घोटालों और ध्रुवीकृत चुनावों से प्रेरित राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है। वर्ष 2016 में डिल्मा रूसेफ पर महाभियोग लगाया गया, जिससे मिशेल टेमर के लिए रास्ता साफ हुआ। मिशेल टेमर का कार्यकाल काफी विवादास्पद रहा। इसके बाद जेयर बोल्सोनारो धुर दक्षिणपंथी लोकलुभावन रुख अपनाते हुए सत्ता में आए। हाल ही में, लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ध्रुवीकरण वाले चुनाव के बाद सत्ता में लौटे हैं। दक्षिण कोरिया में, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच पार्क ग्यून-हे के विरूद्ध 2017 में महाभियोग लगाया गया। उनके उत्तराधिकारी, मून जे-इन, आर्थिक चुनौतियों और राजनयिक तनावों से जूझते रहे। यून सुक-योल वर्तमान राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने हाल ही में मार्शल लॉ लागू करने का असफल प्रयास किया और दक्षिण कोरिया की संसद द्वारा उनके विरुद्ध महाभियोग चलाने की प्रक्रिया चल रही है। वर्ष 2014 के बाद से अर्जेंटीना में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिले हैं, जिसमें नेतृत्व क्रिस्टीना फर्नांडीज डी किरचनर से मौरिसियो मैक्री और उसके बाद अल्बर्टो फर्नांडीज तथा अब जेवियर माइली के हाथों में पहुंचा है। प्रत्येक नेता ने स्पष्ट रूप से अलग-अलग आर्थिक और सामाजिक नीतियों को अपनाया है, जो अनिश्चितता भरे माहौल और राजनीतिक समीकरणों में बार-बार बदलाव को जन्म दे रहा है।

# टीबी मुक्त बहराइच को लक्ष्य मान कर करे नएवर्ष की शुरुआतः डीएम

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में आज नए वर्ष को लेकर रूपरेखा तय की गई जिसके तहत नया साल नई शुरुआत का प्रतीक है। इस संकल्प को लेकर जनपद में क्षय टीबी रोग उन्मूलन की दिशा में आप अपना अमूल्य योगदान देकर इस नव वर्ष को और भी खास बना सकते हैं।

जनपद में वर्तमान में 5045 क्षय रोगी इस बीमारी से जूझ रहे हैं, जिनमें से 4781 मरीजों का इलाज चल रहा है। इन्हें न केवल दवा, बल्कि पोषण, मानसिक सहयोग और नियमित देखभाल की भी आवश्यकता है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने नव वर्ष के अवसर पर समाज के प्रबुद्ध वर्ग, धर्मगुरु, उद्योगपतियों और व्यवसायियों से अपील की कि वे आगे आकर निक्षय मित्र बनें। उन्होंने कहा, 2025 सिर्फ एक नया साल नहीं, बल्कि टीबी मुक्त बहराइच के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाने का अवसर है। आपका योगदान न सिर्फ मरीजों के जीवन को संवार सकता है, बल्कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण में भी अहम भूमिका निभा सकता है।



- नववर्ष पर नई उम्मीद : निक्षय मित्र बनकर दें किसी को नया जीवन : डीएम
- डीएम ने की जनपद के उद्योगपतियों व व्यवसायियों से विशेष अपील

उन्होंने बताया कि निक्षय पोषण योजना के तहत इलाजरत सभी मरीजों को 1000 रुपये प्रति माह दिया जा रहा है, लेकिन इसके साथ ही समुदाय का सहयोग आवश्यक है। अब तक 696 निक्षय मित्र बने हैं, जिन्होंने 3586 मरीजों को गोद लिया है। इनमें अधिकांश सरकारी अधिकारी और कर्मचारी हैं। डीएम ने धर्मगुरुओं, उद्योगपतियों, और विभिन्न व्यवसायियों से इस अभियान में भागीदारी करने की अपील की।

### निक्षय मित्र बनने की प्रक्रिया और भूमिका

निक्षय पोर्टल पर जाकर या जिला क्षय रोग अधिकारी के मोबाइल नंबर 9792969400 पर संपर्क कर पंजीकरण कर कम से कम एक रोगी की जिम्मेदारी लें सकते हैं। निक्षय मित्र की भूमिका यह रहेगी जैसे रोगी को हर महीने पौष्टिक आहार (गुड़, चना, मूंगफली, तिल, सत्तू, प्रोटीन पाउडर, फल आदि कि निक्षय पोषण पोटली) देना इलाज का पूरा कोर्स करने में मरीज का हौसला बढ़ाना मरीज की सेहत और प्रगति पर नजर रखना। अन्य लोगों को भी इस पहल से जोड़ने के लिए प्रेरित करना।

**आपके योगदान का ऐसे दिखेगा प्रभाव-** मरीजों की रिकवरी में तेजी आएगी, उनकी जिंदगी में सकारात्मकता और आत्मविश्वास बढ़ेगा, यह आपके उद्योग या व्यवसाय को एक मजबूत सामाजिक पहचान देगा।

### ये होते हैं टीबी के लक्षण

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एमएल वर्मा के अनुसार दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, रात में पसीना आना, वजन कम होना, भूख न लगना, थकान, और गर्दन में गिल्टी के लक्षण होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर निःशुल्क जांच कराएँ। क्षय रोग केवल एक मेडिकल समस्या नहीं है, यह सामाजिक और आर्थिक विकास में बाधा भी है। टीबी उन्मूलन का लक्ष्य केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। आपके छोटे से योगदान से न केवल एक मरीज की जिंदगी बदल सकती है, बल्कि आप समाज में बदलाव की एक मजबूत कड़ी भी बन सकते हैं। डॉ संजय कुमार शर्मा सीएमओ ने बताया कि टीबी उन्मूलन के लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक है। जनपद के माननीय जन प्रतिनिधि व ग्राम पंचायत के मुखिया का योगदान भी एक बड़ा बदलाव ला सकता है। आइए नव वर्ष पर, समाज में एक नई उम्मीद जगाएं। क्षय रोगियों की सहायता करके उनकी जिंदगी में नई रोशनी लाएं। मिलकर टीबी मुक्त बहराइच का निर्माण करें।

## नववर्ष सभी के लिए खुशियां लेकर आये

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने नव वर्ष-2025 के आगमन पर जनपदवासियों को बधाई देते हुए सभी की सुख-समृद्धि, उज्वल भविष्य, दीर्घायु, स्वास्थ्य एवं उन्नति की कामना की है।

उन्होने कहा कि जनपदवासियों ने जिस प्रकार विभिन्न अवसरों, त्योहारों पर आपसी सौहार्द रख शान्ति व्यवस्था, अमन-चौन, भाईचारा बनाये रखने में जो सहयोग प्रदान किया है वह प्रशंसनीय है, सभी जनपदवासी नये साल में भी अपनी इस गौरवमयी परम्परा को कायम रख प्रदेश में अपनी एकता, अखंडता की मिसाल पेश करें। उन्होने कहा कि नववर्ष सभी के लिए खुशियां लेकर आये, जनपद का प्रत्येक नागरिक प्रगति के पथ पर अग्रसर हो और जीवन में उन्नति करे। उन्होने जनपदवासियों से अपील की है कि वह नववर्ष में आपसी एकता के साथ भाईचारे, सौहार्द की भावना को बनाये रख जनपद के सर्वागींण विकास में अपना योगदान दें।

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर डीएम के हाथों जरूरतमन्दों को मिली कम्बल की सौगात

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन के निर्देश पर अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से नव वर्ष 2025 की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने देर रात्रि नगर क्षेत्र का भ्रमण कर रोडवेज़ व महर्षि बालार्क चिकित्सालय में संचालित रैन बसेरों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद गरीब मुसाफिरों, रिक्शा चालकों, मरीज़ों के तीमारदारों व अन्य जरूरतमंदो को कम्बल का वितरण किया।

महर्षि बालार्क चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौके पर मौजूद मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार को निर्देश दिया कि सभी



- रैन बसेरों व अलाव व्यवस्था का डीएम ने लिया जायज़ा

सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर अलाव की व्यवस्था की जाये तथा चिकित्सालय के प्रसव कक्ष, इमरजेन्सी व अन्य वार्डो में रूम हीटर लगवाये तथा शरद ऋतु के दौरान भर्ती मरीज़ों के लिए कम्बल की माकूल व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बताया कि जनपद में 250 से अधिक स्थानों पर अलाव जलवाये जा रहे हैं। डीएम ने बताया कि राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मार्फत नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में रैन बसेरों व अलाव की निरन्तर चेकिंग करायी जा रही है तथा जरूरतमन्द लोगों को कम्बल का वितरण भी किया जा रहा है। इस अवसर पर तहसीलदार सदर अनिरूद्ध कुमार यादव, डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह, आयुष चिकित्साधिकारी डॉ. पीयूष नायक सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# सिंगल यूज़ प्लास्टिक अभियान में दुकानदारों से वसूले 17000

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** शासन के आदेशों के क्रम में सिंगल यूज प्लास्टिक पर अधिरोपित प्रतिबन्ध का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु दिनांक 23 दिसम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 के मध्य आरंभ 5.0 एवं दिनांक 25 दिसम्बर 2025 से 01 जनवरी के मध्य प्लास्टिक उन्मूलन महाअभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है उक्त के क्रम में नगर आयुक्त ऋषिराज के आदेशों के अनुपालन में जोनल सैनेटरी ऑफीसर सन्दीप भार्गव एवं एण्टी एसयूपी टीम लीडर मनोज कुमार के निर्देशन में अभियान चलाकर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग करने पर चार लोगों से 17,000 रू0 का जुर्माना वसूल किया गया। इस संबंध में एण्टी एसयूपी टीम लीडर मनोज कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि 30 दिसम्बर 24 को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग/ भण्डारण/ विक्रय करने पर श्री आवेद हुसैन पुत्र शब्बीर हुसैन नि. जाटवपुरी चौराहा से 5000/-रू0, साजिद पुत्र नसरूद्दीन से 5000/-रू0, बबलू पुत्र शब्बीर नि0 जाटवपुरी चौराहा से 5000/-रू0 एवं जावेद पुत्र अब्दुल हकीम नि0 जाटवपुरी चौराहा से 2000/-रू0 का जुर्माना वसूल किया गया। इस तरह नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा कुल 17,000 रू0 का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही एण्टी एसयूपी टीम लीडर द्वारा आस.पास के अन्य दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोगए भण्डारण एवं विकय न करने की सख्त हिदायत दी।



अभियान में प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन अरविन्द भारती जी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विपन कुमार, शैलेन्द्र कुमार एवं पवन कुमार सहित प्रवर्तन दल की टीम उपस्थित रही।

## एडीएम सिटी ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**अलीगढ़।** अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। एडीएम ने विगत दिनों खेरेश्वर चौराहे पर घटित दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए नेशनल हाईवे की अधिकारियों को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के उपरांत 12 घंटे तक सड़क पर चहुंओर बेतरतीब ढंग से मलवा बिखरा रहा। नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा मलवा हटाने को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने आरटीओ को नेशनल हाईवे अथॉरिटी से इस संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि सड़क पर 12 घंटे तक फैला मलवा किसी अन्य दुर्घटना को आमंत्रित करता रहा, परंतु एनएचएआई द्वारा कोई सुध नहीं ली गई।

# सरस्वती विद्या मन्दिर में विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाया वैज्ञानिक दृष्टिकोण

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, जसलई मार्ग, केशवपुरम शिकोहाबाद में विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार चौहान के निर्देशन में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने डियानुमो, जेनरेटर, विंड मिल, इन्वर्टर, चंद्रयान 3, क्रिया प्रतिक्रिया का सिद्धांत, पादप कोशिका, ज्वालामुखी, ईदूकार, गुरुत्वाकर्षण, इलेक्ट्रॉनिक बेल, राममंदिर, वैदिक गणित आदि का प्रदर्शन किया। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को मॉडलों की जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें नवाचार प्रेरित करने के लिए बताया। उन्होंने मॉडलों को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबंधक डा. सुशील कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र जैन ने सभी मॉडल्स को बारीकी से निरीक्षण कर अपेक्षित जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह चौहान ने प्रदर्शनी का सार तथा विज्ञान के नए-नए आयाम के बारे में अपना उद्बोधन प्रदान करके सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। प्रदर्शनी में कक्षा 11 की संगम, नीतू, खुशी ने प्रथम स्थान कक्षा 8 के तेज प्रताप, चंदन ने द्वितीय स्थान एवं कक्षा 7 की मानवी, पूजा, चांदनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।



## घटिया निर्माण सामग्री से हो रहा आंगनबाड़ी भवन का निर्माण

**अम्बेडकरनगर।** नौनिहालों के उज्जवल भविष्य के लिए सरकार जहां प्रयत्नशील है वहीं सरकारी कर्मचारी और ठेकेदार आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण में अनियमितता कर उनकी जिन्दगी से खिलवाड़ कर रहे है। ब्लॉक में बनाए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्रों में से कई केंद्रों पर मानक के अनुसार सामग्री का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। अकबरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत पीरपुर स्थित कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में ग्रामीणों ने अनियमितता का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में दोयम दर्जे की ईट और मानक के विपरीत सीमेंट-बालू के मिश्रण का उपयोग किया जा रहा है। आंगनबाड़ी के निर्माणधीन भवन की गुणवत्ता को प्रभावित करेगा। इस छत के नीचे छोटे-छोटे बच्चों को बैठना है। गुणवत्ताहीन कार्य से भवन कमजोर रहेगा।

# मंडलायुक्त ने छत्रसाल रोड पर बनाई जा रही पानी की टंकी की निरीक्षण किया

अवधनामास संवाददाता

**उरई (जालौन)।** नगर में पेयजल की आपूर्ति के लिए तीन ओवरहेड पानी की टंकी के साथ ही पाइप लाइन बिछाई जा रही है। मंडलायुक्त ने छत्रसाल रोड पर बनाई जा रही पानी की टंकी की निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गोशाला का भी निरीक्षण किया। बाद में उन्होंने कान्हा गोशाला का भी निरीक्षण किया। मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे नगर में पहुंचे। सबसे पहले वह छत्रसाल रोड पर बनाई जा रही पानी की टंकी के निर्माण की प्रगति देखने पहुंचे। जहां उन्होंने ओवरहेड टैंक के साथ ही पंप हाउस, ऑफिस आदि के निर्माण को देखा। पानी की टंकी के निर्माण से वह संतुष्ट नजर आए। वहीं, ऑफिस के निरीक्षण में बनाए जा रहे कमरों से वह संतुष्ट नजर नहीं आए। उन्होंने कहा कि ऑफिस को बंद कमरे के रूप में नहीं नहीं बल्कि केबिन के रूप में बनाया जाए। ताकि कर्मचारियों को कार्य करने में सहूलियत हो और स्पेस नजर आए। अमृत 2.0 के अंतर्गत जालौन नगर पालिका परिषद पेयजल परियोजना के अंतर्गत मैसर्स ब्रिज इंजीनियरिग वर्क्स एंड बैंको कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। कंपनी के कर्मचारी ने बताया कि 4560.61 लाख रुपये की लागत से नौ नए ट्यूबबैल, दो ट्यूबबैल का रीबोर, तीन अवर जलाशय, जिसमें एक 500 किली, दूसरा 450 किली व तीसरा 600 किली का बनाया जा रहा है। 1550, 1800 व 2350 किली की क्षमता के तीन उच्च जलाशय का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा पाइप लाइन व 14586 गृहसंयोजन का लक्ष्य है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ले आउट व पाइप कार्यो की फिटिंग संबंधी कार्यो को अपने सामने कराकर देखा। टंकी के निरीक्षण के बाद वह कान्हा गोशाला के निरीक्षण के लिए पहुंचे। गोशाला में पशुओं में सर्दी से बचाव के इंतजाम दिखे। पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा व हरा चारा मिला। निरीक्षण के उपरांत मंडलायुक्त ने कहा कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत कराए जा रहे ओवरहेड टैंक की प्रगति व गोशाला का निरीक्षण किया गया। इस योजना के अंतर्गत लगभग 65 हजार की आबादी को शुद्ध व स्वच्छ पेयजल आपूर्ति कराने का लक्ष्य है। परियोजना का समयसीमा जुलाई 2025 तक पूरा कराने के निर्देश देने के साथ ही अन्य आवश्यक निर्देश दिए हैं।

## गरीबों की सेवा हेतु सरकार प्रतिबद्ध : प्रदीप कुमार



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** तिलौरा में निराश्रित, असहायों को भीषण ठंड से बचने के उद्देश्य हेतु कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रदीप कुमार शुक्ल व ब्लॉक प्रमुख शशी प्रताप सिंह ने गरीबों को ठंड से बचाव के लिए 400 कंबल वितरण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा गरीब असहाय निर्धन और विकलांग को ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया जा रहा है। विधायक ने कहा की आने वाले समय में ठंड का प्रकोप और ज्यादा बढ़ाने की संभावना है। जिसके कारण प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम के तहत पहले से ही सुरक्षा के लिए गरीबों निसहाय लोगों को कंबल वितरण किया जा रहा है। प्रतिवर्ष सर्दी का मौसम आते ही जरुरतमंदों को शीतलहर से बचाव के लिए सरकार एक परंपरा के अनुरूप निशुल्क कंबल वितरण के कार्यक्रम करती है। सरकार की कोशिश है कि पात्र असहाय वर्ग के लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह, प्रधान प्रतिनिधि ई रमेंद्र मिश्रा, नायब तहसीलदार राकेश कुमार कनौजिया,सेक्टर प्रभारी ध्रुव नारायण धर दुबे, मनमोहन सिंह मन्त्री, श्रीकांत धर दुबे, नीरज यादव समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

## 213 लीटर शराब का किया विनष्टीकरण

**फिरोजाबाद अवधनामा संवाददाता।** थाना नसीरपुर पुलिस द्वारा 24 अभियोगों से सम्बन्धित 213 लीटर शराब का विनष्टीकरण किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी जसराना के पर्यवेक्षण में न्यायायल अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिकोहाबाद, फिरोजाबाद के आदेशानुसार कुल 24 अभियोगों से सम्बन्धित नाजायज देशी शराव का विनिष्टीकरण क्षेत्राधिकारी जसराना, नायब तहसीलदार शिकोहाबाद, थानाध्यक्ष नसीरपुर व हे0मो0 454 जितेन्द्र सिंह की मौजूदगी में कुल 213 लीटर शराब का नियमानुसार विनिष्टीकरण किया गया। माल विनिष्टीकरण की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी की गई। शराब विनिष्ट्रिकरण में मौजूद टीम क्षेत्राधिकारी जसराना, नायब तहसीलदार शिकोहाबाद, आबकारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष नसीरपुर, नोडल उ0नि0 थाना नसीरपुर, हे0मोहर्र थाना नसीरपुर रही।



## पुलिस मुठभेड़ के दौरान शातिर गोकश घायल/ गिरफ्तार, कब्जे से अवैध तमंचा कारतूस व गोकशी का सामान बरामद

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं गोकशी में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये आदेश निर्देशों के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर मृगांक शेखर पाठक के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी गभाना संजीव कुमार तोमर के कुशल पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी गभाना विनय कुमार के नेतृत्व में गठित टीम व स्वॉट/सर्विलांस की संयुक्त टीमों द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर सुमेरपुर बम्बे के पास गोकशी की घटना कारित करने वाले मु0अ0सं0 397/24 धारा 3/5/8 गोवध अधि0, मु0अ0सं0- 401/24 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधि0 में वांछित अभियुक्त सलमान उर्फ सद्दाम उर्फ पड्डा पुत्र अहसान निवासी ग्राम रामपुर शाहपुर थाना चण्डौस अलीगढ़ हालपता- गली नं0-7 शहंशाहबाद थाना क्वार्सी अलीगढ़ को कलुआ गौशाला के पास से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0- 409/24 धारा 109 बी0एन0एस0 व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। 30/31.12.24 की रात्रि में थाना गभाना व स्वॉट/सर्विलांस की संयुक्त टीमों द्वारा पचपेड़ा तिराहे पर चेकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर खास ने सूचना दी कि जिन अभियुक्तों ने सुमेरपुर बम्बे के पास गोकशी की घटना कारित थी। उनसे सम्बन्धित अभियुक्त कलुआ गौशाला के पास गेहूँ के खेत में गोकशी करने के उद्देश्य से घात लगाकर बैठे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीमों द्वारा अपने आप को छुपते छुपाते हुए पकड़ने का प्रयास किया गया तो ये लोग हम पुलिस वालों को देखकर भागने लगे और भागते समय चिल्लाये कि पुलिस आ गई है एवं पुलिस वालों को अपनी तरफ आता देख बदमाशों ने जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ सिखलाये गये तरीखे से फायरिंग की गयी तो एक अभियुक्त सलमान उर्फ सद्दाम उर्फ पड्डा पुत्र अहसान निवासी ग्राम रामपुर शाहपुर थाना चण्डौस अलीगढ़ हालपता- गली नं0-7 शहंशाहबाद थाना क्वार्सी अलीगढ़ के पैर में गोली लगी जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, नाल में फँसा हुआ एक खोखा कारतूस व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद व गोकशी करने का सामान बरामद हुआ

## नगर के प्रेस क्लब में हुआ पत्रकार एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित नववर्ष के कैलेंडर का विमोचन--



**सुल्तानपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर के प्रदेश क्लब में पत्रकार एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित नववर्ष के कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। उक्त कार्यक्रम में संगठन से जुड़े जिले के सभी इकाई अध्यक्ष तथा पत्रकार पहुंचे। मंगलवार को जिले के प्रेस क्लब में पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार डॉ अवधेश शुक्ला की अध्यक्षता में संगठन द्वारा प्रकाशित 2025 के कैलेंडर का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले के कुड़वार इकाई के अध्यक्ष उदय प्रकाश मिश्रा ने कार्ययोजना तैयार कर बैठक के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर जिले के वरिष्ठ पत्रकार निसार भाई,इम्तियाज अहमद, शमीम आफताब, संगठन के कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा, आशीष मिश्रा, कुड़वार इकाई के अध्यक्ष उदय प्रकाश मिश्रा, मोनू श्रीवास्तव, धर्मेंद्र तिवारी, नितिन विस्वास, आशीष मौर्य,बल्दीराय इकाई अध्यक्ष पीर मोहम्मद समेत संगठन के कई पत्रकार मौजूद रहे।

## अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चलाया अभियान

**सुल्तानपुर अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी, सुल्तानपुर एवं उप आबकारी आयुक्त, अयोध्या प्रभार के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार तिवारी, के पर्यवेक्षण में उपजिलाधिकारी कादीपुर उत्तम कुमार तिवारी तथा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र एक संजय कुमार मिश्रा, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 गिरिराज सिंह, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 डॉ संजय कुमार उपाध्याय, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 संजय कुमार श्रीवास्तव,आबकारी निरीक्षक श्रेत्र 5 नेहा श्रीवास्तव की संयुक्त टीम द्वारा कादीपुर में ग्राम कादीपुर खुर्द व जंगलिया में दबिश दी गई। मौके पर अवैध कच्ची शराब की भट्ठियों के साथ लगभग 700 किग्रा लहन नष्ट किया गया। साथ ही लगभग 66 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 2 अभियोग आबकारी की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया।



## अहसास फ़ाउन्डेशन ने लिहाफ़ तक़सीम किये

**धामपुर।** समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाली संस्था अहसास फ़ाउन्डेशन ने ग़रीब लोगों को लिहाफ़ और जैकेट तकसीम की सर्दी के मौसम में होने वाला यह पहला प्रोग्राम था जिसे नींदडू में आयोजित किया गया इस मौके पर अपने ख़यालात का इज़हार करते हुए डॉ रफ़त मसऊद पत्रकार ने कहा कि अहसास फ़ाउन्डेशन ने हमेशा नेक काम की शुरुआत की है और इस बार भी सर्दी का शदीद मौसम आते ही अहसास फ़ाउन्डेशन ने ग़रीब लोगों की ख़दिमत करने में पहल की जिसके लिए वो अहसास फ़ाउन्डेशन के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को मुबारकबाद पेश करते हैं अहसास फ़ाउन्डेशन के अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ़ ने कहा कि यह ऊपर वाले का करम है कि वो हमसे नेक काम ले रहा है मोहम्मद आसिफ़ ने कहा कि उनके संगठन का एक एक मेम्बर मुबारकबाद का मुसतहिक़ है कि उन्होंने संस्था की हर तरह से मदद और सहयोग करके इस प्रोग्राम को कामयाब बनाया अहसास फ़ाउन्डेशन के लीगल एडवाइज़र नबील एडवोकेट ने कहा कि आगे भी ग़रीबों की सेवा के लिए प्रोग्राम आयोजित किये जायेंगे।

# बार काउंसिल यूपी के सचिव ने एल्डर कमेटी के अध्यक्ष को पत्र प्रेषित कर दिये निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**कर्नलगंज, गोण्डा।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर के सचिव द्वारा कर्नलगंज तहसील बार एसोसिएशन द्वारा नामित एल्डर कमेटी के अध्यक्ष को पत्र प्रेषित किया गया है। जिसमे कहा गया है कि तहसील कर्नलगंज के अधिवक्ता रामबाबू पांडेय द्वारा पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है की जनपद गोंडा के बार एसोसिएशन कर्नलगंज का चुनाव आगामी 3 जनवरी को नियत है।

- सीओपी धारक अधिवक्ता ही बार एसोसिएशन कर्नलगंज के चुनाव में लेंगे हिस्सा

बीते 21 दिसंबर को बार एसोसिएशन कर्नलगंज के अध्यक्ष/मंत्री द्वारा चुनाव सम्पन्न कराने के लिए 143 सी.ओ.पी. धारक अधिवक्ता/ मतदाताओं की सूची एल्डर्स कमेटी को सौंपी गई थी। उसके बाद एल्डर्स कमेटी द्वारा मतदाता सूची में 26 अधिवक्ताओं का नाम जोड़ा गया है। जिसमें कई अधिवक्ता सी.ओ.पी. धारक नहीं है। जिसका संज्ञान लेकर बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चेयरमैन शिवकिशोर गौड़ द्वारा सी.ओ.पी. धारक अधिवक्ताओं का नाम सूची में शामिल कर चुनाव सम्पन्न कराने का आदेश दिया गया है।

बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों की देखरेख में सम्पन्न होगा चुनाव।

बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष द्वारा निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव सम्पन्न कराने के लिए बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य/पूर्व अध्यक्ष जानकी शरण पांडेय व सदस्य/पूर्व उपाध्यक्ष जय नारायण पांडेय को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। चुनाव के सम्बन्ध में पर्यवेक्षक गण द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा।

### चेयरमैन, एल्डर्स कमेटी को दिया निर्देश

बार एसोसिएशन कर्नलगंज के एल्डर्स कमेटी चेयरमैन को नामित पर्यवेक्षक के पर्यवेक्षण में माडल बाइलाज के नियमों-उपनियमों के अन्तर्गत वन बार वन वोट के सिद्धान्त का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए बार एसोसिएशन का निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव सम्पन्न कराते हुए बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को चुनाव परिणाम से अवगत कराने का निर्देश दिया है।

### सी.ओ.पी. धारक अधिवक्ता ही चुनाव में लेंगे हिस्सा

आदेश में कहा गया है की चुनाव सम्पन्न कराने के लिए नामित एल्डर्स कमेटी के साथ मतदाता सूची में सी.ओ.पी. धारक अधिवक्ताओं का ही नाम होगा। सी.ओ.पी. धारक अधिवक्ता ही चुनाव में हिस्सा लेंगे।

## महिलाओं ने प्रेस वार्ता के माध्यम से लगाई न्याय की गुहार

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** बांसगांव थाना क्षेत्र के एक गांव की दो महिलाओं ने प्रेसवार्ता के माध्यम से बताया कि 28 दिसंबर को मेरे गांव के एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाने के कारण घर के पुरुष उसके दाह संस्कार में गोला गए थे। उसी दिन शाम को जब हम लोग शौच के लिए जा रहे थे तो मेरी देवरानी के साथ मेरे ही गांव के श्याम नारायण मिश्रा जबरदस्ती करते हुए अपनी गाड़ी में खींचकर अश्लील हरकत कर रहा था शोर सुनकर जब मैं अपनी देवरानी को बचाने गई तो आरोपी हमलावर हो गए मुझे रिवाल्वर दिखाते हुए पीटने लगे उसकी पिटाई से हम दोनों देवरानी जेठानी बेहोश हो गए। महिला ने यह भी आरोप लगया की उसके बाद हमारी इच्छा के विरुद्ध कार्य किया जिससे मेरे दो मां का गर्भ खराब हो गया बाद में ग्रामीण जुटे तब होश में आई तब तक पुलिस एवं एंबुलेंस आ चुकी थी। प्रेसवार्ता के माध्यम से महिलाओं ने पुलिस प्रशासन से मांग किया है कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो जिससे हम लोगों को न्याय मिल सके।



## राहुल रेड की स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था अंतस के आरेख के बैनर तले दिवंगत युवा साहित्यकार राहुल रेड की स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन अभिमन्यु एकेडमी में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता उस्ताद शायर बहार चिश्ती ने की तथा संचालन वैभव सोमवंशी सुभग ने किया। आयोजन के मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार जवाहर सिंह गंगवार रहे। मुख्य अतिथि के आसन से बोलते हुए जवाहर सिंह गंगवार ने कहा कि साहित्यकारों की युवा पौध ही भविष्य के गुलशन को तैयार करेगी। ऐसा ही एक युवा साहित्यकार राहुल रेड हम सबको असमय छोड़कर चला गया। राहुल से साहित्य जगत को काफी उम्मीदें थीं। उन्होंने कहा कि छोटी सी उम्र में राहुल ने अपेक्षा से अधिक नाम कमाया और लेखन किया। इस अवसर पर गंगा जमुनी तहज़ीब का प्रदर्शन होता रहा। बरेली से आये ग़ज़लकार आनंद पाठक ने बहुत ही सुंदर काव्यपाठ कर के महफिल लूट ली। संस्था के अध्यक्ष शुभाशीष पाल ,संयोजक हेमंत राजपूत, देवा यादव, जगमोहन गौतम मुसाफ़िर,अमेठी से आये सागर बंधु, गीतकार राम चंद्र सरस ,वैभव सोमवंशी, कुमार कौशल,यूनुस चिश्ती, फ़हमीद गौस पुरी, सोहेल बरेली, ने काव्यपाठ पाठ किया। अभिमन्यु शूटिंग अकादमी के डायरेक्टर अनिल पाल एवं ज्ञान अर्पण अकादमी के डायरेक्टर बलराम पाल ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया।



## भगवान की कथा का श्रवण हमें तीन पापों से मुक्त कराता है : चंदेश्वर गिरी



**ललितपुर अवधनामा संवाददाता।** चंडी पीठाधीश्वर स्वामी चंदेश्वर गिरी महाराज के द्वारा श्री भागवत कथा का प्रारंभ स्थानीय प्रशांति विद्या मंदिर गोविंद नगर में हुआ। भागवत कथा की प्रथम दिवस आज कलश यात्रा कुछ कुटी से प्रारंभ होकर प्रशांत की विद्या मंदिर गोविंद नगर तक गई। कलश यात्रा में कथा व्यास स्वामी चंदेश्वर गिरी के अलावा अनेक साधु संत एवं नगर वासियों माता बहनों ने प्रतिभाग किया। कथा के प्रथम दिवस स्वामी चंदेश्वर गिरी ने कहा भागवत कथा हमें तीनों प्रकार के कष्ट जिनमे देहिक दैविक और भौतिक तीनों प्रकार के कष्टों से हमें मुक्त कराती है। इस अवसर पर भागवत कथा के मुख्य यजमान प्रशांति विद्या मंदिर परिवार के श्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कल से कथा दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी अधिक से अधिक लोग कथा में भाग लेकर धर्म लाभ उठाएं। इस अवसर पर मुख्य यजमान संजय श्रीवास्तव, श्रीमती शकुंतला कुशवाहा, कमल कुशवाहा, विशाल भटनागर, वर्णित भटनागर, मनीष भटनागर, संजय कुशवाहा, विजय श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, हर्ष श्रीवास्तव, उत्कर्ष श्रीवास्तव, अर्पित श्रीवास्तव, सोम कांत श्रीवास्तव, शिवांशु श्रीवास्तव, अशोक कुमार श्रीवास्तव अनिल कुमार श्रीवास्तव, शशि भूषण श्रीवास्तव, विपिन बिहारी श्रीवास्तव, रमन शर्मा, बिहारी लाल सविता, भारत लाल सेन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने में भूमिका निभायें पुलिस अधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक ने कैम्प कार्यालय में राजपत्रित अधिकारियों के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी की गयी जिसमे लम्बित विवेचनाओं प्रार्थना-पत्रों, आईजीआरएस आदि की समीक्षा कर, उनका उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा आगामी त्यौहारों नववर्ष में आयोजित होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

जनपद में अपराधों की समीक्षा की गयी तथा लम्बित विवेचनाओं/पार्ट पीआई का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण कराया जाए तथा अभियोगों में वांछित, एनबीडब्ल्यु, कुर्की अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी/तामीला कराना सुनिश्चित करें। विवेचनाओं के शीघ्र गुणवत्तापूर्ण व साक्ष्य परख तथ्यों के आधार पर उचित निस्तारण कराने, विवेचकों को ई-साक्ष्य ऐप का उपयोग करने तथा दौराने साक्ष्य संकलन की कार्यवाही के तहत अधिक से अधिक वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गये। जनपद के प्रत्येक थाना स्तर पर ई-ऑफिस स्थापित करने के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। एसपी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद के प्रत्येक थाना स्तर पर सी.सी.टी.वी. कंट्रोल रुम स्थापित किया जाए तथा थाना क्षेत्र के आस-पास सार्वजनिक स्थानों/रास्तों पर लगे सी.सी.टी.वी. कैमरों को कनेक्ट कर मॉनिटरिंग करने के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्माणाधीन भवनों का स्थलीय निरीक्षण किया जाये एवं भवनों का निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण/सुचितापूर्ण व शीघ्र निर्माण कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नव वर्ष के अवसर पर समस्त आयोजन स्थलों एवं सार्वजनिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर समुचित पुलिस प्रबंध कर सतर्क दृष्टि रखी जाये।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत अपहृत, गुमशुदा की सकुशल अति शीघ्र बरामदगी के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी द्वारा आईजीआरएस के सम्बन्ध में समीक्षा कर, पेंडिग आईजीआरएस का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर आवेदक की समस्या का शत-प्रतिशत निराकरण कराना सुनिश्चित करें। महाकुम्भ मेला प्रयागराज के दृष्टिगत जनपद के अतर्राज्जीय बोर्डर पर श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु, सुरक्षा एवं शाति/कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में पुलिस बल की ड्यूटिया लगाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## प्री प्राइमरी से कक्षा आठ तक की 14 जनवरी तक छुट्टी

**मथुरा अवधनामा संवाददाता।** जनपद में कक्षा एक से आठ तक की कक्षाएं 14 जनवरी तक के लिए बंद कर दी गई हैं। इस अवधि को शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। हालांकि मंगलवार को कुछ विद्यालयों में बच्चे पहुंचे लेकिन छुट्टी देख कर लौट आये। वहीं विद्यालय संचालकों द्वारा अभिभावकों के मोबाइल पर मैसेज भेज कर इस बात की सूचना दी गई। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने जनपद में भीषण शीतलहर के परिप्रेक्ष्य में तथा वर्तमान में प्राथमिक विद्यालयों के 31 दिसंबर 2024 से 14 जनवरी 2025 तक बंद होने को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में संचालित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्राथमिक विद्यालयों के बंद होने तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया है। अवकाश अवधि में आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन तीन से छह वर्ष के बच्चों हेतु नहीं किया जायेगा तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा केन्द्रों को खोलते हुए राशन वितरण, टीकाकरण एंव अन्य शासकीय कार्य पूर्व की भांति सम्पादित किये जायेंगे।

## बहुजन क्रांति मोर्चा ने निकाली पदयात्रा

**मथुरा अवधनामा संवाददाता।** भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा, के संयुक्त तत्वाधान में ओ बी सी की जाति आधारित जनगणना न करने और संख्या के अनुपात में सभी क्षेत्रों में हिस्सेदारी न देने की नीति के विरोध में, चुनाव में इ वी एम से हो रही धांधली के विरोध में तथा बैलोट पेपर को लागू करने के समर्थन में, अमित शाह द्वारा डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर के विरोध में किए गए अपमानजनक बयान के विरोध भारत बंद का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके अन्तर्गत मथुरा में एक पैदल मार्च राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष क्षेत्रपाल सिंह निषाद के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए अम्बेडकर भवन अम्बेडकर चौक डीग गेट से प्रारंभ होकर भरतपुर गेट, होली गेट, क्वालिटी तिराहा, शहीद भगत सिंह पार्क, होते हुए भरतपुर गेट पर समापन हुआ उपरोक्त भारत बन्द आंदोलन को बहुजन मुक्ति पार्टी ने ज़ाहिर समर्थन करते हुए आन्दोलन में भागीदारी की।

## रक्तवीर दिनेश राही को दी श्रद्धांजलि

**मथुरा अवधनामा संवाददाता।** महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति के अध्यक्ष रमेश सैनी की सूचना अनुसार अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लोकेश कुमार रही के वर्षीय भाई पीआरडी प्रांतीय रक्षक दल में कार्यरत 34 वर्षीय अनुज भाई दिनेश राही के आकस्मिक निधन हो जाने पर संवेदना दुख प्रकट करते हुए बताया दिवंगत दिनेश कुमार पिछले 13 साल से निरंतर रक्तदान करने वाले समाज सुधार के कारण और रुचि लेने वाले व्यक्तित्व के धनी थे दिनांक 29 दिसंबर 2024 रात्रि 11:45 पर उनका देहांत हो गया था उनका अंतिम संस्कार आकाशवाणी स्थित श्मशान गृह पर 11 वर्षीय पुत्री द्वारा परंपराओं को तोड़ते हुए अग्निशमर्पित कर दाह संस्कार किया यह दृश्य देखकर सारा माहौल गमगीन हो गया इस मौके पर संवेदना व्यक्त करने बालों में समस्त राजनीतिक दलों समाज सेवा से जुड़े हुए लोग वह आमजन सैकड़ो की संख्या में मौजूद रहे दिन में प्रमुख रूप से संघरतन सेठी आम आदमी पार्टी प्रवीण भास्कर कांग्रेस नेता श्याम प्रकाश आज समाज पार्टी डॉक्टर अमर सिंह बहुजन समाज पार्टी कुलदीप कुमार गिरीश कुमार योगेश कामरेड दिनेश मिस्त्री दिलीप सागर उमेश पाल सिंह भीम का ताना आर्य जीसी बद्री प्रसाद सिंह एडवोकेट सत्यवीर सिंह , गुलाब सिंह, सहित सेकड़ो ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## डीएम ने जनपदवासियों को दी नववर्ष की हार्दिक बधाई

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने नववर्ष-2025 की पूर्व संध्या पर समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों सहित जनपद वासियों तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के सम्मानित पत्रकार बंधुओं को नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी लोग अपनी-अपनी जिम्मेदारियां एवं दायित्वों के प्रति सजग रहें। कहा कि जनपद के विकास के लिए सभी लोगों निरंतर कड़ी मेहनत, लगन के साथ अपने कार्यों को संपादित करें और जनपद के विकास को और गति प्रदान करें एसपी केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉक्टर सदानंद गुप्ता, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार वर्मा ने भी जनपद वासियों एवं सम्मानित पत्रकार बंधुओं को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## मालीपुर थाने का नवागत एसपी ने किया निरीक्षण

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना मालीपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा थाना मालीपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया द्वारा थाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, हेल्प डेस्क,बंदीगृह, पुलिस भोजनालय, बैरिक, नव निर्मित कार्यालय व बैरक एवं समस्त कार्यालयों के अभिलेखों, आपदा उपकरणों, शस्त्रों आदि का निरिक्षण किया गया एवं थाना कार्यालय का निरीक्षण करते हुए रजिस्टर/अभिलेखों के रखङ्करखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया एवं बीट आरक्षियों को बीट बुक के रखङ्करखाव तथा अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा थाने पर नियुक्त समस्त अधि0/कर्म0 गणों को थानाक्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध/अपराधियों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही कर अपराधियों में अपराध के प्रति भय का माहौल स्थापित करने संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए।

## नौकरी हथियाने के आरोप में सफाईकर्मी निलंबित

**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** फर्जी स्थानांतरण प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी हथियाने वाले सफाई कर्मी को निलंबित कर दिया गया है। शनिवार को जिला पंचायती राज अधिकारी के द्वारा जारी पत्र में निलंबित सफाई कर्मी को इटवा कर्यालय में संम्बद्ध करते हुए बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर रोक लगा दिया है। जिला पंचायती राज अधिकारी ने जारी अपने आदेश में बताया है कि इटवा ब्लाक में तैनात सफाई कर्मी बलराम के खिलाफ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय से 16 दिसंबर व उसके साथ खंड शिक्षा अधिकारी भनवापुर के पत्र तथा 12 दिसंबर को प्रधानाध्यपक संत मौनीदास विद्यालय बिशुनपुर हरी से प्राप्त रिपोर्ट में स्पष्ट है कि सफाई कर्मी बलराम के द्वारा फर्जी स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टी.सी) के आधार पर नौकरी किया जा रहा है। निलंबित सफाई कर्मी बलराम को जीवन निर्वाह के लिए निलंबन अवधि में आधा वेतन दिया जाएगा। निलंबन के बाद जांच के लिए अपर जिला पंचायती राज अधिकारी सिद्धार्थनगर को नामित किया गया है।इस संबंध में जिला पंचायती राज अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि जांच अधिकारी के द्वारा प्राप्त जांच आख्या के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## क्षत्रिय महासभा ने दिया पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन

**ललितपुर अवधनामा संवाददाता।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंप गया। ज्ञापन में कहा गया कि संगठन के पदाधिकारी बलदेव सिंह के मकान के सामने विपक्षी ने चार फिट छज्जा निकाल लिया है और छज्जे के ऊपर बाथरूम बना रहा है। जिससे प्रार्थी का 6 फिट का निकासी रास्ता पूरा दब गया है। बताया कि उसने धारा 164/165 बीएनएस के तहत आपके समक्ष बिना नक्शा बनाये अनाधिकृत मकान बनाये जाने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई। आरोप है कि उक्त व्यक्ति लगातार छज्जे पर निर्माण कार्य कर रहा है, जो अनुचित है।

## ठण्ड का बढ़ा प्रकोप

# व्यापारियों ने बांटे कम्बल

अवधनामा संवाददाता



कम्बल वितरण के दौरान मौजूद व्यापारी नेता व सीओ सदर

**ललितपुर।** वर्तमान में ठण्ड का असर आमजन जीवन पर देखने को मिलने लगा है। चंद दिनों में ही बदले मौसम के मिजाज के चलते बारिश हुयी और बारिश के बाद से ठण्ड का असर भी तेजी से बढ़ गया है। ठण्ड से गरीब, असहाय लोगों को बचाव करने के लिए क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के आतिथ्य व उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने प्रदेश चेयरमैन महेन्द्र जैन मयूर के विशिष्ट आतिथ्य में कम्बलों का वितरण किया।

इस दौरान वार्ड संख्या 18 में निवासरत जरूरतमंद लोगों को कम्बलों का वितरण किया गया। अतिथि सीओ सदर ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भी मानवता की सेवा का एक रूप है, जिसके जरिए हम लोगों की सेवा कर सकते हैं। प्रदेश चेयरमैन महेन्द्र जैन मयूर ने कहा कि व्यापार संगठन द्वारा प्रत्येक वर्ष जरूरतमंदों की हर संभव मदद की जाती है।

वहीं पार्षद आलोक जैन मयूर ने कहा कि वार्डवासियों की समस्याओं का यथा समय निस्तारण के साथ वार्ड में रहने वाले जरूरतमंद लोगों तक पहुंच कर उनकी सेवा करना ही उद्देश्य है।

इस दौरान गल्ला मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन अनौरा, मुकेश सैदपुर, उपेंद्र एंजिल, राजू नामदेव, अमित करोसिया आदि उपस्थित रहे।

# भयभीत न हों, डटकर करें अन्याय का मुकाबला

## नाराहट पुलिस ने आमजन को दिलाया भरोसा



अवधनामा संवाददाता

**नाराहट (ललितपुर)।** महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा सम्मान स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति के फेज-5 के थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम गौना स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में विशेष अभियान के शुभारंभ पर प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार, एसआई वीरेंद्र सिंह, सीएचसी योगेश प्रताप सिंह, महिला आरक्षी रामजानकी मिशन शक्ति टीम ने सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों पर जाकर कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीडन् से संबंधित जागरूक कार्यक्रम किया। जिसमें महिलाओं-बालिकाओं को सरकारी योजनाओं के बारे मे विस्तार से बताते हुये हेल्पलाइन नंबर 1076, 181, 112, 1090, 1930 आदि नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही हमारे कानूनी प्रावधानों शिक्षा का अधिकार बाल विवाह, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा आदि के बारे में बताया गया। बच्चों के साथ होने वाली यौन हिंसा, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा आदि मुद्दों पर जागरूक किया गया। रोचक गतिविधियों के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई।

## सेवानिवृत फायर सर्विस चालक को दी विदाई

**अम्बेडकरनगर।** अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) अम्बेडकरनगर द्वारा पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए 01 नि0 नागरिक पुलिस 02 उ0नि0 नागरिक पुलिस व 01 फायर सर्विस चलाक की विदाई समारोह का आयोजन कर सुखमय जीवन की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। दिनांक 31.12.2024 को जनपद अम्बेडकरनगर से 01नि0 नागरिक पुलिस 02 उ0नि0 नागरिक पुलिस व 01 फायर सर्विस चालक की अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) अम्बेडकरनगर श्यामदेव द्वारा सभागार कक्ष, रिज़र्व पुलिस लाइन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया तथा सेवानिवृत्त हुए नि0 नागरिक पुलिस, उ0नि0 नागरिक पुलिस, फायर सर्विस चालक को माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उपहार भेंट कर सेवानिवृत होने के पश्चात उनके आगामी सुखमय जीवन व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# कार्यों का भौतिक सत्यापन जरूरी : डॉ शैलेन्द्र मणि ओझा



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर विकास क्षेत्र अंतर्गत सीएचसी सिरसिया के अधीक्षक डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने ग्राम रमवापुर राउत में आयोजित संचार गतिविधि में आशा, संगिनी, एएनएम, सीएचओ तथा पर्यवेक्षक के साथ प्रतिभाग किया। अधीक्षक ने बताया कि ग्राम स्तर पर संचालित होने वाले कार्यक्रम में आशा बहू की भूमिका बेहद अहम होती है इसलिए आशा बहूएं गांव में गृह भ्रमण पर विशेष ध्यान दे तथा भ्रमण के दौरान नवजात शिशु देखभाल व बच्चो के देखभाल कार्यक्रम, गर्भवती महिलाओं के सिर्फ पंजीकरण, टीकाकरण व प्रसव पूर्व जांच ,परिवार नियोजन,संस्थागत प्रसव तथा प्रत्येक माह के 1 ,9 ,16 व 24 तारीखों को प्रधानमंत्री मातृ सुरक्षित अभियान में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड के लिए को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि आशा संगिनी तथा एएनएम समय-समय पर आशा बहूओ के द्वारा किए जा रहे कार्यों का भौतिक सत्यापन जरूर करें। बिना सत्यापन के कार्य में सुधार नहीं लाया जा सकता है।

भनवापुर पीएचसी पर आयोजित संचार गतिविधि एवं माता जागरूकता बैठक में एएनएम रागनी शर्मा ने उपस्थित महिलाओं को टीकाकरण के फायदे बताते हुए गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया। इस दौरान शीला, मधुवाला, मंजू, इंदुवाला, अनीता, गीता, अनीता, गीतांजलि, गुंजन, सविता शुक्ला, राधा रानी, माया, जोखना आदि उपस्थित रहे।

# गाँव -गाँव, पांव -पांव पदयात्रा ने कुठोंदा, रैढ़र, बंगरा, कुरौती, सुल्तानपुरा, कैलोर, चितौरा में किया भ्रमण

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग लेकर बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों द्वारा बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला के नेतृत्व में निकाली जा रही पदयात्रा जनपद जालौन के कुठोंदा, रैढ़र, बंगरा, कुरौती, सुल्तानपुरा,कैलोर, चितौरा,आदि गाँवों व कस्बों में भ्रमण किया।

रात्रि विश्राम माधौगढ़ में होगा द्य रेंढ़र में प्रवेश पर पदयात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। कैलोर गांव में सभा को संबोधित करते हुए राजा बुंदेला ने कहा कि ÷इस गांव से 50त्र प्रतिशत लोगों का पलायन हो चुका है , और अगर बुन्देलखण्ड अलग राज्य नहीं बना तो वो बुन्देलखण्ड के गांवों का भविष्य खतरे में है÷ इस अवसर पर राजा बुंदेला के नेतृत्व में पदयात्रा में शामिल होने वालों में शिक्षक नेता अशोक राठौर , यात्रा संयोजक डॉ आश्रय सिंह, शिवम् चौहान सोनू (अध्यक्ष बुन्देली सेना जालौन), सुरेन्द्र पाल सिंह , प्रताप सिंह बुंदेला, आदि सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे। राजा बुंदेला इस पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। राजा बुंदेला ने बुंदेलखंड राज्य की मांग का औचित्य समझाते हुए कहा कि यह उनके भविष्य की लड़ाई है। मार्ग में अन्य जगह पर किसानों व विभिन्न संगठनों ने इसका स्वागत किया। यहां आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य अवश्य बनेगा। बुंदेलखंड राज्य बना तो तरक्की के नए मापदंड तय करेगा। अब उप्र का विभाजन होना ही चाहिए और जल्द बुंदेलखंड, पूर्वांचल, हरित प्रदेश राज्य का निर्माण हो। दो राज्यों में विभाजन के बाद भी बुंदेलखंड का गौरव कम नहीं हुआ है। बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा पृथक बुंदेलखंड के लिए गाँव गाँव काम कर रही है और यह यात्रा उसके उद्देश्यों से जुड़ी है। बुंदेलखंड हर बुंदेलखंडी की मांग है। इस पदयात्रा के माध्यम से सरकार भी यह बात समझेगी। अलग राज्य बनने पर बुँदेलखण्ड भारत का मुकुट बनेगा। इस अवसर पर राजा बुंदेला ने कहा कि बुंदेलखंड की लड़ाई को जनमानस तक ले जाने के लिए यह पदयात्रा आयोजित की गई है।

# कड़ाके की सर्दी में किसानों का अल्टीमेट मांगे पूरी नही की तो बढ़ेगा आंदोलन

अवधनामा संवाददाता



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैट का धरना भीषण सर्दी में दूसरे दिन भी जारी रहा क्योंकि कोई भी अधिकारी किसानो की सुध लेने को तैयार नहीं है। इसके विरोध में भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत का धरना लगातार जारी है। अपनी समस्याओं को लेकर किसानों ने एसडीओ नजीबाबाद को फोन पर अवगत कराया परंतु एसडीओ नजीबाबाद में किसानों के साथ फोन पर अभद्रत व्यवहार किया।

जिसको लेकर किसानों में रोष व्याप्त हो गया और किसान 33/11 केवी उपकेंद्र आदर्श नगर बिजली घर धरने पर बैठ गए । और एसडीओ नजीबाबाद को अपने सम्मुख बुलाने की मांग पर अड़ गए ,परंतु अधिशासी अभियंता के लाख आश्वासन के बावजूद भी एसडीओ बिजली घर पर नहीं पहुंचे जिससे किसानों में रोष बढ़ता जा रही है ।उपभोक्ता अपना-अपना काम लेकर बिजली घर आ रहे हैं बिना रिश्वत के कोई भी काम किसी भी उपभोक्ता का नहीं हो रहा है। क्योंकि एक उपभोक्ता सोहेल नामक जलालाबाद से बिजली घर अपनी समस्या के लिए आए परंतु बिना रिश्वत के काम नहीं हो पाया। जिसकी सूचना धरने पर बैठे किसान नेताओं को लगी जब मामला किसान नेताओं के संपर्क में आया तो उक्त व्यक्ति का काम कर्मचारियों द्वारा एकदम कर दिया गया जिससे यह साबित होता है। कि बिना रिश्वत के बिजली घर में कोई काम होना नामुमकिन है क्योंकि सोहेल नामक व्यक्ति ने बताया कि मैंने एक कमर्शियल कनेक्शन के लिए अप्लाई किया था और मुझसे नो हजार रुपये अंकुर नमक आदर्श नगर बिजली बाबू ने लिए थे। जब से अभी तक कोई एस्टीमेट की रसीद मुझे बिजली विभाग द्वारा नहीं दी है । जबकि एस्टीमेट की कमर्शियल राशिद कोई नो हजार रुपये की नहीं है ।यह मुद्दा किसान यूनियन महात्मा टिकैत ने उठाया आधे घंटे बाद उस उपभोक्ता का रजिस्ट्रेशन हो गया। परंतु एस्टीमेट की रसीद बिजली विभाग द्वारा मुझे अभी तक नहीं मिली है जिससे अंदाजा होता है कि आदर्श नगर बिजली घर पर भ्रष्टाचार चरम सीमा पर अपने पैर पसार रहा है । वही अकबरी नामक महिला ने हमारे संवाददाता को बताया कि लाइनमैन खूब सिंह द्वारा मेरा कनेक्शन करने के लिए मुझे दस हजार रुपये ले लिए गए ,परंतु अभी तक ना तो मुझे कनेक्शन मिला और ना ही मेरे पैसे मुझे वापस मिले जब मैं लाइनमैन से अपने पैसे वापस लेने के लिए कहा तो लाइनमैन द्वारा मुझे गंदी-गंदी गालियां दी गई । वहीं महिला अकबरी को किसानो ने आश्वासन दिया कि आपका कनेक्शन भी लगेगा और आपके रिश्वत गए हुए पैसे भी लाइनमैन द्वारा वापस कराए जाएंगे।

# नवीनीकरण और विशेष मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग में स्वीकृत हुई 105 सड़कें

संजीव भारती

**अमेठी।** लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय और निर्माण खंड में नवीनीकरण और विशेष मरम्मत के लिए अब तक कुल 105 सडकें स्वीकृत हुई हैं। निर्माण लागत 21.52 करोड़ रूपए है। अमेठी, भादर, संग्रामपुर, जगदीशपुर, बाजार सुकुल और तिलोई विकास खंड में विभिन्न मार्गो दस छोटे पुलों की मरम्मत के लिए सरकार ने सोमवार को स्वीकृति प्रदान करते हुए बजट जारी किया है। निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता इंजीनियर रमेश चंद्र ने बताया कि राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी के प्रस्ताव पर शासन ने नवीनीकरण के लिए 53और विशेष मरम्मत के लिए 27 सडकों को स्वीकृति प्रदान की है। निर्माण लागत 12.80 करोड रु है। प्रथम किश्त के रूप में 3.84करोड रु की धनराशि जारी हुई है। टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। नये साल में सभी ग्रामीण सड़कों पर काम शुरू कराया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड में



नवीनीकरण के लिए 19 सड़कें स्वीकृत हुई हैं।

इन सड़कों की कुल लंबाई 38.01किमी और निर्माण लागत 4.79 करोड रूपए में है। नवीनीकरण के लिए स्वीकृत सड़कों में 13सडकें अमेठी, भेंटुआ, भादर और संग्रामपुर विकास खंड की है। छः सड़कें गौरीगंज विकास खंड में है।

**स्वीकृत सड़कें -एक नजर में-** पनियार पावर हाउस नहर की पटरी से तुलसीपुर सम्पर्क मार्ग, कोरारी लक्षनशाह सम्पर्क मार्ग, टिकरी रजवाहा से पी0एम0जी0एस0वाई0 पिच सम्पर्क मार्ग, अमेठी-किठावर मार्ग के किमी0 11 से खेदा सम्पर्क मार्ग, मिहीरगंज सम्पर्क मार्ग, सिंगठी जोगियान सम्पर्क मार्ग, उत्तरगाव किमी0 2 से राजापुर अमेरुआ सम्पर्क मार्ग, जगंलरामनगर सम्पर्क मार्ग, ठेंगहा मडौली सम्पर्क मार्ग, महराजपुर सम्पर्क मार्ग, अमेठी संग्रामपुर चन्द्रिकन किमी0 4 से बेलखरी सम्पर्क मार्ग, सरुवांवा सम्पर्क मार्ग से नूरपुर मामपुर सम्पर्क मार्ग, मोचवा महसीपर सम्पर्क मार्ग, मनीपुर सम्भावा से खरावां शास्त्रीनगर चौराहे तक सम्पर्क मार्ग, उत्तरगांव (बस्तीदेई) सम्पर्क मार्ग, सम्पतिपुर सम्पर्क मार्ग, धनीजलालपुर सम्प्कं मार्ग, सराय हृदयशाह सम्पर्क मार्ग, मानमतीपुर सम्पर्क मार्ग, करथुनी-लालगंज-दादरा-गाजनपुर दुवरिया मार्ग, मुसाफिर खाना रोड से सूरपुर काशीपुर सम्पर्क मार्ग, रेसी से वीरपुर,धानेपुर,शरमे सम्पर्क मार्ग, मुसाफिर खाना -धरौली से नंदौर त्रिलोकपुर सम्पर्क मार्ग, बस्ती देई से पूरे बख्तावर होते हुए शरमे सम्पर्क मार्ग, नहरमऊ -पूरे इन्दई -पूरे मोहन सिंह -सुजानपुर सम्पर्क मार्ग, भैरोपुर रजवाहा सम्पर्क मार्ग।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर सड़कों और पुलों के निर्माण, विशेष मरम्मत और नवीनीकरण के लिए जो कार्ययोजनाएं भेजी गई थीं, उनकी स्वीकृति जैसे जैसे मिल रही है, वैसे वैसे काम आगे बढ़ाया जा रहा है। पिछले महीने की स्वीकृति के अनुसार टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। नये साल में सभी सड़कों पर काम शुरू कराया जाएगा। वित्तीय वर्ष के अभी तीन महीने शेष हैं। आगे और कार्ययोजनाओं को स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। अमेठी विकास खंड में सिरमौर बौद्ध विहार तक सम्पर्क मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव विधायक निधि के प्रस्ताव में शामिल नहीं है।

**इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार**
**अधिशासी अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, प्रांतीय खंड अमेठी**

# 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने मचाया गदर, 42 गेंदों में बनाए ताबड़तोड़ 71 रन




विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 में आए दिन कोई ना कोई रिकॉर्ड बन रहे हैं। इस घरेलू वनडे टूर्नामेंट में हार्दिक पंड्या, श्रेयस अय्यर और अभिषेक शर्मा जैसे कई बड़े भारतीय खिलाड़ी भी भी खेलते हुए नजर आ रहे हैं। स्टार खिलाड़ियों के बीच टूर्नामेंट में खेलने वाले 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने गदर काट दिया है।

दरअसल, वैभव ने बड़ौदा के खिलाफ खेले जा रहे विजय हजारे ट्रॉफी के मुकाबले में बेहतरीन पारी खेली। रन चेज करते हुए उनके बल्ले से ये पारी निकली। उन्होंने 42 गेंदों में 8 चौके और 4 छक्कों की मदद से 71 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 169.05 का रहा। ओपनिंग पर उतरे वैभव ने टीम को अच्छी शुरूआत देने में अहम योगदान दिया।

वैभव ने कुमार रजनीश के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 31 गेंदों में 40 रनों की साझेदारी की। फिर दूसरे विकेट के लिए वैभव ने महरौर के साथ मिलकर 60 रनों की साझेदारी की।

बता दें कि, मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए बड़ौदा की टीम 49 ओवर में 277 रनों पर सिमट गई। इस दौरान टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज विष्णु सोलंकी ने सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 102 गेंदों में 12 चौके और 2 छक्के की मदद से 109 रन बनाए।

# 1 गेंद में 15 रन लुटाए, बीबीएल में वेस्टइंडीज के गेंदबाज ने किया हैरान




साल 2024 के खत्म होने से पहले क्रिकेट में एक हैरान कर देने वाला वाक्या सामने आया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। दरअसल, बांग्लादेश प्रीमियर लीग 2024 के तीसरे मैच में एक ऐसी गेंदबाजी देखने को मिली है जहां एक गेंद पर 15 रन लुटे हैं। चटगांव किंग्स के बीच खेला जा रहा था, इस मैच में वेस्टइंडीज के गेंदबज थॉमस खुलना टाइगर्स की तरफ से गेंदबाजी कर रहे थे और ये उनका पहला ओवर था।

चटगांव किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। खुलना टाइगर्स न 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 203 रन बनाए। जिसके बाद चटगांव किंग्स को 204 रनों का लक्ष्य मिला। चटगांव किंग्स की ओर से नईम इस्लाम और परवेज हुसैन इमोन ओपनिंग करने आए। खुलना टाइगर्सकी ओर स पहला ओवर ओशेन थॉमस फेंकने आए, क्रीज पर थॉमस के सामने नईम इस्लाम थे।

ओशेन थॉमस ने पहली ही गेंद नौ बॉल फेंकी, जिसके बाद नईम इस्लाम को फ्री हिट का मौका मिला, लेकिन इस गेंद पर कोई रन नहीं बना। इसके बाद जब उन्होंने दूसरी गेंद फेंकी तो वो छक्के के लिए गई, लेकिन वो नौ बॉल थी। इसके बाद फिर फ्री हिट का मौका आया, लेकिन थॉमस ने इस फ्री हिट गेंद को दो वाइड फेंक दिया, इसके बाद फ्री हिट में चौका लगा, लेकिन वो भी नौ बॉल करार दिया गया। अब तक थॉमस ने दो गेंदें भी पूरी नहीं की थीं और स्कोर बोर्ड पर 15 रन बन चुके थे। इस चौके के बाद फ्री हिट गेंद पर कोई रन नहीं बना और ये भी फेयर बॉल थी।

बता दें कि, नौ बॉल का सिलसिला यहीं नहीं रुका, दूसरी गेंद फेयर बॉल रही। तीसरी गेंद पर कोई रन नहीं बना। लेकिन चौथी गेंद पर भी ओशेन थॉमस ने नो बॉल फेंकी। जिसके बाद फ्री हिट बॉल पर फेयर डिलीवरी से 2 रन बने। पांचवीं गेंद पर थॉमस ने नईम इस्लाम को गेंद फेकी और ये सीधे बोसिस्टो के हाथों में ई और इस्लाम कैच आउट होगा।

# शार्दुल ठाकुर संभालेंगे मुंबई की कमान, हार्दिक पंड्या प्लेइंग इलेवन से बाहर




विजय हजारे ट्रॉफी के राउंड 5 के मुकाबले मंगलवार यानी 31 दिसंबर को खेला जा रहा है। 14 महीने बाद 50 ओवरों के क्रिकेट में वापसी करने वाले हार्दिक पंड्या एक मैच खेलने के बाद बड़ौदा की प्लेइंग 11 से बाहर हो गए। बंगाल के खिलाफ मैच में पंड्या का बल्ला नहीं बोला। वह महज 1 रन बनाकर आउट हो गए। इसके अलावा उन्होंने 7 ओवर में 33 रन देकर सिर्फ एक विकेट झटका। बंगाल ने बड़ौदा को 7 विकेट से हराया था। अब बिहार के खिलाफ हार्दिक नहीं खेले। मुंबई की टीम ने कप्तान श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव को नागालैंड के खिलाफ मैच में आराम दिया है। शार्दुल ठाकुर को कमान सौंपी गई है। मुंबई की टीम 4 में से 2 मैच जीती है और 2 हारी है। नागालैंड के खिलाफ उसने शानदार बल्लेबाजी की है। 36 ओर के बाद टीम 300 के करीब है।

पंजाब ने सौराष्ट्र के खिलाफ मात्र 34 ओवर में 306 रन ठोक दिए हैं। अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह ने तूफानी बल्लेबाजी की है। अभिषेक शर्मा ने 96 गेंद पर 170 तो प्रभसिमरन सिंह ने 95 गेंद पर 125 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 298 रन की साझेदारी की। प्रभसिमरन के आउट होने के एक ओवर बाद ही अभिषेक भी आउट हो गए।

# इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेलेंगे रोहित-कोहली और जसप्रीत बुमराह! चैंपियंस ट्रॉफी से पहले खेली जाएगी वनडे सीरीज




फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज होगा लेकिन उससे पहले भारत और इंग्लैंड के बीच वनडे सीरीज खेली जाएगी। ये 3 मैचों की सीरीज 22 जनवरी से खेली जाएगी। वहीं कहा जा रहा है कि, इस सीरीज से भारत के तीन दिग्गज रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह बाहर रह सकते हैं। दरअसल, स्पोर्ट्स तक की रिपोर्ट के अनुसार, जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण टी20 सीरीज में नहीं खेलेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज 6 फरवरी से शुरू हो रही है। बुमराह के अलावा रोहत और विराट भी एकदिवसीय सीरीज नहीं खेलेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहल भारत की ये आखिरी 50 ओवर की सीरीज होगी। स्पोर्ट्स तक के सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण ये तीनों दिग्गजों को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से आराम दिया जाएगा। चयन समिति टीम पर आखिरी फैसला करेगी। रोहित, विराट और जसप्रीत बुमराह वर्तमान में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं।

# नया साल भारत के लिए रहेगा बेहद अहम, हर महीने होगी सीरीज




टीम इंडिया के लिए नया साल 2025 बेहद अहम होने वाला है। लगभग हर महीने भारतीय टीम मुकाबले खेलते हुए व्यस्त रहेगी। इस साल एक आईसीसी इवेंट टीम इंडिया का निश्चित है जबकि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल में खेलने की आधी-अधूरी उम्मीदें जिंदा हैं। इसके अलावा साल का दूसरा बड़ा टूर्नामेंट एशिया कप होगा। भारतीय टीम द्विपक्षीय सीरीज जनवरी से ही खेलना शुरू करेगी। इसके बाद दिसंबर तक शेड्यूल पैक्ड है।

***टीम इंडिया 2025 के लिए शेड्यूल***

जनवरी- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टेस्ट सिडनी में 3 जनवरी

जनवरी-फरवरी- 3 वनडे और 5 टी20 सीरीज बनाम इंग्लैंड (घर पर)

फरवरी-मार्च- आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी

***अप्रैल-मई- आईपीएल 2025***

जून- (क्वालिफाई किया तो)

जून-जुलाई- 5 टेस्ट बनाम इंग्लैंड

अगस्त- 3 वनडे और 3 टी20 बनाम बांग्लादेश

सितंबर-अक्टूबर- एशिया कप टी20

अक्टूबर- 2 टेस्ट बनाम वेस्टइंडीज

अक्टूबर- नवंबर- 3 वनडे और 5 टी20 बनाम ऑस्ट्रेलिया

***नवंबर-दिसंबर- 2 टेस्ट 3 वनडे और 5 टी20 बनाम साउथ अफ्रीका***

वहीं टेस्ट मैचों की बात करें तो भारत ने इस साल 15 मैच खेले, जिनमें से उसे 8 जीत, 6 हार और एक मुकाबला ड्रॉ रहा। 2024 में भारतीय टीम ने सिर्फ तीन वनडे मैच खेले और स मौके पर श्रीलंका ने उसे 2-0 से मात दी। अच्छी बात ये है कि इस साल भारत ने टी20 वर्ल्डकप का खिताब अपने नाम किया। जिसके बाद इस साल टी20 में उसका रिकॉर्ड बेहतरीन रहा।

# महानति की स्क्रिप्ट सुनने के बाद कीर्ति सुरेश ने क्यों किया इनकार, शेयर किया दिलचस्प किस्सा



बेबी जॉन में अपने अभिनय का जादू चलाने वाली कीर्ति सुरेश इससे पहले 12 फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। पांच साल में उन्होंने कई बड़े सितारों के साथ काम किया है। कीर्ति सुरेश को पहले नाग अश्विन की महानति भी ऑफर हुई थी। साल 2018 में आई ये फिल्म निर्माता, निर्देशक और अभिनेत्री सावित्री की जीवन पर आधारित रही। इस फिल्म करने से कीर्ति सुरेश ने ही सावित्री का रोल निभाया। हालांकि, इस फिल्म के लिए कीर्ति सुरेश ने मना कर दिया था।

खबरों की मानें तो कीर्ति सुरेश ने चार घंटे तक फिल्म की स्क्रिप्ट सुनने के बाद फिल्म करने से मना कर दिया था। फिल्म महानति को लेकर कीर्ति सुरेश ने बताया कि जब नाग अश्विनी ने मुझे ये फिल्म ऑफर की तो मैंने इसे ठुकरा दिया था। इस फिल्म की स्क्रिप्ट कीर्ति ने 4 घंटे तक सुनी थी।

उन्होंने इस पर प्रतिक्रिया दी कि सावित्री अम्मा की बायोपिक ठुकरा दी। मैंने ये फिल्म इसलिए ठुकरा दी कि कोई ऐसा न सोचे कि कोई अनजान लड़की कहीं से आकर अचानक किसी लीजेंड की बायोपिक कर रही है... क्या होगा अगर वे कहें कि मैंने इसे बर्बाद कर दिया? कीर्ति सुरेश ने कहा कि वे इसके अलावा कुछ और सकारात्मक नहीं सोच पा रही थीं। वो बेहद डरी हुई थीं। उन्होंने कहा नाग अश्विन और प्रोड्यूसर ने बहुत विश्वास के साथ कहा कि वे ये किरदार निभा सकती हैं। कीर्ति ने कहा, हमें उनकी निजी जिंदगी के बारे में भी बताना है। अगर फैंस को ये पसंद नहीं आया तो? अगर वे इसे गलत दिशा में ले गए तो? लेकिन वे इसे लेकर बेहद आत्मविश्वास दिखा रहे थे।

कीर्ति ने कहा कि वे भविष्य में चाहे कितनी भी फिल्में कर लें, उस फिल्म की यादें उनके मन से नहीं जाएंगी। कीर्ति ने कहा कि उन्हें नहीं लगा था कि ये फिल्म इतनी खास हो जाएगी। 9 मई, साल 2018 में फिल्म रिलीज के बाद ये फिल्म बहुत बड़ी हिट साबित हुई। मुझे उस समय जो खूबसूरत सी फीलिंग हुई वो जीवन भर रहेगी। इस फिल्म के लिए कीर्ति को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला।

# नागा वामसी की बॉलीवुड पर टिप्पणी बोनी कपूर को नहीं आई पसंद, दिया ये करारा जवाब



गुंटूर कारम और देवरा जैसी फिल्मों का निर्माण करने वाले तेलुगु फिल्म निर्माता नागा वामसी ने हाल ही में एक बड़ा बयान दिया। उनके मुताबिक दक्षिण भारतीय फिल्मों ने बॉलीवुड का नजरिया बदल दिया है। नागा वामसी का कहना है कि बॉलीवुड अब सिर्फ मुंबई के पॉश इलाके बांद्रा और जुहू के लिए फिल्में बनाने में फंस चुका है। वहीं, दक्षिण भारतीय सिनेमा ने दर्शकों के सोचने और फिल्मों को देखने के तरीके में बदलाव किया है। यह बयान उन्होंने गैलाटा प्लस के एक कार्यक्रम में दिया। इसमें फिल्म निर्माता बोनी कपूर भी शामिल थे। बातचीत के दौरान बोनी कपूर ने दक्षिण भारतीय सिनेमा के वैश्विक बाजार पर बात की। उन्होंने कहा, तेलुगु फिल्मों का अमेरिका में एक खास बाजार है, तमिल फिल्मों का सिंगापुर और मलेशिया में और खाड़ी देशों में भी सिनेमा का बहुत बड़ा बाजार है।

इस पर नागा वामसी ने कहा, खाड़ी देशों में मलयालम सिनेमा का भी एक बड़ा बाजार है। निर्माता अर्चना कलपति और सिद्धार्थ ने नागा की बात से सहमति जताई। नागा वामसी ने फिर बोनी कपूर से सीधे तौर पर कहा, आपको यह स्वीकार करना होगा कि दक्षिण भारतीय सिनेमा ने बॉलीवुड का नजरिया बदल दिया है, क्योंकि आप लोग सिर्फ बांद्रा और जुहू के लिए फिल्में बनाने में फंस चुके हैं। आपने बाहुबली, आरआरआर, एनिमल और जवान जैसी फिल्में के साथ इस बदलाव को देखा है। बोनी कपूर ने इस पर हैरानी जताते हुए कहा, ऐसा नहीं है। इस पर नागा वामसी ने जवाब दिया, सर, मुगल-ए-आजम के बाद आपने बाहुबली और आरआरआर जैसी तेलुगु फिल्मों का उदाहरण दिया, लेकिन आपने किसी हिंदी फिल्म का जिक्र नहीं किया। बोनी कपूर ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हम इस मंच पर हर बात नहीं कह सकते, हमें इस पर व्यापक रूप से बात करनी होगी। जब मैं मुगल-ए-आजम, बाहुबली आदि का जिक्र करता हूं, तो इसका मतलब यह नहीं कि मैंने अन्य फिल्मों को नजरअंदाज किया है। मुझे उन फिल्मों के बारे में जानकारी है। मैं उंगलियों पर उन फिल्मों को गिना सकता हूं। लेकिन मेरा ऐसा बिल्कुल भी मानना नहीं है कि तेलुगु सिनेमा ने हमें कुछ सिखाया है।

नागा वामसी ने फिर स्पष्ट किया कि वह सिर्फ इवेंट और मास एंटरटेनर्स के बारे में बात कर रहे थे। तब बोनी कपूर ने कहा कि पुष्पा 2 के एक्टर ने कहा कि वह अमिताभ बच्चन के बड़े प्रशंसक हैं, वह एनटी रामाराव के फैन भी हो सकते थे। नागा वामसी ने इस पर कहा कि वह शाहरुख खान के फैन हैं और अल्लू अर्जुन भी चिरंजीवी के बड़े प्रशंसक हैं। उन्होंने यह भी कहा, यह कोई भाषा की समस्या नहीं है, बल्कि यह समझने की बात है कि क्या अच्छा है और क्या बुरा है। दर्शक क्या पसंद करते हैं, वह चीज ही सबसे महत्वपूर्ण है। आजकल मराठी फिल्मों ने भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है, जैसे सैराट ने 100 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दर्शकों का नजरिया बदल चुका है और यह बदलाव ओटीटी प्लेटफार्मों के प्रभाव से आया है। अर्चना कलपति ने इस चर्चा को खत्म करते हुए मंजुमेल बॉयज का उदाहरण दिया। यह एक मलयालम फिल्म थी, लेकिन तमिलनाडु में उसे काफी सराहा गया। उन्होंने कहा कि हम कभी नहीं जान सकते कि दर्शक किसी फिल्म से क्या सीखते हैं या क्या समझते हैं।

# सच में दूध से नहाते थे रवि किशन? इस कारण हाथ से चली गई थी अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर



अभिनेता रवि किशन ने अपनी फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर को लेकर कुछ बातें की हैं। उन्होंने कहा कि अनुराग कश्यप ने उनके बारे में कुछ बातें की हैं। उन्होंने जो कहा वो कुछ सच था, लेकिन बहुत कुछ सच नहीं था। रवि किशन ने कहा कि वे वाकई दूध से नहाते थे। रवि किशन ने गैंग्स ऑफ वासेपुर को लेकर कहा, मैं दूध से नहाता था। मुझे इसमें मजा आता था। किसी ने यह बात अनुराग कश्यप को बताई। मैं एक सनकी व्यक्ति हूँ, इसलिए मैं एक कलाकार हूँ। अगर मैं एक सामान्य व्यक्ति होता, तो मैं एक कार्यालय में काम कर रहा होता, काम पर जाने के लिए टिफिन बॉक्स लेकर जाता। अनुराग ने कहा कि उनके पास मेरी मांगों के लिए बजट नहीं था और इसलिए मैंने फिल्म खो दी। किसी ने मेरे बारे में कुछ और अफवाहें भी फैलाईं। उस फिल्म में सभी लोग इसके बाद भड़क गए। यह पहली फिल्म नहीं है जिसके बारे में रवि किशन ने बात की है। इससे पहले भी बताया है कि मैं दूध से नहाता था और गुलाब की पंखुड़ियों पर सोता था। मुझे ऐसा लगता था कि मैं एक्टर हूं और ये सब जरूरी है। लोग जब आपको लोग बड़े एक्टर्स की फिल्म दिखाते हैं और कहते हैं कि ये एक्टर ऐसा करते थे, तुम भी करो। गॉड फादर 500 बार दिखा दिए और मैं देशी ब्रीड का कलाकार। खैर ये सब नाटक किए थे इससे माहौल बनता है। मुझे लगता था कि मैं दूध से नहाउंगा तो चर्चा रहेगी कि ये दूध से नहाता है। उन्होंने कहा कि मैं खुद को बड़ा स्टार समझता था।

अनुराग कश्यप और रवि किशन इससे पहले मुक्काबाज में भी साथ काम कर चुके हैं। अनुराग कश्यप ने इससे रवि किशन को लेकर कहा कि वे खुद भी धूम्रपान करते हैं, ऐसा कोई इंसान नहीं है जो ये नहीं जानता है। वे बम बम भोले, जय शिव शंभू कहकर अपने दिन की शुरुआत भी करते हैं।

# शाहिद कपूर की देवा का नया पोस्टर जल्द होगा जारी? अमिताभ बच्चन से है खास कनेक्शन



फिल्म निर्माता रोशन एंड्रयूज देवा के साथ हिंदी फिल्म में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शाहिद कपूर, पूजा हेगड़े और पावेल गुलाटी अभिनीत यह फिल्म सभी एक्शन प्रेमियों के लिए नए साल की जबर्दस्त ट्रीट होगी। वैसे को फिल्म देवा से शाहिद कपूर का लुक पहले ही जारी किया जा चुका है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, देवा की टीम 1 जनवरी को एक्शन फिल्म का नया पोस्टर जारी करने की योजना बना रही है, जिसमें बिग बी का खास कनेक्शन दिखाई देगा।

देवा को पहले 14 फरवरी, 2025 को रिलीज किया जाना था, क्योंकि इस दिन वैलेंटाइन डे की छुट्टी का फायदा फिल्म को मिलता, लेकिन निर्माताओं ने बाद में घोषणा की कि एक्शन-थ्रिलर फिल्म 31 जनवरी, 2025 को रिलीज होगी। देवा में शाहिद और पूजा के अलावा प्रवेश राणा और कुबरा सैत सहायक भूमिकाओं में नजर आएंगे।

फिल्म मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, बैठ जाइए, क्योंकि इंतजार अब कम हो गया है! देवा आपके पास आपकी सोच से भी पहले आ रहा है, 31 जनवरी, 2025! हम इस एक्शन से भरपूर थ्रिलर को लाने के लिए उत्साहित हैं। अपने कैलेंडर को मार्क कर लें और एक दिल-धड़कन वाले अनुभव के लिए तैयार हो जाएं जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे।

# अल्लू अर्जुन के घर पर तोड़फोड़- ओयू-जेएसी सदस्यों ने 'प्रशंसकों' से धमकी भरे कॉल आने का आरोप लगाया



तेलुगु फिल्मों के मशूहर अभिनेता अल्लू अर्जुन के आवास पर तोड़फोड़ करने के आरोप में उस्मानिया विश्वविद्यालय-संयुक्त कार्रवाई समिति (ओयू-जेएसी) के गिरफ्तार किए गए तीन सदस्यों ने रविवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि अभिनेता के ''प्रशंसक'' उन्हें फोन कर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं। अभिनेता के आवास पर 22 दिसंबर की शाम को छह लोगों ने कथित तौर पर हमला कर फूलों के गमलों को क्षतिग्रस्त कर दिया था और टमाटर फेंके थे। वे फिल्म 'पुष्पा-2' के प्रदर्शन के दौरान भगदड़ मचने की घटना में जान गंवाने वाली महिला के लिए न्याय की मांग कर रहे थे।

ओयू-जेएसी के विभिन्न पदों पर बैठे तीन पदाधिकारियों समेत छह लोगों और कुछ अन्य के खिलाफ तोड़फोड़ का मामला दर्ज किया गया है। छह लोगों को गिरफ्तार किया गया और बाद में स्थानीय अदालत ने उन्हें जमानत दे दी। घटना के बाद पुलिस ने अभिनेता के आवास पर सुरक्षा भी बढ़ा दी थी। ओयू-जेएसी के तीन सदस्यों ने उस्मानिया विश्वविद्यालय पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया गया है कि अल्लू अर्जुन के ''प्रशंसक'' उन्हें फोन कर धमकी दे रहे हैं कि अभिनेता के परिसर में प्रवेश करने पर उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने इसकी जांच करने और मामला दर्ज करने की मांग की है। पुलिस के एक अधिकारी ने धमकी भरे फोन आने की शिकायत मिली है और इसकी पुष्टि की जा रही है।

# डीएम ने गरीबों में किया कंबल वितरण

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा शीतलहर के दृष्टिगत तहसील सदर के राजस्व गांव कोतवालपुर में मुसहर परिवारों में कम्बल वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रेरणा से गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किया जा रहा है। कम्बल वितरण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्वे कराकर शासन के द्वारा संचालित योजनाओं से संतृप्त किया जाए। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान और लेखपाल को निर्देशित किया कि मुसहर परिवार के लोग जिस जगह पर रह रहे है, उस जमीन का मालिकाना हक देने की कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त को मुख्यमंत्री आवास योजना के अर्न्तगत आवास दिया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि इस पुनीत कार्य में अन्य जो भी व्यक्ति सक्षम है आगे आये और गरीब और असहायो को कम्बल वितरित करें। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने गोमती नदी और सई नदी के संगम स्थल पर राजेपुर गांव में जाकर प्राचीन रामेश्वरम मन्दिर में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया और मन्दिर की भव्यता और प्राचीनतम को देखकर पर्यटन के दृष्टि से विकसित करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजे जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यह प्राचीनतम स्थल जनपद के धरोहर है।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर, अतिरिक्ति उप जिलाधिकारी के साथ नौकायान किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा जरूरत मदों को भी कम्बल वितरित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा महर्षि अष्ट्रावक्र की तपोभूमि का दर्शन-पूजन भी किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# रेलकर्मियों की जैकेट पर लगे स्कैनर से यात्री बना सकेंगे टिकट

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल ने डिजिटल तकनीक के उपयोग से टिकटिंग प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए एक अभिनव पहल शुरू की है। महाकुम्भ के दौरान, रेलवे के वाणिज्य विभाग के कर्मयोगी प्रयागराज जंक्शन पर विशेष ड्यूटी पर तैनात रहेंगे और हरे रंग की जैकेट पहनेंगे। इन जैकेट्स के पीछे एक क्यूआर कोड अंकित होगा, जिसे श्रद्धालु अपने मोबाइल से स्कैन कर सीधे यूटीएस मोबाइल ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। यह ऐप यात्रियों को बिना लाइन में खड़े अनारक्षित टिकट बुक करने की सुविधा प्रदान करेगा। इस पहल से श्रद्धालु रेलवे स्टेशन पर भीड़ और लंबी लाइनों से बचते हुए सहजता से टिकट प्राप्त कर सकेंगे। डिजिटल भुगतान के माध्यम से टिकट बुकिंग की यह प्रक्रिया न केवल समय की बचत करेगी, बल्कि महाकुम्भ के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करेगी। रेलवे कर्मी हरे रंग की जैकेट पहनकर स्टेशन और विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर अपनी सेवाएं देंगे, जिससे श्रद्धालुओं को टिकट बुकिंग संबंधित सहायता हर जगह मिल सके। क्यूआर कोड स्कैन करने पर एक लिंक मिलेगा, जो सीधे यूटीएस ऐप पर ले जाएगा। इसके माध्यम से यात्री टिकट बुकिंग के साथ-साथ अन्य सुविधाओं का भी लाभ उठा सकते हैं।

# महाकुंभ का शाही स्नान अब अमृत स्नान के नाम से जाना जाएगा : योगी आदित्यनाथ

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** सीएम योगी आदित्यनाथ मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने नैनी स्थित बायो सीएनजी प्लांट का अनावरण किया एवं फाफामऊ स्थित स्टील ब्रिज का शुभारंभ किया। इसके बाद महाकुंभ कार्यो का निरीक्षण किया। घाटों की स्थिति देखी और गंगाजल का आचमन भी किया। बड़े हनुमान मंदिर में मत्था टेकने के बाद मेला प्राधिकरण के सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने बहुत समय से संतों द्वारा शाही स्नान के नए नामकरण की मांग का स्मरण कराया। साथ ही घोषणा कि महाकुंभ में शाही स्नान अब अमृत स्नान के नाम से जाने जाएंगे। बैठक के दौरान कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद ने महाकुंभ के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 200 सड़कों का कार्य पूरा हुआ है। इसमें फ्लाईओवर के कार्य भी शामिल हैं। शहर और बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन पर होल्डिंग एरिया बनाने का काम पूरा हो चुका है। मेला क्षेत्र में दो से तीन किलोमीटर पर पार्किंग का कार्य किया गया है, पांटून ब्रिज 30 की संख्या में बनाए गए हैं, 28 पूरी तरह से तैयार हैं। 12 किलोमीटर का अस्थाई घाट भी बनकर तैयार है, चकर्ड प्लेट 530 किलोमीटर के दायरे में बिछाई जा चुकी है। शुद्ध पेयजल की लाइन बिछाई जा चुकी हैं। सात हजार से अधिक संस्थाएं आ चुकी हैं और डेढ़ लाख से अधिक टेंट लगाए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक नेता कल्पनाथ सिंह के निधन पर शिक्षकों मे शोक



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ आजमगढ़ की एक आवश्यक शोक सभा जिला अध्यक्ष बृजेश राय की अध्यक्षता में संगठन के कार्यालय हरिऔध नगर में संपन्न हुई जिसमें उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व तहसील अध्यक्ष एवं एस के पी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला कोषाध्यक्ष कल्पनाथ सिंह के निधन पर शोक प्रकट किया गया। तथागत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा का संचालन संगठन के जिला मंत्री विजय कुमार सिंह ने किया। लोकसभा में प्रमुख रूप से पूर्व महामंत्री इंद्रासन सिंह, ध्रुव मित्र शास्त्री, दिवाकर तिवारी, अवधेश त्रिपाठी, प्रभाकर राय, मुन्नू यादव रविंद्र नाथ राय, विजय सिंह, कमलेश राय सर्वेश्वर पांडे, परशुराम यादव संजय सिंह,आलोक सिंह, संतोष कुमार, रिजवान अहमद, राजेश भारती, सुनील यादव,प्रदीप यादव, सत्येंद्र सिंह, गिरीश यादव सहित सैकड़ो शिक्षकों ने शोक प्रकट किया।

### आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन



**आजमगढ़।** आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के बैनर तले मंगलवार को जिलाध्यक्ष हेमा गुप्ता के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने जिलाधिकारी को पत्रक सौंपकर मासूम बच्चों के अवकाश की मांग की गई है। जिलाध्यक्ष हेमा गुप्ता ने कहा कि बढ़ती ठंड के चलते अभिभावक अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नहीं भेज रहे है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को ठंड से सुरक्षित रखने में किसी तरह के संसाधनों की व्यवस्था भी नहीं है। ऐसे में प्रशासन द्वारा जिस तरह से विद्यालयों में ठंड के चलते 14 जनवरी तक अवकाश की घोषणा की गई है ठीक उसी तरह 15 जनवरी तक आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी अवकाश की घोषणा की जाए। इसके अलावा हम आंगनबाड़ी बहने केंद्रों पर उपस्थित होकर विभागीय कार्य संपन्न करेंगे। इस दौरान गूंजा बरनवाल, शशिकला यादव, सुनीला देवी आदि मौजूद रही।

### प्रतीक, सौरभ व शिवम के दम पर विप्लव को मिली जीत



**प्रयागराज।** विप्लव क्रिकेट क्लब ने मोती लाल सर्व समाज कल्याण अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता में वर्मा क्रिकेट क्लब को 118 रन से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। मंगलवार को भानु प्रताप मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विप्लव क्रिकेट क्लब ने 30 ओवर में छह विकेट पर 210 रन ( प्रतीक शुक्ला 63 नाबाद, सौरभ यादव 53, ईशान सिंह 18 रन, आर्यन जायसवाल 3/46, सुजीत 1/21, अंश कुशवाहा 1/34, अंश शुक्ला 1/39 ) पर बनाए। जवाब में वर्मा क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 29.3 ओवर में महज 92 रन ( श्रेयांश शुक्ला 22, अंश कुशवाहा 16 रन, शिवम केशरवानी 3/04, प्रारब्ध यादव 2/13, कृष्णा कुमार बिन्द 2/16) पर बिखर गई। मैच में हितेश श्रीवास्तव व राम चन्द्र यादव ने अंपायरिंग और हर्षित सिंह ने स्कारिंग की। प्रतियोगिता में बुधवार को भवम क्रिकेट क्लब व हनुमानगंज ए एस क्रिकेट क्लब के बीच प्रातः नौ बजे से खेला जाएगा।

### हम्माद, अबुबकर, वैज और नुजैफ चमके



मोहम्मद हम्माद अबुबकर अहमद वैज मोहम्मद नुजैफ

**प्रयागराज।** दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने फाफामऊ क्लब को 74 रन से हराकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक एवं बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। इसमें दौलत हुसैन कॉलेज के मोहम्मद हम्माद (59), अबुबकर (52), अहमद वैज (8-0-21-4) और फाफामऊ क्लब के मोहम्मद नुजैफ (38 रन एवं 6.4-0-35-4) चमके। फाफामऊ मैदान पर मंगलवार को खेले गए मैच में दौलत हुसैन कॉलेज ने 36.4 ओवर में 233 रन (मोहम्मद हम्माद 59, अबुबकर 52, मोहम्मद बशर 33, मोहम्मद नुजैफ 5/35, आशु चौरसिया 2/32, अभिनव यादव 2/42) बनाये। जवाब में फाफामऊ क्लब की टीम 29.2 ओवर में 161 रन (मोहम्मद नुजैफ 38, विशेष मौर्य 34, शिष्ट सिंह 30, अहमद वैज 4/21, मोहम्मद बिलाल 3/45, मोहम्मद फारिक अली 2/30) पर सिमट गई।

### भाजपा कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों से मिले सीएम योगी



**प्रयागराज।** प्रयागराज दौरे के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर सभी से महाकुंभ को सफल बनाने में अपना योगदान देने को कहा। लखनऊ वापस जाते समय पुलिस लाइन हेलीपैड पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद प्रवीण पटेल, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, हर्षवर्धन बाजपेयी, दीपक पटेल, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, महापौर गणेश केशरवानी , गंगापार अध्यक्ष कविता पटेल, यमुनापार अध्यक्ष विनोद प्रजापति ने सीएम योगी से मुलाकात की। सीएम ने सभी को महाकुंभ को सफल बनाने में अपना सहयोग देने को कहते हुए तीर्थयात्रियों की सुख सुविधा का ध्यान रखने को कहा। इस मौके पर विधायक पूजा पाल भी मौजूद थीं। मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, गणेश वर्मा, आनंद दुबे, अनुपम मालवीय आदि उपस्थित रहे।

# शैक्षिक भ्रमण विकसित भारत के लिए नींव का पत्थर : अरविंद

अवधनामा संवाददाता

**पी एम श्री नाथूपुर के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण**

**जौनपुर।** पीएम श्री योजना अंतर्गत आज पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर के बच्चों को एक्स्पोज़र विजिट एवं शैक्षिक भ्रमण हेतु खंड शिक्षा अधिकारी सिरकोनी अमरेश कुमार सिंह द्वारा प्रातः नौ बजे हरी झंडी दिखाकर बस रवाना की गई । इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एक्सपोजर विजिट से बच्चों को नई जानकारी एवं नई सूचनाओं से लैस होने का मौका मिलेगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने कहा की भारत को विकसित भारत का सपना पूरा करना है तो देश के नौनिहालों को नई जानकारी से पूर्ण होना पड़ेगा इसके बिना विकसित भारत की कल्पना करना सिर्फ कल्पना रहेगी और इस दिशा में बच्चो का शैक्षिक भ्रमण की योजना अत्यंत ही उपयोगी है। अवकाश के दिन भी प्रातः 9ः00 बजे पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय के लगभग 50 छात्र पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विद्यालय पहुंचे और विद्यालय से यात्रा प्रारंभ करने वाले बच्चे एक्सपोजर विजिट एवं शैक्षिक भ्रमण के दौरान कृषि एवं विज्ञान अनुसंधान केंद्र बक्सा पहुंचे जहां पर उन्होंने कृषि के क्षेत्र में हो रहे नए-नए प्रयोग और नई जानकारी से अपने आप को रूबरू किया । उसके बाद बच्चे ऐतिहासिक धरोहर शाही किला, लोहिया पार्क एवं साइनाथ धाम का भी भ्रमण किया । भ्रमण के दौरान बच्चे जहां नई जानकारी से लैस हो रहे थे और उनके चेहरे पर एक अलग प्रकार की खुशी दिख रही थी । एक्सपोजर विजिट में बच्चों के साथ विद्यालय के अध्यापक राम मिलन, भारती सिंह, अनिल मौर्य उपस्थित रहे ,जो बच्चो की जिज्ञासाओं को शांत कर रहे थे ।

# कथा विश्राम एवं विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (महराजगंज)** क्षेत्र के बीआरसी के बगल आयोजक नन्दलाल मोदनवाल उर्फ नन्दा प्रधान द्वारा नव दिवसीय श्री राम कथा का समापन बड़े धूमधाम के साथ हुआ विश्राम दिवस की कथा में कथा व्यास स्वामी निर्मल शरण महाराज के मुखारविंद से लक्ष्मण चरित्र हनुमान चरित्र एवं रावण वध तथा भगवान श्री राम अयोध्या नगरी वापसी की कथा बड़े ही मार्मिक ढंग से सुनाई गई वहीं अंत में स्वामी निर्मल शरण महराज ने कथा श्रोताओं से नशा मुक्ति के लिए वचन मांगा और अंत में यह भी कहा कि यही हमारी गुरु दक्षिणा है नौ दिन की कथा में अपनी कोई एक बुराई छोड़ दें। वही यह भी कहा हम सभी को अपने मन को वश में करते हुए स्वास्थ्य एवं सुख दुख की कल्पना से परे होकर स्वयं को समाज के कल्याण और ईश्वर की आराधना में लगाना है। समापन पर राम जी का राजतिलक मंगल गीत आरती हुई कथा विश्राम पर सभी महिला पुरुषों की आंखें नम थी। साथ ही आयोजन परिवार द्वारा क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार बंधुओ को भगवान श्री राम जी की दिव्य प्रतिमा एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# गलन बढ़ी, ठंड से ठिठुरे लोग



**प्रयागराज।** प्रयागराज में अचानक आए मौसम में आए बदलाव ने ठंड के साथ गलन को बढ़ा दिया है। अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 16.2 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि न्यूनतम तापमान में कोई ज्यादा कमी नहीं दर्ज की गई है। न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग की माने तो मौसम में आए बदलाव के पीछे बड़ा कारण पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी है। इसके कारण मैदानी इलाकों में लगातार सर्द हवाओं का प्रभाव बना हुआ है। जिससे जन जीवन अस्त-व्यस्त है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार नए साल की शुरुआत भीषण ठंड से होगी। शीतलहर का असर आने वाले दिनों में भी देखने को मिलेगा। इस बार पिछले सालों के मुकाबले अधिक ठंड पड़ने की संभावना है। वहीं सर्द हवाओं के कारण लोगों ने सोमवार को घरों में ही रहना अधिक उचित समझा। आज साल के आखिरी दिन भी इसी प्रकार के मौसम बने रहने की संभावना बनी हुई है। इसके अलावा सुबह से कोहरे की चादर ने पूरे जिले को अपने घेरे में ले लिया था। जिससे सड़क पर विजिबिलिटी लगभग शून्य रही।


# कार्यालय जिला पंचायत, महराजगंज।

पत्रांक :- 532/जि0पं0म0/2024-25

दिनांक : 31 दिसम्बर, 2024

## ई-प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेण्डरिंग सूचना

जिला पंचायत महराजगंज के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/सिंचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग/समस्त जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त/15वाँ वित्त अनटाइड एवं टाइड ग्राण्ट योजनान्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा के साथ कार्य का विवरण तथा नियम व शर्ते अपलोड की गयी हैं, जिसे देखा व पढ़ा जा सकता है। ई-निविदा दिनांक 04.01.2025 को अपरान्ह 04.00 बजे से https://etender.up.nic.in पर जाकर दिनांक 27.01.2025 को अपरान्ह 4.00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 28.01.2025 को टेण्डर समिति के समक्ष अपर मुख्य अधिकारी के कक्ष में पूर्वान्ह 11.00 बजे निविदा खोली जायेंगी। प्रत्येक निविदा के साथ टेण्डर फार्म के कीमत की धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट/चालान/आनइलाईन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत महराजगंज के जिला निधि खाता संख्या. 21246239861 आई0एफ0एस0 सी0 कोड - IDIB000M537 इण्डियन बैंक महराजगंज में जमा कर, प्राप्ति रसीद/प्रमाण टेण्डर फार्म के साथ संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक टेण्डरदाता को अपने टेण्डर फार्म के साथ अनुमानित कार्य मूल्य पर 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट/आनइलाईन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत के जमानत खाता संख्या. 3415101000748 आई0एफ0एस0सी0 कोड - CNRB0018642 केनरा बैंक महराजगंज अथवा बैंक सावधि जमा रसीद/एन0एस0सी0, जिला पंचायत की रसीद प्रत्येक कार्य के साथ अलग-अलग नियत धनराशि का जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महराजगंज के पद नाम से बन्धक होगा, को संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त समस्त मूल अभिलेख कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा तथा समस्त परियोजनाओं की तकनीकी स्वीकृति शासन से प्राप्त होने के उपरान्त ही निविदा की स्वीकृति/अनुबन्ध आदि की कार्यवाही की जायेगी। किसी भी दशा में अनुबन्ध से पूर्व हुए कार्य को श्रमदान माना जायेगा। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। ई-टेण्डरिंग के सम्बन्ध मे शासन से यदि कोई निर्णय लिये जाते हैं तो ठेकेदार को मान्य होंगे।

| S.No. | Tender Published Date and Time | Tender Sale Start Date and Time | Tender Sale End Date and Time | Tender Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 04-01-2025 04.00 PM | 04-01-2025 04.00 PM | 27-01-2025 04-00 PM | 28-01-2025 11-00 AM |

**अभियन्ता**
**जिला पंचायत महराजगंज।**

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत महराजगंज।**

**मा. अध्यक्ष**
**जिला पंचायत महराजगंज।**



# अनारक्षित मेला स्पेशल रेलगाड़ियाँ

**महाकुम्भ–2025 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव | चलने की तिथि(याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04223 | प्रयाग जं. | 11:55 | अयोध्या कैंट जं. | 17:10 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, बिश्नाथगंज, प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा | 13.01, 14.01, 15.01, 29.01 & 30.01.2025 |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | | 13.01, 14.01, 15.01, 29.01, 30.01, 03.02, 04.02, 12.02, 13.02, 26.02 & 27.02.2025 |
| 04271 | फाफामऊ | 13:00 | जौनपुर जं. | 16:20 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. | 13.01, 14.01, 15.01, 29.01, 30.01, 03.02, 04.02, 12.02, 13.02, 26.02 & 27.02.2025 |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. | 13.01.2025, 14.01.2025, 15.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 03.02.2025, 04.02.2025, 12.02.2025, 13.02.2025, 26.02.2025 & 27.02.2025 |
| 04219 | प्रयाग जं. | 05:35 | अयोध्या धाम जं. | 10:30 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, बिश्नाथगंज, प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा, अयोध्या कैंट जं. एवं अयोध्या कैंट जं. | 29.01.2025, 03.02.2025, 12.02.2025, 13.02.2025 & 26.02.2025 |
| 04221 | फाफामऊ | 10:40 | अयोध्या कैंट जं. | 15:50 | | 29.01.2025 |
| 04225 | प्रयाग जं. | 13:55 | अयोध्या कैंट जं. | 18:55 | | 29.01.2025, 30.01.2025, 03.02.2025, 12.02.2025 & 26.02.2025 |
| 04227 | फाफामऊ | 18:45 | अयोध्या कैंट जं. | 23:35 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, बिश्नाथगंज, प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा | 29.01.2025 |
| 04231 | फाफामऊ | 22:10 | अयोध्या कैंट जं. | 02:20 | | 29.01.2025 30.01.2025 |
| 04273 | प्रयाग जं. | 21:40 | अयोध्या कैंट जं. | 01:30 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. | 29.01.2025 30.01.2025 |
| 04291 | फाफामऊ | 12:30 | लखनऊ | 19:50 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. | 29.01.2025 30.01.2025 |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, बिश्नाथगंज, प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा, अयोध्या कैंट जं. एवं अयोध्या कैंट जं. | 03.02.2025, 04.02.2025, 12.02.2025, 13.02.2025, 26.02.2025 & 27.02.2025 |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

अवधनामा



# नवंबर में प्रमुख इंफ्रा सेक्टर की वृद्धि दर घटकर 4.3 प्रतिशत रही, जारी किए आंकड़े

**नई दिल्ली।** आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों का उत्पादन नवंबर 2024



में धीमा होकर 4.3 प्रतिशत रह गया। एक साल पहले इसमें 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। मासिक आधार पर, इन क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि अक्तूबर 2024 में दर्ज 3.7 प्रतिशत विस्तार से अधिक रही। आइए इस बारे में और जानें।

आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों का उत्पादन नवंबर 2024 में धीमा होकर 4.3 प्रतिशत रह गया। एक साल पहले इसमें 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। मासिक आधार पर, इन क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि अक्तूबर 2024 में दर्ज 3.7 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक रही। नवंबर माह में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन घट गया। सरकार ने मंगलवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए।

कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात और बिजली की उत्पादन वृद्धि क्रमशः 7.5 प्रतिशत, 2.9 प्रतिशत, 2 प्रतिशत, 4.8 प्रतिशत और 3.8 प्रतिशत रही, जबकि पिछले वर्ष नवंबर में यह 10.9 प्रतिशत, 12.4 प्रतिशत, 3.3 प्रतिशत, 9.7 प्रतिशत और 5.8 प्रतिशत थी।

हालांकि, नवंबर महीने में सीमेंट उत्पादन बढ़कर 13 प्रतिशत हो गया। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-नवंबर अवधि में कोर सेक्टरों- कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली - की वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 8.7 प्रतिशत थी। आठ प्रमुख क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) जो समग्र औद्योगिक विकास मानक है, में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

# डाबर च्यवनप्राश से अपनी इम्युनिटी बढ़ाए और आनन्द उठाएं सर्दियों का

**लखनऊ।** सर्दी का मौसम किसे अच्छा नहीं लगता लेकिन जब इस सर्दी में खांसी, जुकाम एवं श्वांस संबंधी बीमारियाँ हो जायें तो सर्दी का मजा फीका पड़ जाता है। आमतौर पर ये बीमारियाँ तापमान में होने वाले बड़े बदलाव एवं बदलते मौसम में किसी भी व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता के कम हो जाने के कारण होती हैं। ऐसे में हजारों वर्षों से प्रसिद्ध, लाखों-करोड़ों लोगों द्वारा सफलतापूर्वक आजमाया हुआ आयुर्वेदिक उत्पाद च्यवनप्रास काफी राहत देता है। डाबर च्यवनप्राश का सेवन न केवल हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर हमें इस सीजन में प्रायः होने वाली खांसी, जुकाम जैसी बीमारियों से बचाता है बल्कि हमारे शरीर के अनेक अंगों की क्रियाओं को अच्छा करता हुआ शरीर को बलशाली भी बनाता है। डाबर का प्रमुख हेल्थकेयर ब्रांड डाबर च्यवनप्राश ने आज देश भर में स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित बच्चों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक मेगा जागरूकता पहल की शुरूआत की घोषणा की।

इस पहल के तहत, प्रमुख डॉक्टर के साथ मिलकर डाबर च्यवनप्राश ने परिवर्तनशील मौसम, सामान्य बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने के लिए एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली बनाने की आवश्यकता पर तीन सौ बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रतिरक्षा सत्र बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल, पल्टन छावनी शाखा, सेक्टर-ए, सीतापुर रोड योजना में एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डाबर इंडिया के दिनेश कुमार, डा. ए.के. पाण्डेय, आयुर्वेद फिजिशियन, श्री एच.एन. जायसवाल, प्रबन्ध निदेशक बाल निकुंज, श्रीमती रश्मि शुक्ला प्रधानाचार्या, पंकज तिवारी - समाजसेवी सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। इस सत्र का उद्देश्य सर्दियों में बीमारी से लड़ने के लिए बच्चों के बीच जागरूकता पैदा करना था। बच्चों को बुनियादी स्वच्छता और पौष्टिक आहार के माध्यम से अपनी प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के तरीकों में भी शिक्षित किया गया। डाबर इंडिया लिमिटेड के श्री राजीव जॉन, मार्केटिंग हैड, डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा डाबर च्यवनप्राश 100 से अधिक वर्षों से



हर भारतीय को सबसे मजबूत प्रतिरक्षा प्राप्त करने में मदद के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल इस प्रतिबद्धता की दिशा में एक छलांग है। हम शीत लहर के बारे में चिंतित हैं जो हर साल कई जान ले लेती है। इस पहल के माध्यम से, हम इन बच्चों को च्यवनप्राश प्रदान करने के अलावा प्रतिरक्षा के महत्व को उजागर करके वंचित बच्चों को सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास करेंगे। डॉ, पाण्डेय ने कहा मौसम परिवर्तन के चक्रों के दौरान अचानक तापमान परिवर्तन होता है, जो खांसी, ठंड और फ्लू जैसे संक्रमण और बीमारियों का कारण है। सर्दी और खांसी, श्वसन समस्याओं, अल्प प्रतिरक्षा जैसी बीमारियों से लड़ने का एक प्रभावी तरीका प्रतिरक्षा में वृद्धि है। डाबर च्यवनप्राश हमारी अंदरूनी प्रतिरक्षा आवश्यकताओं को बढ़ाने का एक प्रभावी समाधान है। इस अभियान के तहत, डाबर च्यवनप्राश भारत के 22 शहरों आगरा, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, उदयपुर, जयपुर, भुवनेश्वर, कोलकाता, सिलीगुड़ी, पटना, गया, इंदौर, रायपुर, पुणे, औरंगाबाद, रांची, बेंगलुरु, मुंबई, नासिक, नागपुर, ग्वालियर और चंडीगढ़ के अग्रणी गैर सरकारी संगठनों के साथ हाथ मिला चुके हैं।

ह्यच्यवनप्राश लगभग 3000 वर्ष पुरानी प्रसिद्ध आयुर्वेदिक फॉर्मूलेशन है, जो प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रयोग किया जाता है और खांसी और सर्दी जैसे दैनिक संक्रमण के खिलाफ प्रतिरोध प्रदान करता है। डाबर च्यवनप्राश का मुख्य घटक अमला है जो प्रतिरक्षा वर्धक गुणों के लिए जाना जाता है। गुडुची, पिपाली, शतावरी, विदरिकंद, हरितकी, कंटकारी, ककादाशीनी, भुम्यामाकी, वसाका, पुष्करमुल, प्रिशिपिपर्नी, शालपर्नी आदि जैसे अन्य तत्व सामान्य संक्रमण और श्वसन तंत्र की एलर्जी को कम करने में मदद करते हैं। डाबर च्यवनप्राश इन जड़ी बूटियों और अवयवों का सही मिश्रण है जो सर्दियों के मौसम में बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रतिरोधक शक्ति प्रदान करता है।

# भारत की डिजिटल पूंजी ने उद्यमशीलता और व्यावसायिक आय बढ़ाई

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा हक् कि भारत की बढ़ती डिजिटल पूंजी उद्यमिता, व्यावसायिक आय और सामाजिक गतिशीलता को बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण चालक है। इससे विशेष रूप से छोटे पैमाने के विक्रेताओं और आर्थिक रूप से पिछड़े जिलों को लाभ हो रहा है।

भारत की बढ़ती डिजिटल पूंजी उद्यमिता, व्यावसायिक आय और सामाजिक गतिशीलता को बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण चालक है। इससे विशेष रूप से छोटे पैमाने के विक्रेताओं और आर्थिक रूप से पिछड़े जिलों को लाभ हो रहा है। विश्व बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। हाल ही प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया है कि कैसे डिजिटल प्रौद्योगिकियां- जैसे कि इंटरनेट, मोबाइल फोन और सोशल मीडिया- देश में सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रही हैं।

विश्व बैंक ने कहा, डिजिटल पूंजी ने भारत में उद्यमिता और व्यावसायिक आय में वृद्धि की है और छोटे पैमाने के विक्रेताओं और आर्थिक रूप से पिछड़े जिलों की मदद की है।÷ रिपोर्ट में कहा गया है कि डिजिटल प्रौद्योगिकियां वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों को शिक्षण सामग्री तक पहुंच प्रदान करती हैं, जिससे प्रतिभा विकास और सामाजिक गतिशीलता को बढ़ावा मिलता है।

रिपोर्ट के अनुसार ऑनलाइन गतिविधि और भुगतान के रिकॉर्ड वित्तीय विश्वसनीयता स्थापित करने में मदद करते हैं, क्योंकि भुगतान, प्राप्तियां, कर और ऋण चुकौती के डेटा का उपयोग अब ऋणदाताओं की ओर से ऋण योग्यता का आकलन करने के लिए किया जा सकता है। रिपोर्ट में भारत के अग्रणी तकनीकी उद्यमियों में से एक नंदन नीलेकणी को 2009 में आधार प्रणाली की शुरुआत करने का श्रेय दिया गया है।

# पीबीपार्टनर्स- 2024 में रिकॉर्ड वृद्धि के बाद, 2025 में बीमा सेवाओं को और सुलभ बनाने की योजना

**लखनऊ।** 2024 के समापन के साथ पीबीपार्टनर्स ने भारत के वंचित इलाकों में बीमा का विस्तार करने में मुख्य भूमिका निभाते हुए अपनी स्थिति मजबूत की।इस जीवंत साल पर विचार करते हुए श्री ध्रुव सरीन, को-फाउंडर, पीबीपार्टनर्स ने कहा, ''2024 का साल पॉलिसीबाजार के लिए काफी दिलचस्प रहा है। इस साल एक संगठन और प्लेटफॉर्म के रूप में पीबीपार्टनर्स की स्थिति मजबूत हुई। इस साल रैगुलेटरी परिवर्तनों और ग्राहकों की विकसित होती हुई जरूरतों के साथ लाईफ इंश्योरेंस और हैल्थ इंश्योरेंस के क्षेत्र में अनेक परिवर्तन हुए। पीबीपार्टनर्स के प्लेटफॉर्म से जुड़ने वाले एजेंट पार्टनर्स में काफी वृद्धि हुई। हमारे दैनिक एक्टिव यूज़र्स (डीएयू) 13,000 से बढ़कर लगभग 20,000 तक पहुँच गए, और हमारे प्रीमियम में भी काफी वृद्धि हुई। इस वृद्धि से प्रदर्शित होता है कि पीबीपार्टनर्स के अभियान अपने एजेंट नेटवर्क को सशक्त बनाने में कितने ज्यादा प्रभावशाली हैं।''इस साल पीबीपार्टनर्स अश्वमेध, इग्निशन, प्रगति, और फीनिक्स जैसे अभियानों द्वारा एजेंट पार्टनर्स को संलग्न करने पर केंद्रित है। ये प्रोग्राम मोटर, लाईफ, कमर्शियल, और हैल्थ इंश्योरेंस सेगमेंट्स के विकास के लिए डिज़ाईन किए गए हैं। इसके अलावा, कंपनी ने रिडेंपशन कार्निवल भी पेश किया ताकि पार्टनर्स अर्जित किए गए कॉईन्स को रिवार्ड से बदल सकें। श्री ध्रुव ने कहा, ''ये अभियान न केवल हमारे एजेंट पार्टनर्स को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि इस प्लेटफॉर्म में उनका विश्वास भी मजबूत करते हैं। पीबीपार्टनर्स के एजेंट पार्टनर्स ने काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है, जिससे उनकी प्रतिभागिता और इंश्योरेंस का विस्तार संभव हुआ है।''

2025 में ''मोटर इंश्योरेंस के क्षेत्र में न केवल खरीदारी, बल्कि सर्विसिंग के अनुभव को भी बेहतर बनाने वाले प्लेटफॉर्म की शुरुआत एक महत्वपूर्ण पहल है। गोल-प्लानर्स और एंड-टू-एंड अनुभव के साथ लाईफ इंश्योरेंस में बड़ी प्रगति होने वाली है, जो इस उद्योग में नए मानक स्थापित करेगी। हैल्थ इंश्योरेंस में एंड-टू-एंड समाधान बढ़ते जाएंगे, और रिकमेंडेशन इंजन से पार्टनर्स को हैल्थ इंश्योरेंस बेचने के लिए जरूरतों का विस्तृत विश्लेषण करने में मदद मिलेगी।''

## साल के आखिरी दिन बाजार में बिकवाली

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार साल 2024 के आखिरी दिन गिरावट के साथ शुरू हो गया। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 468.14 अंक की गिरावट के साथ 77,779.99 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी 117.05 अंक फिसलकर 23,527.85 अंक पर पहुंचा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,893.16 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इसके साथ ही रुपया शुरुआती कारोबार में नौ पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.61 पर पहुंच गया।

विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 468.14 अंक की गिरावट के साथ 77,779.99 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 117.05 अंक फिसलकर 23,527.85 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, जोमैटो, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टाटा मोटर्स और टाटा स्टील के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे जबकि हांगकांग का हैंगसेंग फायदे में रहा। अमेरिकी बाजार सोमवार को नकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार नौ पैसे की गिरावट के साथ 85.61 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत रुख तथा घरेलू शेयर बाजारों में नरमी का असर स्थानीय मुद्रा पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोरी के साथ 85.54 प्रति डॉलर पर खुला और फिर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.61 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले नौ पैसे की गिरावट दर्शाता है।

# हेम बत्रा साउथ दिल्ली में लक्ज़री रियल एस्टेट को दे रहे हैं नई परिभाषा

**लखनऊ।** लक्ज़री रियल एस्टेट की प्रतिस्पर्द्धी दुनिया में हेम बत्रा जितना सम्मान कुछ ही लोगों को मिला है। हेम के पास एक दशक से ज्यादा का अनुभव है और अब तक वह 1000 करोड़ रूपये से ज्यादा की सेल कर चुके हैं। इस तरह उन्होंने साउथ दिल्ली के शानदार प्रॉपर्टी मार्केट में एक बड़ी हस्ती का दर्जा हासिल किया है। उनका सफर हाल ही में सोनी लिव पर 'मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया' में दिखाया गया था। उनमें वह अटूट लगन और कुशलता नजर आती है, जो उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। सीरीज के एक अनूठे पल में हेम ने 38 करोड़ की डील क्लोज़ की और ज्यादा कीमत वाले ट्रांजैक्शंस में अपनी विशेषज्ञता दिखाई। स्टार्स ऑफ सिग्नेचर ग्लोबल अवार्ड्स में 'द फेस ऑफ न्यू दिल्ली' बन चुके हेम की उपलब्धियाँ न सिर्फ डील पक्की करने में उनकी दक्षता दिखाती हैं, बल्कि राजधानी के लक्ज़री बाजार को लेकर उनकी गहरी समझ का पता भी इससे चलता है। अपने सफर और सम्मान के बारे में बात करते हुए, उत्साही रियल्टर हेम बत्रा ने कहा, ''रियल एस्टेट सिर्फ प्रॉपर्टीज को



खरीदने या बेचने से कहीं बढ़कर है। उसमें हर ग्राहक की आकांक्षाओं को समझना पड़ता है, पेचीदगी का सामना सटीकता से करना होता है और लंबे समय के लिये महत्व निर्मित करना पड़ता है, जो केवल ट्रांजैक्शन तक सीमित न रहे। हर डील भरोसा बनाने और लक्ज़री जिन्दगी की विरासत तैयार करने का एक मौका होती है। मैं वर्षों से इसी तरह काम कर रहा हूँ और सिग्नेचर ग्लोबल से मिला सम्मान सचमुच मेरी सफलता को परिभाषित करता है। मुझे उम्मीद है कि 'मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया' के माध्यम से मैंने बड़े पैमाने पर दर्शकों को रियल एस्टेट बाजार की जानकारी दी है। उनका भरोसेमंद रियल्टर बनने के लिये मैं अपना सफर जारी रखूंगा। हेम को सचमुच दूसरों से जुदा करने वाली बात है रियल एस्टेट को लेकर उनका व्यापक नजरिया। उनके लिये सफलता केवल लेनदेन तक सीमित नहीं है, बल्कि लंबे वक्त तक टिकने वाले रिश्ते बनाने और अपने ग्राहक की आवश्यकताओं के मुताबिक बीस्पोक सॉल्यूशन प्रदान करने में है। चाहे प्रॉपर्टी की खूबसूरती हो, मोल-भाव या बाजार की जानकारियाँ, हर डिटेल पर वह इतनी सावधानी से ध्यान देते हैं कि नई दिल्ली में लक्ज़री लिविंग का वह दूसरा भरोसेमंद नाम बन चुके हैं। बनिजय एशिया द्वारा यूनिवर्सल इंटरनेशनल स्टूडियोज के एक डिविजन एनबीसी यूनिवर्सल के साथ मिलकर बनाई गई 'मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया' का डेब्यू भारत में लक्ज़री रियल एस्टेट के परिदृश्य के लिये एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस सीरीज में टॉप एजेंट्स ऊँची कीमतों वाली संपत्तियों के बाजार में काम करते हैं, जहाँ हेम का शानदार सफर प्रकाश में आया है। इस तरह दर्शकों को इंडस्ट्री के दिग्गजों की गहरी जानकारी मिलती है। साउथ दिल्ली में रियल एस्टेट का परिदृश्य लगातार विकसित हो रहा है और हेम बत्रा इसमें सबसे आगे हैं। वह एक शानदार, डायनैमिक लीडर हैं, जो लक्ज़री रियल एस्टेट में सफलता की नई परिभाषा गढ़ रहे हैं। देखिये 'मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया' सिर्फ सोनी लिव पर!

# शेयर बाजार में 2024 का समापन लाल निशान पर

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में वर्ष 2024 के अंतिम कारोबारी दिन बेंचमार्क सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए। इस दौरान सेंसेक्स में 109 अंकों की गिरावट रही, वहीं निफ्टी लगभग स्थिर रहा। आइए जानें शेयर बाजार का विस्तृत हाल।

विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी लगातार जारी रहने और वैश्विक बाजारों के कमजोर संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में वर्ष 2024 के अंतिम कारोबारी दिन बेंचमार्क सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए। इस दौरान सेंसेक्स में 109 अंकों की गिरावट रही, वहीं निफ्टी लगभग स्थिर रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 109.12 अंक यानी 0.14 प्रतिशत गिरकर 78,139.01 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 687.34 अंक गिरकर 77,560.79 पर पहुंच गया था।

हालांकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी शुरुआती गिरावट से काफी हद तक उबरने में सफल रहा और अंत में 0.10 अंक की मामूली गिरावट के साथ 23,644.80 पर बंद हुआ।

इस तरह घरेलू बाजार में वर्ष 2024 का समापन गिरावट के साथ हुआ। हालांकि इस साल सेंसेक्स कुल 5,898.75 अंक यानी 8.16 प्रतिशत उछला है जबकि निफ्टी में 1,913.4 अंक यानी 8.80 प्रतिशत की तेजी रही है।

सेंसेक्स ने इस साल 27 सितंबर को 85,978.25 के अपने रिकॉर्ड शिखर को छुआ था।



निफ्टी भी उस दिन 26,277.35 के अपने अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि उसके बाद दोनों ही सूचकांकों में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहा।

मंगलवार को कारोबार के दौरान सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा, जोमैटो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में गिरावट रही। दूसरी तरफ कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा मोटर्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,893.16 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

एशिया के अन्य बाजारों में चीन के शंघाई कंपोजिट में गिरावट रही जबकि हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुआ। वहीं जापान और दक्षिण कोरिया के बाजार नए साल की छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोप के अधिकांश बाजार तेजी के साथ बंद हुए। अमेरिकी शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.46 प्रतिशत बढ़कर 74.34 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 450.94 अंक गिरकर 78,248.13 और एनएसई निफ्टी 168.50 अंक नुकसान के साथ 23,644.90 पर बंद हुआ।

मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे टूटकर 85.65 (अनंतिम) के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी की भारी निकासी और वैश्विक बाजारों में डॉलर के मजबूत होने से साल का अंत 3 प्रतिशत की तीव्र गिरावट के साथ हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि ब्याज दरों में कटौती के बारे में फेडरल रिजर्व के सतर्क रुख और डॉलर इंडेक्स और अमेरिकी 10-वर्षीय बांड प्रतिफल में बढ़ोतरी के कारण ÷ट्रम्प फैक्टर÷ के कारण रुपया लगातार दबाव में है।

# सोना 2025 में भी रिकॉर्ड छलांग के लिए तैयार, वैश्विक संकेतों से भाव 90 हजार तक पहुंचने का अनुमान

**नई दिल्ली।** सुरक्षित निवेश के रूप में सोने का भाव नए साल में भी रिकॉर्ड स्तरों तक पहुंच सकता है। कीमतें 85,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती हैं। अगर भू-राजनीतिक तनाव



और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताएं जारी रहती हैं तो घरेलू बाजार में यह 90,000 रुपये के स्तर तक भी पहुंच सकता है। मौद्रिक नीति में नरम रुख और केंद्रीय बैंकों की खरीद से भी सोने में तेजी को मदद मिल रही है। हालांकि यदि भू-राजनीतिक संकट कम हो जाए, तो रुपये के मूल्य में गिरावट थमने के कारण कीमती धातु कमजोर पड़ सकती है। वर्तमान में हाजिर बाजार में सोने का भाव 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर वायदा कारोबार में 76,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल रहा है।

सोने ने 2024 में अपने नए शिखर पर पहुंचने के साथ मजबूत प्रदर्शन किया। दौरान घरेलू बाजार में सोने में 23 प्रतिशत रिटर्न दर्ज किया गया। 30 अक्तूबर को पीली धातु ने 82,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ। चांदी ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर गई। वैश्विक स्तर पर, कॉमेक्स सोना वायदा ने वर्ष की शुरुआत लगभग 2,062 डॉलर प्रति औंस पर की और 31 अक्टूबर को 2,790 डॉलर प्रति औंस के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिससे 28 प्रतिशत तक का रिटर्न मिला, जिससे वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सोने का आकर्षण मजबूत हुआ। विशेषज्ञों का मानना है कि भू-राजनीतिक तनाव, केंद्रीय बैंक की खरीद और प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में कमी की ओर रुख के कारण 2025 में भी कीमती धातुएं मजबूत प्रदर्शन करेंगी।

एलकेपी सिक्योरिटीज के वीपी रिसर्च एनालिस्ट- कमोडिटी एंड करेंसी, जतिन त्रिवेदी ने पीटीआई को बताया कि 2025 में सोने के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है, हालांकि 2024 की तुलना में विकास की गति धीमी हो सकती है।

## एक अप्रैल से आरटीजीएस और एनईएफटी में दिखेगा खाताधारक का नाम

**नई दिल्ली।** जल्द ही ऑनलाइन फंड ट्रांसफर सिस्टम जैसे आरटीजीएस और एनईएफटी के लिए जिस ग्राहक को राशि ट्रांसफर होगी, उसका नाम दिखेगा। इससे लेन-देन में गलतियों या धोखाधड़ी से बच सकेंगे। आरबीआई ने नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से कहा है, वह ऐसी सुविधा विकसित कर सभी बैंकों को इसमें शामिल करे। रिजर्व बैंक ने बताया, सभी बैंक जो रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) और नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (एनईएफटी) सिस्टम के सदस्य हैं, उन्हें एक अप्रैल से पहले यह सुविधा मुफ्त देनी होगी। फिलहाल यूपीआई व तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) में यह सुविधा मिलती है।

भारत का विदेशी कर्ज इस साल सितंबर में बढ़कर 711.8 अरब डॉलर पहुंच गया।?जून, 2024 के 29.6 अरब डॉलर की तुलना में यह 4.3 फीसदी अधिक है। सितंबर, 2023 अंत में देश पर 637.1 अरब डॉलर का विदेशी कर्ज था। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी भारत की तिमाही विदेशी कर्ज रिपोर्ट में कहा, सितंबर, 2024 में विदेशी ऋण और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का अनुपात बढ़कर 19.4 फीसदी पहुंच गया।?जून, 2024 में यह 18.8 फीसदी रहा था। सितंबर, 2024 की स्थिति के अनुसार भारत के विदेशी कर्ज में 53.4 फीसदी के साथ अमेरिकी डॉलर में ऋण की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही। इसके बाद भारतीय रुपया (31.2 फीसदी), जापानी येन (6.6 फीसदी), विशेष आहरण अधिकार (पांच फीसदी) और यूरो (तीन फीसदी) का स्थान रहा। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि केंद्र एवं राज्य सरकारों के साथ-साथ गैर-सरकारी क्षेत्र का बकाया विदेशी कर्ज सितंबर, 2024 के अंत में जून, 2024 की तुलना में बढ़ा है। बाह्य कर्ज में ऋण सबसे बड़ा घटक था। इसकी हिस्सेदारी 33.7 फीसदी थी। इसके बाद क्रमशः मुद्रा-जमा (23.1 फीसदी), व्यापार ऋण-अग्रिम (18.3 फीसदी) और ऋण प्रतिभूतियों (17.2 फीसदी) का स्थान रहा।

# 'सोनिक द हेजहोग 3' में नकल्स का किरदार निभाने पर इड्रिस एल्बा ने कहा- वह एक शानदार किरदार है

सोनिक द हेजहोग 3 का ट्रेलर आते ही फैंस में जबरदस्त जोश भर गया है! तेज़ रफ़्तार और रोमांच से भरपूर यह फिल्म दर्शकों को एक ऐसा अनुभव देने वाली है, जो पहले कभी नहीं देखा गया। इस बार सोनिक और उसकी तिकड़ी को अपने अब तक के सबसे बड़े चैलेंज का सामना करना है। अगर आप एडवेंचर और एक्शन के दीवाने हैं, तो तैयार हो जाइए, क्योंकि सोनिक द हेजहोग 3 ब्लॉकबस्टर धमाका करने आ रही है!



सोनिक द हेजहोग 3 में इड्रिस एल्बा नकल्स की आवाज़ के रूप में लौटे हैं। वह इस किरदार को निभाने को लेकर काफी उत्साहित हैं। एल्बा ने कहा, ÷नकल्स की दुनिया में वापस आना शानदार है। यह किरदार मुझे बेहद पसंद है। भविष्य में कोई और भी नकल्स की आवाज़ दे सकता है, लेकिन फिलहाल यह जिम्मेदारी मेरी है, और मैं इसे पूरी शिद्दत से निभा रहा हूं। नकल्स एक आइकॉनिक कैरेक्टर है और इसे निभाने में मज़ा आता है। यह खुशी की बात है कि हमने एक और फिल्म बनाई है और इसे सिनेमाघरों तक लेकर आ रहे हैं। साथ ही, अब हमारे पास एक टीवी शो [पैरामाउंट+ पर आने वाली नकल्स सीरीज़] भी है। पिछली फिल्म के बाद से मैं नकल्स और उसकी दुनिया को और बेहतर तरीके से समझने लगा हूं। पहली बार मैंने एकिडना शब्द का उच्चारण करने में काफी संघर्ष किया था, लेकिन अब यह इतनी आसानी से हो जाता है जैसे मैं नकल्स के किरदार में पूरी तरह से घुल-मिल गया हूं। यह वाकई एक शानदार अनुभव है।

सोनिक, नकल्स और टेल्स एक बार फिर साथ आएंगे, लेकिन इस बार उनका मुकाबला शैडो नाम के एक रहस्यमयी और ताकतवर विलेन से होगा। शैडो की शक्तियां इतनी खतरनाक हैं कि टीम सोनिक के पास उसे हराने के लिए नए रास्ते तलाशने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। इस कठिन चुनौती का सामना करने और ग्रह को बचाने के लिए उन्हें एक अनोखी और अप्रत्याशित साझेदारी करनी होगी। क्या सोनिक और उसकी टीम शैडो को रोकने में कामयाब होगी, या इस बार शैडो के आगे सब कुछ खत्म हो जाएगा

# कुशीनगर में नकाबपोश बदमाशों ने आभूषण व्यवसाई से लूटे 8 लाख

## दुकान बंद कर घर वापस आते समय बोधी छपरा के पास हुई लूट


पकड़िया बाजार में व्यवसाई के दुकान का जायजा लेते एसपी


घटना स्थल बोधी छपरा का निरीक्षण करते एसपी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** रामकोला थाना क्षेत्र में नकाबपोश बदमाशों ने एक आभूषण व्यवसाई को असला दिखाकर लाखों रुपए का सामान लूट लिए। इतनी बड़ी लूट के बाद पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। लूट की घटना को अंजाम देने के पुलिस के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा हो गया है। उधर व्यापारियों में दहशत का माहौल है। तहरीर के आधार पर पुलिस घटना का खुलासा करने में जुट गई है।

रामकोला थाना क्षेत्र के कुइयां गांव टोला लालचंद छपरा निवासी राजन वर्मा पुत्र गामा वर्मा नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के पकड़ियार बाजार में मां वैष्णव देवी ज्वेलर्स एवं बर्तन की दुकान खोला है। रोज की भांति सोमवार की रात दुकान बंद कर एक बैग में आभूषण व नगदी रुपए लेकर घर आ रहा था कि अभी वह रामकोला थाना क्षेत्र के बोधी छपरा गांव के समीप पहुंचा ही था कि नकाबपोश

**व्यापारियों में दहशत, खुलासा करने के लिए एसपी ने टीम गठित की**

बदमाशों ने एक पल्सर बाइक से आए और आभूषण व्यवसाई को असलहा दिखाकर बैग लेकर फरार हो गए। घटना करीब 11 बजे रात की बताई जा रही है। पीड़ित राजन के अनुसार बैग में 60 ग्राम सोना, ढाई किलो चांदी, कुछ कागजात व मोबाइल था जिसे बदमाश लूटकर फरार हो गए। इतनी बड़ी लूट की सूचना मिलते ही पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। पुलिस आनन फानन में घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़ी। पीड़ित के ताहिर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर खुलासा करने के लिए टीम गठित कर दी है। पीड़ित व्यक्ति के बताने के अनुसार करीब सात से आठ लाख रुपए का सामना लूटा गया है। उधर आभूषण व्यवसाई से लूट के बाद अन्य व्यापारियों में दहशत है। मंगलवार को एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने पकड़ियार बाजार पहुंचकर पीड़ित व्यक्ति राजन वर्मा के दुकान का जायजा लिया इसके बाद लूट वाले जगह पर पहुंचकर जानकारी लिया। इस संबंध में एसपी ने कहा कि घटना का खुलासा करने के लिए टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

### रात में चेकिंग व पुलिसिया गश्त के बाद भी अपराधियों पर अंकुश नहीं

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो) शकील अहमद।** एसपी के निर्देश पर जिले में विभिन्न थाना क्षेत्रों में रात दस बजे के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारियों द्वारा ड्यूटी में लगे कर्मियों की चेकिंग की जा रही है। इसके अलावा पुलिस अपने हल्का क्षेत्र में भी गश्त कर रही है ताकि अपराध पर अंकुश लगे। पुलिस के इतने हथकंडे अपनाने के बाद भी अपराधियों घटना को अंजाम दे रहे है। रामकोला थाना क्षेत्र में व्यवसाई के साथ हुई लूट की घटना पुलिस के लिए एक बानगी से कम नहीं है। चर्चा है कि जब रात में सीओ रैंक के अधिकारी संबंधित थाना क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों की जांच कर रहे है कि क्या वह ड्यूटी में तैनात है या नहीं। एसपी के इस अभियान से भी पुलिस अपने ड्यूटी से गायब मिल रहे है। रामकोला थाना क्षेत्र में व्यवसाई के साथ हुई लूट से लोग दहशत में है। पुलिसिया गश्त पर तरह तरह का सवाल उठा रहे है। उधर अपराधी ठंड का फायदा उठाकर जब चाहे छोटी बड़ी घटना को अंजाम दे दे रहे है। इतना जरूर है कि पुलिस गश्त का फोटो अपने अधिकारियों तक व्हाट्सएप ग्रुप में पहुंचा दे रही है, लेकिन जब घटना घट जाती है तो अफसरों के कान भी खड़े हो जाते है। रात्रि चेकिंग अधिकारी सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय द्वारा चेक किया गया तो थाना कसया क्षेत्र के गांधी चौक पिकेट पर पीआरडी रमाशंकर सिंह व कुशीनगर मेन गेट पिकेट पर हो.गा. प्रमोद कुमार शुक्ला तथा थाना हाटा पर रात्रि अधिकारी उ.नि. वीरेन्द्र यादव अनुपस्थित मिले जिनकी रपट अंकित कराई गई।

### जीजीआईसी में हुआ आईटी का व्याख्यान

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित जीजीआईसी में मंगलवार को आईटी का व्यवधान हुआ। समग्र शिक्षा द्वारा संचालित केंद्रपुरोनिधानित रिवाइज्ड व्यवसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत विद्यालय में आई टी /आईटीएस ट्रेड में नामांकित कक्षा 9 और 10 की छात्राओं को अतिथि विषय विशेषज्ञ पुष्पा यादव के माध्यम से अतिथि व्याख्यान कराया गया। अतिथि व्याख्यान के समय आई टी प्रशिक्षक श्रीनाथ शुक्ल प्रीती रेनू प्रियांशु अध्यापिका जररीन प्रधानाचार्या डा फूलकली गुप्ता मौजूद रही। प्रधानाचार्या ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्राओं के मनोबल में वृद्धि होती है और छात्राओं का भविष्य सुरक्षित और उज्जवल बनता है।ब्याख्यान कर रही पुष्पा यादव ने बताया कि शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में कम्यूटर ही डिजिटल इण्डिया को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण साधन है।

### मण्डल अध्यक्षों का कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी लार रोड के नवनियुक्त लगातार दूसरी बार मण्डल अध्यक्ष अभय सिंह विशेन का एवं सलेमपुर मण्डल अध्यक्ष पुनीत यादव का भाजपा कार्यकर्ताओ ने मुसैला, भरथुआ, पुरैना, महदहा, सलेमपुर एवं लार रोड मे स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह उत्सव नए नेतृत्व के साथ नए जोश और उत्साह का प्रतीक है, जो पार्टी को और मजबूती देगा। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष लार रोड अभय सिंह विशेन ने भाजपा के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि पार्टी युवाओं को जिम्मेदारी देकर विकास की दिशा में कदम बढ़ा रही है। मण्डल अध्यक्ष सलेमपुर पुनीत यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं की यह नई टीम पार्टी के संगठन को और मजबूत बनाएगी। स्वागत कार्यक्रम का नेतुत्व अतुल कुमार मिश्र,राकेश राजभर, अजीत कुमार मिश्र ने किया।

### एससी एसटी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन की हुई बैठक

**अमेठी।** एससी एसटी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक गौरीगंज में एक निजी भवन में हुई। बैठक में संगठन की वर्ष भर की गतिविधियों की समीक्षा की गई। संगठन की मजबूती के लिए संगठन से नये लोगों को जोड़ने पर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सेवानिवृत्त शिक्षक शिवहर्ष बौद्ध को संगठन का संरक्षक हरिश्चंद्र गौतम को जिला उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद को जिला सचिव और गुरुचरण गौतम और यशवंत निर्मल को जिला प्रचार मंत्री मनोनीत किया गया है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पवन कुमार गौतम और संचालन जिला महामंत्री आर एस चक्रवर्ती ने किया। वहीं अम्बेडकर सेवा समिति और वीरांगना झलकारी बाई चेतना समिति की ओर से तीन जनवरी को स्थानीय बाबा साहब डॉ अम्बेडकर पार्क में माता सावित्री बाई फुले की जयंती पर माल्यार्पण और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है।

# बहू ने ससुर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, पंचायत में ससुर ने काट दी उंगली

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक बहू ने अपने ससुर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। आरोप है कि ससुर ने बहू के साथ उसके कमरे में घुसकर दुष्कर्म किया। इसके बाद पंचायत में विरोध करने पर उसकी अंगुली काट दी। घटना के 15 दिन बाद पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना प्रभारी ने कहा जांच में आरोप सही पाए जाने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है। पीड़िता द्वारा पुलिस को सौंपी गई तहरीर के अनुसार, वह घर पर सास और ससुर के साथ रहती है। पति रोजी-रोटी के सिलसिले में परदेश गए

- **15 दिन बाद पीड़िता ने थाने में दी तहरीर, जांच में जुटी पुलिस**
- **नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला**

हैं। आरोप है कि बीते 15 दिसंबर को वह अपने कमरे में सोई हुई थी। तभी रात 12 बजे ससुर अंदर आ गया और उसका कपड़ा हटाने लगा तो नींद खुल गई।

जब शोर मचाने का प्रयास किया तो उसने मुंह दबाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि ससुर ने किसी को नहीं बताने की बात कही। किसी को भी घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। डरी-सहमी पीड़िता दो दिन बाद मायके पहुंची। इस दौरान उसे रोते व परेशान देख जब भाभी ने कारण पूछा तो उसने आपबीती बताई। इसको सुनकर मायके वाले दंग रह गए। इसके बाद 24 दिसंबर को पीड़िता को लेकर भाई व भाभी और उसके बहनोई ससुराल पहुंचे। फिर पंचायत बुलाई गई, जब पूछताछ करने का प्रयास किया गया तो ससुर ने नाराज होकर बकुआ से बहू के ऊपर हमला कर दिया और उसकी अंगुली काट दी। बीच बचाव करने आए पीड़िता के बहनोई के पैर पर भी प्रहार कर दिया। उसके हमले में भाभी का दांत टूट गया। घायलों ने पडरौना जिला अस्पताल से उपचार कराया। पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी नेबुआ नौरंगिया हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रकों की संख्या बढ़ाने के लिए किसानों ने किया प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** सेवरही चीनी मिल के पंसरवा स्थित गुरवलिया सेंटर पर ट्रांसपोर्टर की लापरवाही से छह ट्रकों के बदले सिर्फ चार ट्रकों से ही गन्ना की ढुलाई की जा रही है। इससे निर्धारित मात्रा से कम गन्ना खरीद होने से किसानों की गन्ना लदी गाड़ियों से कांटा परिसर में जाम की स्थिति हो गई है। दो-तीन दिन से तौल न होने से किसानों की गाढ़ी कमाई का गन्ना सूखने लगता है।

आक्रोशित किसानों ने मंगलवार को प्रदर्शन करते हुए तत्काल ट्रकों की संख्या बढ़ाने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। चीनी मिल द्वारा उक्त सेंटर से प्रतिदिन न्यूनतम 1300 क्विंटल गन्ना खरीदने का लक्ष्य निर्धारित है। ट्रांसपोर्टर को उक्त गन्ना को 6 ट्रकों के माध्यम चीनी मिल तक पहुंचाने का निर्देश है। लेकिन स्थिति यह है कि सेंटर पर क्रय शुरु होने के


गुरवलिया सेंटर पर विरोध प्रदर्शन करते किसान

बाद से आज तक सिर्फ चार ट्रकों के माध्यम से ही गन्ना की ढुलाई की जा रही है।

नतीजन ओवरलोड गन्ना ढुलाई के बावजूद रोज दस गाड़ियों की तौल नहीं हो पाती और मंगलवार को सुबह से बीस गाड़ियों की तौल होने के बाद भी दोपहर तक बिना तौले गाड़ियों की संख्या 70 पार कर गई थी। जबकि गन्ना लदी गाड़ियों का आना जारी था। कांटा इंचार्ज ओंकार यादव से पूछे जाने पर बताया कि गत चार दिनों से सोमवार तक क्रमशः 1180 क्विंटल, 1150 क्विंटल, 1013 क्विंटल व 978 क्विंटल गन्ना चीनी मिल को भेजा गया है।

1300 क्विंटल प्रतिदिन की अपेक्षा उक्त मात्रा में गन्ना तौल होने से कांटा पर जाम लगने व अपनी कीमती फसल सूखने से आक्रोशित किसानों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। किसान राजेश्वर उर्फ मुन्ना राय, पप्पू यादव, हरेंद्र राय, नंदू सिंह, अलाउद्दीन, रोहित शुक्ल, विद्या, शर्मा यादव, धर्मेंद्र यादव, ट्विंकल शुक्ल, साहब हुसैन, सूर्यनाथ यादव, वीरेंद्र यादव, दिनेश्वर यादव, भीखम सिंह आदि ने कहा कि ट्रांसपोर्टर की लापरवाही से समस्या खड़ी हुई है, यदि शीघ्र ही समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

### नगर के जर्जर विद्युत पोल से अनहोनी की आशंका

**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** तहसील मुख्यालय के नगर क्षेत्र के



प्रमुख सड़क मालवीय रोड में तमाम ऐसे विद्युत पोल है जो की जर्जर व क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और उस पर विद्युत सप्लाई जारी है जिस की अनहोनी की आशंका बनी हुई है नगर के नागरिकों का कहना है कि बिजली विभाग के कर्मचारियों के संज्ञान में यह है लेकिन अभी तक उसीअवस्था में है जबकि पोल है के बगल में नया पोल लगा है लेकिन उसे पर सप्लाई नहीं दिया गया है तमाम ऐसे पोल है जिस पर की नीचे से होल है और उसमें से धुआं निकलता रहता है जिससे कि लोगों के अंदर एक भय व्याप्त रहता है नागरिकों का कहना है कि जब विद्युत विभाग के संज्ञान में यह है और उसके बगल में और कुछ जगह पर उसके बगल में नया खंभा लगा हुआ है तो सप्लाई नहीं दी जा रही है और क्षतिग्रस्त पोल को हटा क्यों नहीं दिया जाता है जिससे कि अनहोनी की आशंका से बचा जा सके इस अवस्था में अगर किसी के साथ कुछ अनहोनी होती है तो इसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी संबंधित विभाग इस पर ध्यान दें और जनहित में उसे क्षतिग्रस्त खंभे को तत्काल हटाए क्योंकि हम नगर क्षेत्र का प्रमुख मालवीय रोड है।

### मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : संदीप पांडेय



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के खेरौना बाईपास के पास चन्द्रा मोहन मानव सेवा संस्थान की ओर से सोमवार को ठंड के मौसम में गरीब और जरूरतमंद लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष संदीप पाण्डेय उर्फ डब्बू के नेतृत्व में अमेठी भादर संग्रामपुर और भेंटुआ के गरीबों को कम्बल बांटे गए। संदीप पाण्डेय उर्फ डब्बू ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। हमारी कोशिश हमेशा यही रहती है कि समाज के गरीब और जरूरतमंद लोगों तक हर संभव मदद पहुंचाई जा सके। ठंड का मौसम उन लोगों के लिए बेहद कठिन होता है जिनके पास पर्याप्त साधन नहीं होते। ऐसे में यह कंबल वितरण कार्यक्रम उन लोगों को थोड़ी राहत देने का प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान मोहन पाण्डेय प्रदीप पाण्डेय अनिल मिश्र शिवा विनोद पाण्डेय रामचन्द्र मिश्र राहुल दुबे शोले सिंह बंटू पाण्डेय सूरज द्विवेदी विराट मिश्र विपिन दुबे विकास दुबे जगदंबा तिवारी आदेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

### प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी गुठनी का विदाई सह सम्मान

**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** गुठनी प्रखण्ड के प्रखण्ड शिक्षा



पदाधिकारी तारकेश्वर प्रसाद गुप्ता का विदाई सह सम्मान कार्यक्रम प्रखण्ड संसाधन केंद्र गुठनी में भव्य रूप से किया गया। जिसके मुख्य अतिथि राघवेन्द्र प्रताप सिंह जिला शिक्षा पदाधिकारी और अवधेश कुमार पाण्डेय जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रहे। कार्यक्रम में गुठनी, मैरवा और दरौली प्रखण्ड के शिक्षक और प्रधानाध्यापकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और अपने अपने उद्गार व्यक्त किये। डॉ कन्हैयालाल गुप्त ने सरस्वती वंदना और अपने भावों की अभिव्यक्ति दी।रुचिका राय शिक्षिका ने काव्य रचना से अपने भावों को व्यक्त किया। जिनमें राजकीय कृत मध्य विद्यालय सोहगरा के प्रधानाध्यापक डॉ कन्हैयालाल गुप्त, राजकीय मध्य विद्यालय सोहराई के रामजी गुप्ता, आदर्श मध्य विद्यालय गुठनी के दिनेश चौहान, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिस्वार के उमाशंकर कुशवाहा, प्राथमिक विद्यालय कुरमौली के व्यास राम, प्राथमिक विद्यालय विशुनपुरा के अखिलेश यादव, उत्क्रमित मध्य विद्यालय दमोदरा के ज्ञानेन्दु, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिहारी बुजुर्ग की वंदना कुमारी, विक्रान्त कुमार ठाकुर, अरुण गुप्ता, अजय गुप्ता, नंदलाल, सुनील कुमार, विक्की यादव, धीरेन्द्र कुमार मिश्र, सनोज कुमार, राजेंद्र भक्त, विनिता सिन्हा, अक्षय लाल,अनील यादव, अन्नु कुमारी, रामदुलार यादव, कन्हैया चौधरी, अंकित कुमार, नीतीश कुमार, इमाम अली,रामुगर ठाकुर, ऊषा सिन्हा आदि रहे।

### कंधो पर स्टार लगाकर बधाई दी गयी

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा द्वारा जनपद में नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के 09 पुलिस कर्मियों को कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-बी के पद पर पदोन्नत होने पर उनके कंधो पर स्टार लगाकर बधाई दी गयी। देवरिया अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा जनपद में तैनात 9 कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए अमित सिंह सीसीटीएनएस प्रभारी विजय कुमार थाना बघौचघाट,अजय कुमार चौहान एएचटीयू सीसीटीएनएस कार्यालय), ज्ञान प्रकाश ज्ञानी थाना रामपुर कारखाना बीर बहादुर वर्मा थाना बरहज सुशील कुमार थाना सुरौली अश्वनी वर्मा थाना तरकुलवा शिवम कुमार राय थाना कोतवाली तथा पवन कुमार (थाना मदनपुर) को कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी पद पर पदोन्नति पर स्टार लगाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी गयी।

# बुद्ध नगरी और रामकोला धाम का दर्शन कर नए वर्ष का करें आगाज


पनियहवां रेल पुल के नीचे बने पिकनिक स्पॉट


पनियहवां में सजी मछली की दुकान

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** नव वर्ष पर आज कुशीनगर में आने वाले श्रद्धालु को मुख्य मंदिर में भगवान बुद्ध की छठी शताब्दी की

**बुद्ध नगरी में हर वर्ष लगता है मेला, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी फोर्स**

प्रतिमा का दर्शन करने में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसके लिए जिला प्रशासन ने पूरी तरह से मुस्तैद है। रामा भार स्तूप और माथा कुंवर मंदिर परिसर भी खुला रहेगा। मुख्य मंदिर के बगल में स्थित बर्मी मंदिर में भी श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर सकेंगे। पूरे मेला क्षेत्र की सुरक्षा के लिए पुलिस फोर्स तैनात रहेगी। मंदिर क्षेत्र में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए


भगवान बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली

प्रशासन ने जगह-जगह बैरिकेडिंग लगा रखा है। ताकि मेला में कोई दुर्व्यवस्था न हो। सड़क पर हुडदंग करने वालो को साल के पहले दिन हवालात में रात गुजारना पड़ेगा। इसके लिए पुलिस प्रशासन भी पुरी तरह से सख्त है। इसी तरह रामकोला स्थित विश्व दर्शन मंदिर में एक साथ दुनिया के विभिन्न धर्मों व पंथों के प्रमुख देवी-देवता व महापुरूषों का दर्शन कर सकते हैं।

मंदिर क्षेत्र में लगने वाले नव वर्ष मेला की सभी तैयारियां पुरी हो चुकी है। कुशीनगर पुलिस चौकी से झुंगवा मोड़ तक सर्विस रोड पर पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी। किसी भी वाहन की पार्किंग हाइवे पर पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी।

### आकर्षक बना रेत पर पिकनिक स्पॉट

सबसे अधिक देखने योग्य स्थान रेत पर बना पिकनिक स्पॉट है। यहां पर पिकनिक मनाने आए लोगों को गंडक नदी में नौका विहार, स्नान के बाद धूप सेकने की व्यवस्था आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गंडक नदी के दो धाराओं के बीच रेत पर पिकनिक स्पॉट बनाया गया है। यहां पर आने वाले लोगों को बैठने, धूप में सेकने, नाश्ता, नदी में नौका विहार व स्नान की पूरी व्यवस्था की है। इसको देखते हुए इस वर्ष यहां पर सैलानियों की संख्या में बृद्धि के कयास लगाए जा रहे है। इसको देखते हुए प्रशासन भी अपनी तैयारी कर ली है।

### नव वर्ष को लेकर रूट डायवर्जन, भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित

नव वर्ष मेला को लेकर कुशीनगर में सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु कसया कस्बा में भारी वाहनों को रात 8 बजे तक वर्जित कर दिया गया है। पडरौना, रामकोला से कसया की तरफ जाने वाले वाहन बैरिया कांटा से बाई पास होते हुए एनएच-28 मार्ग से गंतव्य को जायेंगे।

हाटा से पडरौना के तरफ जाने वाले वाहन एनएच-28 से गोपालगढ़, बैरिया कांटा होते हुए गंतव्य को जायेंगे, सपहा नहर तिराहा (आदित्य होटल), देवरिया रोड ओवरब्रिज, बैरिया कांटा, विशुनपुरा तिराहा एनएच--28 से कोई भी भारी वाहन कसया कस्बे में प्रवेश नही करेगा। गोरखपुर/हाटा की तरफ से आने वाले वाहनों की पार्किंग लीलावती स्टेडियम (पार्किंग-1) पर की जायेगी। पडरौना, गांधी चौक की तरफ से आने वाले वाहनों की पार्किंग नवनिर्मित एयरपोर्ट सडक के बाये लेन (पार्किंग-2) पर की जायेगी। पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण, मीडिया कर्मी व ड्यूटी में लगे अन्य कर्मचारीगणों के चारपहिया वाहनों की पार्किंग बुद्धा इण्टर कॉलेज/डिग्री कालेज के मैदान (पार्किंग-3) में की जायेगी। गोपालगंज (बिहार) की तरफ से आने वाले वाहन गोपालगढ से सर्विस लेन से बायें मुड़कर देवरिया रोड अनिरुधवा मोड से होते हुए रामाभार स्तूप के पास निर्मित मैत्रेय हेलीपैड (कृषि विश्वविद्यालय) (पार्किंग-4) पर पार्क किए जायेंगे। देवरिया की तरफ से आने वाले वाहन अनिरुधवा मोड से होते हुए रामाभार स्तूप के पास निर्मित मैत्रेय हेलीपैड (कृषि विश्वविद्यालय) (पार्किंग-4) पर पार्क किये जायेंगे। विशुनपुरा तिराहे से झुंगवा मोड तक उत्तर दिशा की सर्विस रोड पर पार्किंग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी।

बुद्धा इण्टर कालेज से झुंगवा मोड़ तक दक्षिण दिशा के सर्विस रोड पर पार्किंग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। किसी भी वाहन की पार्किंग हाइवे/सड़क के किनारे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। निर्धारित पार्किंग स्थल के अन्यत्र वाहन खडा करने पर वाहन पर ई-चालान/सीजर की कार्यवाही की जायेगी।

### पनियहवां में पिकनिक स्पॉट सज-धज कर तैयार

#### गंडक नदी की चेपुआ, मांगुर, टेंगर आदि मछलियां है प्रसिद्ध

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** नववर्ष के स्वागत के लिए पनियहवा रेल पुल के नीचे पिकनिक स्पॉट सजधज कर तैयार है। नए साल के जश्न में सैलानियों का जत्था भ्रमण कर नए साल का शुरूआत अपने अंदाज में करते है।

पनियहवा चैराहे पर मछली की दुकान व बगहा-पनियहवा पुल के नीचे पिकनिक के लिए बैठने वाले नाव से नदी में भ्रमण, स्नान के बाद धूप सेकने की व्यवस्था हुई है। मछली भुजा के लिए दूर-दूर तक मशहूर पनियहवा में लोग जायका लेने जुटेंगे। इसके लिए सैकड़ों की संख्या में मछली की दुकान सज गई है। गंडक नदी की ताजी मछली और भुजा का स्वाद लेने के लिए सीमावर्ती जनपद महराजगंज, देवरिया, गोरखपुर व बिहार के हजारों लोग यहां पिकनिक मनाने आते हैं।

गंडक नदी की चेपुआ, मांगुर, टेंगर आदि प्रजाति की मछलियां दूर दूर तक प्रसिद्ध है। वही पिकनिक मनाने आए सैलानी विटीआर व बगहा का भी भ्रमण कर आनंद लेते है। सैलानी पनियहवा में मछली का आनंद उठा इन स्थानों भ्रमण करते है और पुल व अन्य स्थानों पर सेल्फी लेते है।

### जिला सैनिक बंधु बैठक का किया गया आयोजन

**देवरिया।** जिला सैनिक बंधु की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। देवरिया जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल डॉ. सुधाकर त्यागी (अ.प्रा.) ने किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, गणमान्य सदस्यों और भूतपूर्व सैनिकों का हार्दिक स्वागत करते हुए पिछली बैठक की कार्यवृत्ति का विवेचन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात, बैठक की विधिवत कार्यवाही प्रारंभ हुई। इस अवसर पर पूर्व सैनिक प्रभाकर मणि त्रिपाठी, राम प्रताप राय, अरविंद कुमार, महंत यादव सहित अन्य भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रमुख रूप से राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग से संबंधित प्रार्थना पत्रों पर व्यापक विमर्श किया गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु **ऑनलाईन (ई–टेंडरिंग)** के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम:** फेफना–औंड़िहार अनुभाग में पुल सं. 39 पर एचबीम स्लीपरों द्वारा मौजूदा स्टील चैनल स्लीपर का टीबीएसआर। **ई–निविदा सूचना सं.:** एनईआर–बीएसबी–2024–152; **अनुमानित लागत (₹):** 1,44,38,230/-; **अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी)(₹):** 2,22,200/-; **निविदा बंद होने की तिथि:** 23.01.2025; **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 09 माह। • निविदा सूचना संख्या एनईआर–बीएसबी– 2024–152 दिनांक 23.01.2025 को 14:30 बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबंधक/(इंजी०)
मुजाधि/डब्ल्यू–349 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई–निविदा सूचना संख्या | टीआरडी–21–सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–24 |
| कार्य का नाम | लखनऊ डिवीजन के मिशन रफ्तार के संबंध में अमौसी–मानक नगर सेक्शन में गति को 160/200 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के लिए ओ0एच0ई0 संशोधन कार्य का डिजाइन आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य एवं अमौसी–कानपुर सेक्शन पर 160/200 किलोमीटर प्रति घंटा गति बढ़ाने के लिए 2x25 के0 वी0 सिस्टम के लिए ओएचई संशोधन कार्य (शेष)'' |
| अनुमानित लागत | रु.14,02,91,797.13 |
| बयाना राशि | रु.8,51,500.00/– |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 24.01.2025 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद |
| प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन। |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चैक की जा सकती है। |
| पत्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नही है, जब तक कि वह |

निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नही करता: 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए: जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अंतिम दिन तक): ''कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो'' या ''कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो'' या ''कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो''। एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें।

**नोट:** इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं. –टीआरडी–21–सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–24 दिनांक: 27.12.2024
3985/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



डा. आर.पी. पाण्डेय
एम.एस. आर्थो
अमर ज्योति नर्सिंग होम
पचदेवरा, करछना, प्रयागराज
निवेदक -डा. के.के. शुक्ला

सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



अजीमुद्दीन उर्फ गुड्डू मौलवी
व्यवस्थापक
सफी नूरूद्दीन सेवा ट्रस्ट (रजि.)
पिपिरसा, नैनी, प्रयागराज

सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



सईदुर रब
समाजसेवी, बसपा नेता
पूर्व प्रत्याशी
सिराथू विधानसभा
कौशाम्बी

सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



राजबली जैसल
बीजेपी नेता
पूर्व विधायक
कोरांव

सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



डा. शौकत अली
एम.एच. सेवा ट्रस्ट (रजि.)
मेजा खास, प्रयागराज।

सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



नीरज उपाध्याय
समाजसेवी
ग्राम पंचायत - पांती
विकास खण्ड मेजा - प्रयागराज

सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



कुमार नारायन
समाजसेवी
पूर्व महासचिव
कायस्थ पाठशाला
प्रयागराज

सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



मो. हलीम अंसारी
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
पूर्व प्रत्याशी फूलपुर विधानसभा
प्रयागराज

सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं




हरिश्चंद्र सिंह पटेल
पूर्व ब्लॉक प्रमुख बहादुर पुर प्रयागराज

सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



अशोक गौतम
मंडल इंचार्ज
मिर्जापुर मंडल
बहुजन समाज पार्टी






सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



अतुल द्विवेदी
बीजेपी नेता, समाजसेवी
निदेशक शिखर ग्रुप प्रयागराज

सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



गीता पासी
सपा नेता
विधायक, सोरांव विधानसभा, प्रयागराज

सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



अफजाल मुजीब
समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी शहर दक्षिणी विधानसभा, प्रयागराज

सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



एस के मिश्रा
निदेशक
मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल प्रयागराज

सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



आर के ओझा
बीजेपी नेता
वरिष्ठ अधिवक्ता, पूर्व अध्यक्ष
इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन प्रयागराज

सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



मनोज पांडेय
समाजसेवी सपा नेता
फाफामऊ विधानसभा, प्रयागराज

सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



बृजेश पांडेय
समाजसेवी
पूर्व प्रदेश महासचिव अपनादल एस
प्रयागराज

# खाद आते ही खरीद केंद्रों में उमड़ी किसानों की भीड़

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा/सुमेरपुर।** भीषण गलन भरी ठंड में खाद को लेकर सुबह से ही किसान क्रय विक्रय केन्द्र पर लाइन लगाकर खड़ा हो गया। किसानों की कतार बढ़ता देख जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई जिसपर कोतवाली पुलिस ने क्रय विक्रय केन्द्र पहुंच कर किसानों को एक लाइन में खड़ा कर जाम खुलवा दिया और क्रय विक्रय केन्द्र पर पुलिस की तैनाती कर दी।

कस्बे के मलिकुआ चौराहा स्थित सरकारी क्रय विक्रय केन्द्र पर यूरिया खाद लेने के लिए किसानों की लंबी कतार तड़के ही लग गई, किसानों की लंबी कतार के चलते नगर के मुख्य चौराहा मलिकुआ में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई जिससे निकलने चलने वाले यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने किसानों की लाइन को सीधा करवातें हुए जाम खुलवा दिया गया जिससे आमजन ने राहत की सांस ली। गौरतलब हो की मलिकुआ चौराहा से नेशनल चौराहा के बीच अक्सर जाम स्थिति बनी रहती है जबकि पालिका ने लाखों रूपए खर्च कर चौड़ीकरण का कार्य तो किया है लेकिन नगर की प्रमुख समस्या जस की तस बनी हुई है। सुमेरपुर। यूरिया खाद का संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। समिति में यूरिया आते ही किसानों की भीड़ उमड़ पडती है। मंगलवार को क्रय विक्रय सहकारी समिति में यूरिया आते ही किसानों का रेला उमड़ पड़ा। सचिव को पुलिस बुलाकर वितरण करना पड़ा। दोपहर बाद यूरिया खत्म हो जाने पर तमाम किसान ठिठुरते हुए बैरंग लौट गए। बारिश के बाद यूरिया की डिमांड अचानक बढ़ गई है। उधर समितियों में तमाम प्रयासों के बाद पर्याप्त मात्रा में यूरिया नहीं आ पा रही है। मंगलवार को क्रय विक्रय सहकारी समिति में एक ट्रक यूरिया वितरण के लिए उपलब्ध हुआ। यूरिया आने की भनक मिलते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। किसानों के हो हल्ला करने पर सचिव को पुलिस बुलानी पड़ी। तब कहीं जाकर लाइन लगवाकर वितरण शुरू हो सका। दोपहर बाद यूरिया खत्म होने से तमाम किसान मायूस हुए।

# भारतीय किसान यूनियन हुआ सक्रिय

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जनपद में सितंबर माह 2024 से लेकर अब तक किसानों को प्राईवेट दूकानदारों ने खाद बीज आदि में मनमानी रेट लगा कर खुलेआम किसानों-मजदूरों को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई। और भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ज्ञापन के माध्यम से तहसील से लेकर जिले के आला अधिकारियों को अवगत कराया गया। व जिला प्रशासन द्वारा कोई संतोषजनक समाधान नहीं किया गया। हाल ही में हमारा किसान किसी तरह खेतों की बुआई आदि कर चुके हैं। तो इस समय जंगली गोवंशों बन रोझ एवं जंगली शूअर आदि से फसलें नष्ट हो जा रहीं हैं। और किसान रात दिन जान जोखिम में रखकर ठिठुरते हुए ठंड में हरी फसलें बचा रहे हैं। उपरोक्त समस्या को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक हमीरपुर के पदाधिकारियों ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया। पिछले एक माह से बराबर ज्ञापन दिया गया और कार्यवाही न होने पर अगामी 6 जनवरी 2025 को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक हमीरपुर द्वारा गोल चबूतरा हमीरपुर में धरना प्रदर्शन कर लक्ष्मी तिराहा नेशनल हाईवे पर रोड जाम करने की चेतावनी दी गई थी। व जिला अधिकारी महोदय हमीरपुर से सीधे वार्ता कर मामला को शीघ्र कार्यवाही किए जाने पर चर्चा की गई। जिसमें जिला अधिकारी महोदय ने गंभीरता से लिया।खण्ड विकास अधिकारी मौदहा को फोन कर शीघ्र उपरोक्त गौवंश को परछा इस्थाई गौशाला में संरक्षित किए जाने को लेकर अवगत कराया गया। साथ ही डीएम साहब भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक पदाधिकारियों को भी खण्ड विकास अधिकारी मौदहा से मुलाकात करने को कहा गया था। आज दिनांक 31 दिसंबर 2024 को समय 12 बजे भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने खण्ड विकास अधिकारी मौदहा से मुलाकात किया।व बीडीओ साहब ने भी इस विषय पर चर्चा करते हुए गंभीरता से लिया। और एक दो दिन में जंगली गौवंशों को संरक्षित किए जाने पर चर्चा हुई। साथ ही उन्होंने वन विभाग की टीम, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, एवं समस्त पीड़ित किसान आदि मिलकर सहयोग प्रदान किया जाएगा। जिसमें शिवपूजन निषाद भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक जिला अध्यक्ष हमीरपुर, जिला कोषाध्यक्ष एवं सलाहकार रज्जू प्रसाद कुशवाहा, तहसील अध्यक्ष मौदहा राजाराम निषाद, तहसील उपाध्यक्ष भुइयां दीन वर्मा, तहसील महासचिव अनिल कुमार शिवहरे एड, तहसील उपाध्यक्ष श् वाजिद अली, तहसील उपाध्यक्ष रामौतार कुशवाहा, ग्राम अध्यक्ष भैसता मोहन यादव, श्रीपाल एवं गया प्रसाद प्रजापति तथा विज्ञान प्रकाश त्रिपाठी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भव्य विशाल रामलीला व दंगल का हुआ आयोजन



**मौदहा हमीरपुर।** जनपद के ग्राम बड़ा लेवा में भव्य रामलीला एवं दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें दिनांक 30 दिसंबर को रात्रि में श्री रामजन्म, पुष्पवाटिका, ताड़का वध का आयोजन किया गया तथा मंगलवार 31 दिसंबर को धनुष यज्ञ एवं विशाल दंगल का आयोजन किया गया। मन्दिर के महंत द्वारा बताया गया कि विशाल दंगल में गौसयारी ग्राम के प्रधान असरार अहमद मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए उन के द्वारा भव्य दंगल का उद्घाटन किया। बताते चले कि असरार अहमद अपनें क्षेत्र में इतनें लोकप्रिय व हर धर्म का सम्मान करनें वाले व्यक्ति हैं कि अधिकांश धर्मिक आयोजनों में उन्हे आमन्त्रित किया जाता है। असर अहमद सदैव बिना जात धर्म के भेदभाव से लोगों की सेवा करते रहते है यही कारण है कि कि लगार दो बार से ग्राम प्रधान

### अतिक्रमण हटाने गई टीम को व्यापारियों के आक्रोश का करना पड़ा सामना



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे में लगभग दो महीने से अतिक्रमण हटाने का काम चल रहा है फिर भी व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण करने का सिलसिला जारी है।जिसके चलते अतिक्रमण हटाने गई नगरपालिका टीम को लोगों के कोप को शिकार होना पड़ा। जाम के झाम के नाम से जाना जाने वाला कस्बा मौदहा को नगरपालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने के साथ ही सड़क निर्माण कर लोगों को जाम के झाम से बचाने का भरसक प्रयास किया गया लेकिन नगरपालिका का अभियान टाएं टाएं फिस्स हो गया और नेशनल चौराहे पर जाकर अतिक्रमण के पहिए रुक गए। हालांकि नगरपालिका ने पहले चरण में मलीकुआ चौराहा से नेशनल चौराहे तक अतिक्रमण हटाकर सड़क बनवा दी थी लेकिन फिर से अतिक्रमणकारियों ने नालियों पर अतिक्रमण कर लिया था जिसे हटाने के लिए नगरपालिका की टीम पहुंची तो व्यापारियों और नगरपालिका के जिम्मेदारों के बीच तीखी बहस हुई जिसके बाद नगरपालिका टीम ने कोतवाली पुलिस को बुलाया।इस दौरान अतिक्रमणकारियों ने व्यापारी एकता जिन्दाबाद और नगरपालिका मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। यहां सबसे रोचक बात यह है कि पूरे अतिक्रमण हटाने के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष नजर नहीं आए जिसके बाद व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने नगरपालिका अध्यक्ष से मुलाकात भी की।

### न्यायालय के आदेश पर सड़क हादसे का मामला दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** ई-रिक्शा चालक ने सड़क पर जा रहे अधेड़ को जोरदार टक्कर मारी दी जिससे युवक का पैर टूट गया। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की थी लेकिन न्याय न मिलने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ले और न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। बिवार थाना क्षेत्र के ग्राम सायर निवासी किशन पुत्र गंगादीन ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया की वह 2 जुलाई को रात में बस स्टैंड से घर की ओर जा रहा था तभी पीछे से रामकुमार पुत्र कल्लू प्रजापति तेज रफ्तार ई-रिक्शा में आ रहा था तभी उसने जोरदार टक्कर मारी दी जिससे मुझे प्रार्थी का कमर से पैर टूट गया और मैं वहीं पर बेहोश हो गया। इलाज़ के लिए बांदा अस्पताल में भर्ती जहां पर इलाज हुआ। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई लेकिन न्याय न मिलने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली, जिसपर न्यायालय के आदेश से बिवार पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 व 281 के तहत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### नए वर्ष पर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक चौबंद



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** नए वर्ष को लेकर जिला प्रशासन चुस्त दुरुस्त की तैयारी 12 टूरिज्म स्थल व 6 धार्मिक स्थलों को लेकर बधाई सुरक्षा व्यवस्था। एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह ने बताया कि नए वर्ष को लेकर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के दिशा निर्देश के क्रम में सभी टूरिज्म स्थल व धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई वहीं थाना प्रभारी को चौकी प्रभारी हल्का प्रभारी को करें दिशा निर्देश दिए गए किसी भी प्रकार से लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त। एडिशनल एसपी ने बताया कि इसके अतिरिक्त पुलिस लाइन से पुलिस तैनात की गई है वहीं एल आई यू इंटेलिजेंट सहित अन्य टीम में भी लगाई गई हैं देर रात्रि से अगले दिन शाम तक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अगस्त व टिकट ड्यूटी यातायात पुलिस द्वारा निगरानी को दिए गए हैं आवश्यक दिशा निर्देश।

### कबीर स्व लोक बंधु राज नारायण की सपाईयों ने मनाई पुण्यतिथि



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहार यादव ने बताया कि भारतीय राजनीति के कबीर स्व0 लोक बंधु राज नारायण की पुण्यतिथि जिला पार्टी कार्यालय सोनभद्र पर मनाते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए शत-शत नमन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि भारतीय राजनीति के कबीर लोक बंधु राज नारायण एक ऐसे राजनीतिज्ञ थे उन्होंने अपने जीवन काल में सत्ता के लिए कभी राजनीति नहीं किया राजनारायण एक नाम नहीं इतिहास है। उदार समाजवादी नेता थे। राज नारायण जी हमेशा आम आदमी का हित चाहते थे। जनता के हित के लिए उन्होंने आजीवन संघर्ष किया।स्वार्थी तथा सत्ता उन्मुखी सियासी धारा को जिस तरह से उन्होंने परोपकारी राजनीतिक दरिया के रूप मे परिणत करने की भगरिथ कोशिश की उसी के बल पर जम्हूरि इतिहास में उन्होंने अपना नाम स्वर्णक्षरों में अंकित कर लिया। संगोष्ठी में मुख्य रूप से अशोक पटेल अनिल प्रधान संतोष यादव विष्णु कुशवाहा शौर्य त्रिपाठी मनोज यादव के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एस एस पी ने सम्मान देकर उज्जवल भविष्य की कामना कर भावभीनी विदाई दी



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** पुलिस विभाग मे सेवा देकर अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए एक पुलिस उपाधीक्षक, 06 उ0नि0 एवं01 मु0आ0 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा स्मृति चिन्ह, घड़ी, प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंट कर भावभीनी विदाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई सहायता होने पर निसंकोच संपर्क करने के लिए आश्वस्त किया। सेवानिवृत्त हुए अधि./ कर्मचारी पुलिस उपाधीक्षक राजबहादुर सिंह। उ.नि.राकेश बाजपेयी। उ.नि.राकेश कुमार मिश्रा। उ.नि. उदयभान सिंह। उ.नि.विजय शंकर। उ.नि.जगतपाल सिंह। रेडियो उ.नि.प्रदीप कुमार यादव मु.आ.चालक राकेश बाबू। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, पुलिस के अन्य अधि./कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### फैशन वीक का हुआ आयोजन



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** आगरा होटल लेमन ट्री में पिलेटनम प्रोडेक्सन ने डेस्टेनेशन वैलफैयर के साथ मिलकर फैशन का जलवा फैशन वीक का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में इटावा के बच्चों ने भी भाग लिया इस शो में सेलैविटीरहे गियान प्रकाश जो कि कई फिल्मो में काम किया है और जनपद का नाम रौशन किया। आगरा में इस इवैन्ड में इटावा ब्रेन्ड ने निभाया साथ जैसे रोकी हेयर पेच (विजय नगर)साथ फैरे इटावा, इरोज सलून, जोन शन टेलर इटावा। इस इवेन्ट मे मॉडल कि भूमिका निभाई राज, कार्तिक , समीर मार्क, प्रिंस सोनी, चंचल भदोरिया, खुशी ठाकुर, खुशी यादव , सोहिल खान, पायल यादव, समीर अहमद, सोना ठाकुर, दिव्या, प्रियांशु दक्स फैजान राज , वेदान्त, प्राची, रिया यादव अनामिका, दानिश , इवैनट में वी आई पी गेस्ट रहे मनोज कुमार, निशकर तिवारी, ऐन्ड रोकी सर ओर टीम मैमवर रहे समीर शेख, तालिव, रेहान, इस कोनसेप्ट को जैद खान ओर रिजवान शेख के द्वारा कराया गया। उक्त जानकारी शो के मीडिया प्रभारी सुहेल खान ने दी।

### हैण्डबॉल प्रतियोगिता 2 जनवरी को ज्योतिबाफुले स्टेडियम इटावा में सुबह 9 बजे से होगी



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** जनपद प्रदर्शनी के तत्वावधान में आयोजित होने वाली हैण्डबॉल प्रतियोगिता (महिला व पुरूष)तथा एथलेटिक्स प्रतियोगिता(महिला व पुरूष) 2 जनवरी 2025 को ज्योतिबाफुले स्टेडियम इटावा में सुबह 9 बजे से होगी। जिसमें हैण्डबॉल प्रतियोगिता ओपन स्तर की व एथलेटिक्स प्रतियोगिता इंटर कॉलेज स्तर की होगी जिसमे उन्नीस वर्ष के बालक व बालिकाएं भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को अपना आधार कार्ड व विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा हस्ताक्षरित सूची साथ लाना आवश्यक है। स्पोर्ट्स कॉलेज के बच्चे प्रतियोगिता में प्रतिभाग नही कर सकते है। उक्त जानकारी प्रतियोगिता संयोजक गौरव पाठक व प्रमिला पाठक ने दी है।

### नव वर्ष पर हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** कोतवाली प्रभारी नवागत इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने चार्ज संभाला और जनता से अपील की है कि नया साल हर्षोल्लास शान्तिपूर्ण तरीके से मनाए। नव वर्ष पर हुड़दंग न मचाये न ही चौराहे पर जमावड़ा न लगाए, शराब पीकर वाहन न चलाये साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे शहर में रात को पुलिस गश्त कर लोगों पर निगाह रखेगी। किसी अराजकतत्व को शहर में हुड़दंग करते पाया गया तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने नवयुवकों के माता-पिता से अपील की है कि नव वर्ष पर अपने बच्चों को घर पर ही मनाने के लिए प्रेरित करें नव वर्ष में जल्द बाजी में बाहर पार्टी करने से अनहोनी एक्सीडेंट की सम्भावना बढ़ जाती है।

### रामगढ़ की टीम ने 13 रनों से मैच जीता

**सोनभद्र।** विधायक खेल महाकुंभ 2024.25 के आज छठवें दिन क्रिकेट मैच का पहला मुकाबला चुनार और रामगढ़ के बीच,भाजपा के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल के द्वारा टॉस करा कर मैच का शुभारंभ किया गया , चुनार की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण करने का निर्णय लिया रामगढ़ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में.9 विकेट खोकर 150 रनों का स्कोर खड़ा किया रामगढ़ की तरफ से शशिकांत ने 33 गेंदों का सामना कर 4 चौके और 2 छक्के की मदत से 44 रनों की पारी खेली , चुनार के गेंदबाज अंशु ने 35. रन देकर 2 विकेट चटकाए जवाब में चुनार की टीम ने स्कोर का पीछा करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खो कर 137 रन ही बना सकी, रामगढ़ की टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए 13 रनों से मैच को जीत कर आगे के मैच में अपनी जगह पक्की कर ली है चुनार की तरफ से चंचल यादव ने 77 रनों की पारी खेली फिर भी अपने टीम को जीत नहीं दिला सके रामगढ़ की तरफ से सत्यप्रकाश दुबे ने अपनी टीम को जीत दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए 18 रन देकर शानदार 3 विकेट चटकाए अतः सत्यप्रकाश दुबे को ,भाजपा नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा रूबी प्रसाद के द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया दिया गया।

# जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो गया पंडाल

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** नगर के आरटीएस क्लब मैदान में चल रहे हैं श्री रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ के आठवें दिन श्री राम दरबार का भव्यता के साथ श्रृंगार किया गया इसके पश्चात मुख्य व्यास श्री सूर्य लाल मिश्र एवं भूदेव ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और यहां से ही आठवें दिन की पाठ की शुरुआत हुई जिसमें रावण वध का प्रसंग हुआ। मुख्य आचार्य सूर्यलाल मिश्र के मुखारविंद से जैसे ही याद दोहा प्रसारित हुआ ङ्क खैची सरासन श्रवन लगी छाडेड़ सर एकतीस। रघुनायक सायक चले मानहूब काल फ़ीस।। भगवान श्री राम कान तक धनुष को खींचकर 31 बाण छोड़े वह बाण ऐसे चले मानो कालसर्प हो और इन बाणो ने दशानन के नाभि के अमृत कुंड को सोख और वह पृथ्वी पर गिर पड़ा। देखकर देवताओं, मुनियों, किन्नरों गंधर्वो के समूह भगवान श्री राम के ऊपर फूल बरसाने लगे कहते हैं कृपालु की जय हो, मुकुल की जय हो जय हो। इस भव्य मनोरम दृश्य को देखकर मानस पंडाल में उपस्थित भक्तजनों ने भगवान श्री राम की जय हो का लगगनभेदी उद्घोष किया और इस अवसर पर पटाखे छोड़े गए, भगवान श्रीराम की भव्य झांकी का दर्शन कर भक्तो आध्यात्मिक आनंद उठाया इस आनंदमई बेला में भगवान श्री राम पर पुष्पों की वर्षा की गई। इसके पूर्व लंकापति रावण ने उपस्थित भूदेव की परिक्रमा किया और राम रावण संवाद बड़े ही रोचक ढंग से संपन्न हुई। वही एक दिन पूर्व रात्रि प्रवचन में प्रसिद्ध कथावाचक नीरज भैया ने हनुमान जी की भगवान राम से मिलन की एवं राम सुग्रीव की मित्रता की कथा एवं अशोक वाटिका में सीता जी द्वारा अग्नि माने जाने पर हनुमान द्वारा श्री राम की दी हुई अंगूठी के देने की कथा सुनाई गई। इस अवसर पर महामंत्री सुशील पाठक, अध्यक्ष सत्यपाल जैन,रतन लाल गर्ग, शिशु त्रिपाठी, नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद, सुशील सिंह, इंद्रदेव सिंह, संजय तिवारी, अनिल दुबे, अजय सिंह ए एन सिंह संगम गुप्ता,पप्पू शुक्ला महेश दुबे, राहुल पाठक, मन्नू पांडे, चंदन चौबे, प्रशांत जैन, हर्षवर्धन, विमलेश पटेल, शुभम शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# जिला क्षय रोग नियंत्रण केंद्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में चलाए जा रहे 100 दिवसीय टीबी अभियान के अंतर्गत जिला क्षय रोग नियंत्रण केंद्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया एवं टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरित की गई। उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.गीता राम, जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ शिवचरण हेंब्रम के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा प्रधानमंत्री जी के द्वारा 2025 तक टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए जनपद में 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत जगह-जगह स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर जोखिम आवादी की स्क्रीनिंग और एक्स-रे व बलगम की जांच कराई जा रही है। टीबी रोग की पुष्टि होने पर उन्हें तत्काल निःशुल्क इलाज की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही है उन्होंने टीबी रोगियों को पोषण पोटली भी वितरित की।

कार्यक्रम में सीएमओ ने कहा कि जोखिम आवादी की स्क्रीनिंग की जा रही है ताकि जल्द से जल्द टीबी रोगियों की पहचान कर उन्हें इलाज पर लाया जा सके। शासन की मंशा के अनुरूप टीबी मरीजों को गोद लेने के क्रम में समृद्धि हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.सरिता कुशवाहा के द्वारा निश्चय मित्र बनकर 20 टीबी मरीजों को गोद भी लिया गया और पोषण पोटली वितरित की गई। इस अवसर पर भाजपा कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया एवं डॉ आनंद कुशवाहा डॉ सोहम गुप्ता डीपीसी कंचन तिवारी जिला पीपीएम समन्वयक निर्मल सिंह स्टोर इंचार्ज गौरव पोरवाल, डीपीटीसी अनस सुलेमान, एसटीएस हिमांशु कुमार, अनिल कुमार, आशुतोष कुमार, आलोक, अवधेश, फार्मासिस्ट विशाल स्नातक, प्रधान सहायक सत्येंद्र कुमार चंदेल टीम लीडर अरुण कुमार वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### वीरेंद्र जनपद में 2 व 3 जनवरी को प्रवास कर रणनीति पर चर्चा करेंगे

**इटावा।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्या ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा संगठन पर्व के निमित्त संगठनात्मक चुनाव की दृष्टिगत पूर्व राज्यमंत्री व पूर्व प्रदेश मंत्री व जिला चुनाव अधिकारी वीरेंद्र तिवारी जनपद इटावा में 2 व 3 जनवरी को दो दिवसीय प्रवास कर आगामी रणनीति पर चर्चा करेंगे। दो दिवसीय प्रवास के दौरान जिला चुनाव अधिकारी वीरेन्द्र तिवारी 2 जनवरी 2025 दोपहर 12:30 बजे भाजपा जनपद कार्यालय पहुंचेंगे। तदोपरांत संगठन पर्व में लगे जिला सह-चुनाव अधिकारियों व मण्डल चुनाव अधिकारियों के साथ व्यक्तिगत भेंटवार्ता एवं संपर्क करेंगे। 3 जनवरी 2025 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की उपस्थिति में पूर्व सांसद, विधायक एवं पूर्व विधायक, पूर्व विधानसभा एवं लोकसभा प्रत्याशी, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष, चार मण्डल अध्यक्ष (इटावा प्रथम, इटावा द्वितीय, बकेवर व बसरेहर द्वितीय), नव-निर्वाचित मण्डल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधियों से भेंटवार्ता एवं संपर्क करेंगे।

# युवा कार्यकर्ता विनय श्रीवास्तव बने भाजपा के नये मंडल (शहर) अध्यक्ष

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** भारतीय जनता युवा मोर्चा सोनभद्र के जिला महामंत्री विनय श्रीवास्तव को भारतीय जनता पार्टी मेन विंग के लिए सोनभद्र शहर का मण्डल अध्यक्ष घोषित किया गया है। जनपद सोनभद्र के नामचीन समाजसेवी एवं युवा भाजपा नेता विनय श्रीवास्तव अल्पायु से ही जनहित के मुद्दे पर संघर्ष करते रहे हैं। यहां आपको बताते चलें कि बसपा एवं सपा सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ विनय श्रीवास्तव समय समय पर धरना प्रदर्शन कर जनजागरूकता को धार देते रहे हैं। प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडे की संस्तुति उपरांत इस जुझारू एवं कर्मठ भाजपा कार्यकर्ता विनय श्रीवास्तव को जिला सोनभद्र के राबर्ट्सगंज का मण्डल अध्यक्ष नामित किया गया। इससे पहले विनय श्रीवास्तव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं भाजपा के अनुसांगिक इकाईयों में विभिन्न पदों पर रहते हुए अपनी सेवायें दे चुके हैं। 2010 से 2013 तक विनय श्रीवास्तव ने हिन्दू जागरण मंच का जिलाध्यक्ष रहते हुए अपनी संघर्ष शीलता का अद्भुत परिचय दिया था। तक़रीबन 1998 से ही उन्होंने सक्रिय राजनीति में अपना दमखम दिखाना शुरू कर दिया था। आरएसएस के प्राथमिक संघ से शाखा कार्यवाह तक अपनी कार्यशैली की छाप छोड़ते रहे। 2010 से 2013 तक हिन्दू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष रहते हुए सराहनीय कार्यों को अंजाम दिया।

2008 से 2010 तक हिन्दू जागरण मंच के नगर अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने सपा सरकार की कुरीतियों और भ्रष्टाचार को लेकर ज़ोरदार धरना प्रदर्शन भी किया। इस दौरान उन्हें पुलिस की लाठियां भी खानी पड़ी परन्तु निर्भीकता के साथ जनहित के मुद्दे को लेकर अपनी आवाज़ बुलंद करते रहे। इस पर भी सपा सरकार जब उनके तेवर को ढीला नहीं कर पाई तो उनपर तमाम फर्जी मुकदमें लाद दिए गए।


सपा सरकार में खनन माफियाओं द्वारा सिंडिकेट बनाकर अवैध खनन एवं परिवहन का व्यापक खेल खेला जा रहा था, इस मुद्दे को लेकर विनय श्रीवास्तव ने जमकर धरना प्रदर्शन किया। गंभीर मुद्दे पर उग्र प्रदर्शन करते हुए विनय श्रीवास्तव लगातार धरना प्रदर्शन करते रहे सपा सरकार की कार्यशैली से नाराज़ जनता जब भी विरोध का स्वर बुलन्द करती थी, तो उसकी अगुवाई करने विनय श्रीवास्तव सामने आ जाते थे। इस को लेकर पुलिस इतना ऐक्टिव हो गयी थी कि अधिकांश मामलों में उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया जाता था। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र की जानिब से उनके घर के बाहर दिन रात पुलिस का कड़ा पहरा बैठा दिया जाता था। ताकि विनय श्रीवास्तव के बगैर जनता की आवाज़ को जल्दी शांत कराया जा सके। लेकिन इसके बाद भी जनहित के मुद्दों पर सपा सरकार के ख़िलाफ़ वह निरन्तर आन्दोलन करते रहे हैं। विनय श्रीवास्तव ने संघ एवं भाजपा के लिए समय समय पर दिए गए दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वाहन किया। बेदाग साफ सुथरी छवि के चलते उन्हें मण्डल अध्यक्ष नामित किया गया। जुझारू एवं संघर्षशील नेता विनय श्रीवास्तव को अध्यक्ष बनाये जाने पर जनपद सोनभद्र की जनता में हर्ष की लहर दौड़ गई। राबर्ट्सगंज स्थित उनके आवास पर मुबारकबाद पेश करने वालों का तांता लगा हुआ है। स्थानीय लोगों का मानना है कि विनय श्रीवास्तव के मण्डल अध्यक्ष बनने से भारतीय जनता पार्टी पहले से भी ज़्यादा सशक्त होकर उभरेगी।





इटावा। नव वर्ष 2025 को लेकर शहर के नया शहर चौराहे पर सज कर तैयार फूलों की दुकानों पर रात्रि को फूलों व बुके की खरीदारी करते लोग।


सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष
2025
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
दीपक पटेल
समाजसेवी बीजेपी नेता
विधायक, फूलपुर विधांनसभा प्रयागराज


सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष
2025
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
डॉ सुशिल सिन्हा
अध्यक्ष कायस्थ पाठशाला
प्रयागराज


सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष
2025
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
भाजपा
प्रवीण पटेल
बीजेपी नेता
सांसद, फूलपुर लोकसभा, प्रयागराज


सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष
2025
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
समाजसेवी, व्यवसाई
विदुप अग्रहरि
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन, उ.प्र.
राष्ट्रीय अध्यक्ष - अग्रहरि समाज (रजि०)